SRIMANTA SANKARADEVA UNIVERSITY
OF
HEALTH SCIENCES
(A State University of Govt. of Assam)

ADOPTED BY SSUHS FROM

INDIAN NURSING COUNCIL, NEW DELHI

REVISED REGULATIONS AND CURRICULUM FOR B.Sc. (NURSING) PROGRAM, REGULATIONS, 2020

9/4/2024

Registrar (Academic)
SRIMANTA SANKARADEVA UNIVERSITY
OF HEALTH SCIENCES, ASSAM, INDIA

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06072021-228130
CG-DL-E-06072021-228130

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 275] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 5, 2021/आषाढ़ 14, 1943
No. 275] NEW DELHI, MONDAY, JULY 5, 2021/ASHADHA 14, 1943

भारतीय उपचर्या परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 जुलाई, 2021

[भारतीय उपचर्या परिषद् {बी.एससी. (नर्सिंग) कार्यक्रम के लिए संशोधित नियम एवं पाठ्यक्रम}, विनियम, 2020]

फा.सं. 11–1/2019–आईएनसी:–समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) की धारा 16(1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय उपचर्या परिषद् एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, यथा :–

लघु शीर्षक और प्रवर्तन

i. ये विनियम भारतीय उपचर्या परिषद् {बी.एससी. (नर्सिंग) कार्यक्रम के लिए संशोधित नियम एवं पाठ्यक्रम}, विनियम, 2020 कहे जाएंगे।

ii. ये विनियम भारत के राजपत्र में इनकी अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होंगे।

परिभाषाएं

इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

i. 'अधिनियम' का अभिप्राय समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) से है;

ii. 'परिषद्' का अभिप्राय 1947 के अधिनियम के तहत गठित भारतीय उपचर्या परिषद् से है;

iii. 'एसएनआरसी' का अभिप्राय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किसी भी नाम से गठित तथा बोली जाने वाली राज्य उपचर्या एवं प्रसाविका पंजीकरण परिषद् से है;

iv. 'बी.एससी. (नर्सिंग)' का अभिप्राय परिषद् द्वारा अधिनियम की धारा 10 के तहत स्वीकृत तथा अधिनियम की अनुसूची के भाग–II में शामिल 4–वर्षीय बी.एससी. (नर्सिंग) स्नातक प्रशिक्षण से है;

v. 'प्राधिकरण' का अभिप्राय बी.एससी. (नर्सिंग) उपाधि प्रदान करने के लिए परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त तथा अधिनियम की अनुसूची के भाग–II में शामिल एक विश्वविद्यालय या निकाय से है, जो किसी अधिनियम के तहत स्थापित किया गया हो;

vi. 'स्कूल ऑफ नर्सिंग' का अभिप्राय जीएनएम पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान करने वाले एक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान है;

vii. 'कॉलेज' का अभिप्राय बी.एससी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान करने वाले एक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान है;

viii. 'सीएनई' का अभिप्राय आरएन एंड आरएम/आरएएनएम/आरएलएचवी द्वारा प्रत्येक 5 (पांच) वर्ष के पश्चात पंजीकरण के नवीनीकरण हेतु आवश्यक रूप से की जाने वाली सतत नर्सिंग शिक्षा से है।

I. कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

बी.एससी. नर्सिंग स्नातक कार्यक्रम एक चार–वर्षीय पूर्णकालिक कार्यक्रम है जिसमें आठ सत्र हैं, जो किसी भी सार्वजनिक/सरकारी या निजी स्वास्थ्य सेवा स्थापना में नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास करने के लिए बी.एससी. नर्सिंग स्नातक तैयार करता है। इसमें प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के अनुसार क्रेडिट पद्धति तथा सत्र प्रणाली को अपनाया गया है जिसमें व्यावसायिक शिक्षा के लिए उपयुक्त छोटे–मोटे संशोधन हाइब्रिड फॉर्म में किए गए हैं। कार्यक्रम में मौलिक, मूलभूत एवं वैकल्पिक पाठ्यक्रम शामिल किए गए हैं। विकल्प आधारित प्रणाली केवल वैकल्पिक पाठ्यक्रम पर लागू होती है और मॉड्यूल के रूप में पेश की जाती है। मौलिक और मूलभूत पाठ्यक्रमों में भी मॉड्यूलर अध्ययन को अनिवार्यतः समेकित किया गया है।

कार्यक्रम के तहत नर्सों और दाईयों को सामान्य नर्सिंग अभ्यास के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें मिडवाइफरी अभ्यास भी शामिल है। नर्सिंग अभ्यास के लिए स्वास्थ्य, स्वास्थ्य संवर्धन, रोग, रोग प्रबंधन और मरणासन्न की सेवा से संबंधित ज्ञान अर्जन अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जिसका मुख्य फोकस दक्षताओं की महारत हासिल करना है। छात्रों को नर्सिंग अभ्यास (नर्सिंग और मिडवाइफरी) से संबंधित ज्ञान अर्जन के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के कौशलों की एक पूरी श्रृंखला सीखने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। यह सब कौशल प्रयोगशाला/सिम्युलेटेड प्रयोगशाला और नैदानिक वातावरण में अध्ययन कर प्राप्त किया जाता है। वास्तविक अभ्यास शुरू करने से पहले, उन्हें क्षमता विकास में सक्षम बनाने के लिए सिम्युलेशन को व्यवहार्य तरीके से पूरे पाठ्यक्रम में समेकित किया जाएगा।

संशोधित पाठ्यक्रम में सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान निपुणता और स्व–निर्देशित अध्ययन को एकीकृत कर योग्यता एवं परिणाम–आधारित दृष्टिकोण को अपनाया गया है। परिवर्तनकारी और संबंध आधारित शैक्षिक दृष्टिकोण पर जोर दिया जाता है। छात्र, शैक्षिक प्रक्रिया के माध्यम से ज्ञान को आत्मसात व संश्लेषित करते हैं, तथा छिद्रान्वेशी विचार कौशल और सेवा रणनीति विकसित करते हैं। परिषद् के अभ्यास मानकों को प्रतिबिंबित करने वाली दक्षताओं में सांस्कृतिक विविधता, संचार प्रौद्योगिकी, दलीय कार्य और सहयोग, सुरक्षा, गुणवत्ता, चिकित्सीय मध्यवर्तन और साक्ष्य आधारित अभ्यास के क्षेत्रों को संबोधित किया गया है। उन्हें अपने सम्पूर्ण जीवन काल के दौरान रोगियों को सुरक्षित एवं सक्षम सेवा प्रदान करने और रोगी परिणामों को प्रभावित करने के लिए तैयार किया जाता है।

II. दर्शन

परिषद् का मानना है कि,

स्वास्थ्य और सुख ऐसी दो मौलिक अवधारणाएं हैं जिन्हें पूरे कार्यक्रम में समेकित किया गया हैं। स्वास्थ्य सुख की एक ऐसी स्थिति है जिसमें शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक आयाम शामिल हैं। सुख व्यक्ति के स्वास्थ्य की धारणा है और यह रोग की उपस्थिति तथा व्यक्ति की अनुकूलन क्षमता से प्रभावित होता है। स्वास्थ्य सभी लोगों का मौलिक अधिकार है। सभी को अपनी–अपनी समझ के अनुसार स्वास्थ्य अर्जित करने में सक्रिय भागीदार होने का अधिकार है। समाज में व्यक्ति, परिवार, समूह एवं समुदाय को अंतर्भूत करने वाली गतिशील और परस्पर प्रभाव डालने वाली प्रणालियां विद्यमान होती हैं। सांस्कृतिक विविधता, नस्ल, जाति, पंथ, सामाजिक–आर्थिक स्तर, धर्म, जीवन शैली, पर्यावरणीय बदलाव और राजनीतिक कारक इसे प्रभावित करते हैं। नर्स और दाईयां समाज में मानवों के बीच अंतर एवं जनसंख्या की विविधता को पहचानती भी हैं तथा उनका सम्मान भी करती हैं और उन्हें सम्मानजनक नैतिक सेवा प्रदान करने के साथ–साथ उनके अधिकारों की रक्षा भी करती हैं।

नर्सिंग एक पेशे और विषय के रूप में कला, विज्ञान (भौतिक, जैविक और व्यावहारिक), मानविकी और मानव अनुभव से प्राप्त ज्ञान का उपयोग करता है। नर्सिंग विज्ञान में नैदानिक क्षमता, छिद्रान्वेशी विचार, संवाद, पठन–पाठन, व्यावसायिकता और सेवा एवं सांस्कृतिक क्षमता सम्मिलित हैं। वैयक्तिक और सामुदायिक स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने के लिए नर्स अन्य स्वास्थ्य विषयों के साथ सहयोग करती हैं। नर्सिंग साक्ष्य–आधारित अभ्यास, स्वास्थ्य सेवा और इस पेशे की नई खोजों तथा प्रौद्योगिकियों में उभरते मुद्दों के प्रतिस्वरूप अपने व्यवसाइयों को संवेदनशील सेवा प्रदान करने के लिए प्रशस्त करती है। नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिक विकास और उम्र भर सीखने के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है।

नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास के दायरे में स्वास्थ्य सेवा स्थापनाओं में उम्र भर लोगों की सेवा के लिए प्रोत्साहक, निवारक, उपचारात्मक और पुनर्वास संबंधी पहलू व्यापक रूप से शामिल हैं। नर्सिंग अभ्यास परिषद् के पाठ्यक्रम और अभ्यास मानकों के माध्यम से ज्ञान, समझ, दृष्टिकोण, दक्षताओं और कौशल के अर्जन पर आधारित है। जिन दक्षताओं में छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है, वे उन्हें अभ्यास के अपने कार्यक्षेत्र में मार्गदर्शन करेंगे। नर्सिंग कार्यक्रम योग्य नर्सों को भारत और अन्य देशों में अभ्यास, शिक्षा, प्रबंधन तथा शोध के क्षेत्र में असंख्य अवसर प्रदान करता है।

स्नातक नर्सिंग कार्यक्रम विशेष रूप से छिद्रान्वेशी विचार कौशल, मानव और व्यावसायिक मूल्यों के लिए उपयुक्त दक्षताओं के विकास के लिए निर्देशित एक शैक्षणिक पाठ्यक्रम संरचना के भीतर व्यापक प्रशिक्षण है। इसमें मिश्रित अध्ययन दृष्टिकोण भी अंतर्निहित है जिसमें अनुभवात्मक अध्ययन, परावर्तक अध्ययन, परिदृश्य आधारित अध्ययन और सिम्युलेटेड अध्ययन शामिल हैं। वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के संदर्भ में विकल्प चुनने के लिए पठन–पाठन प्रक्रिया निपुणता, मॉड्यूलर, स्व–निर्देशित और स्व–जवाबदेही को प्रोत्साहित करती है। कार्यक्रम स्नातकों को वैयक्तिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक दायित्वों को पूरा करने के लिए हर समय नैतिक तथा व्यावसायिक आचार संहिता का पालन करके अनुकरणीय नागरिक बनने के लिए तैयार करता है ताकि वे राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें। सभी भारतवासियों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य समस्याओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के निर्देशों पर विशेष जोर देने के साथ स्वास्थ्य और सामुदायिक अभिविन्यास प्रदान किया जाता है। स्नातकों की मुख्य भूमिकाओं में, अच्छी तरह से अभ्यास के लिए स्व–जिम्मेदारी और जवाबदेही का सक्रिय भागीदार होने के नाते सेवा करने के लिए सुरक्षित सेवा प्रदान करने में प्रवीणता के साथ अंतर–व्यावसायिक दल के सक्रिय भागीदार और व्यवसाय में सेवा समन्वयक/प्रबंधक के रूप में सेवा प्रदान करने की होगी।

संकाय की जिम्मेदारी है कि वे अनुकरणीय व्यक्ति की भूमिका निभाएं और सीखने के अवसर प्रदान करें जिससे छात्रों में जीवन के बारे में छिद्रान्वेशी विचार, जिज्ञासा, रचनात्मकता और पूछताछ से प्रेरित स्व–निर्देशित अध्ययन करने की प्रवृत्ति पैदा हो। शिक्षार्थी और शिक्षक एक ऐसी प्रक्रिया में सहभागिता करें जिससे छात्र अभ्यास के दायरे में कार्य करने के लिए आवश्यक दक्षता हासिल कर सकें।

III. प्रयोजन और लक्ष्य

प्रयोजन

स्नातक कार्यक्रम का उद्देश्य है

1. स्पष्ट छिद्रान्वेशी विचार कौशल के साथ सुविज्ञ सक्षम नर्स और मिडवाइव्स तैयार करना जो व्यवसाय, स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली व समाज की बदलती जरूरतों के प्रति सेवा के लिए प्रेरित, मुखर एवं अच्छी तरह से अनुशासित हों।
2. उन्हें किसी भी स्वास्थ्य सेवा स्थापना में प्रोत्साहक, निवारक, उपचारात्मक और पुनर्वास संबंधी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में व्यावसायिक, सक्षम नर्स और मिडवाइफ के रूप में जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करना।
3. ऐसे नर्स और मिडवाइफ तैयार करे जो अभ्यास के दायरे में नर्सिंग स्थितियों में स्वतंत्र निर्णय ले सकें, वैयक्तिक एवं सामूहिक हितों की रक्षा कर सकें और नर्सिंग अभ्यास के क्षेत्र में शोध कर सकें तथा साथ ही साक्ष्य–आधारित अभ्यास लागू कर सकें।
4. उन्हें सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवा स्थापनाओं में व्यवसायी, शिक्षक, पर्यवेक्षक और प्रबंधक की भूमिका निभाने के लिए तैयार करना।

लक्ष्य

बी.एससी. नर्सिंग कार्यक्रम के पूरा होने पर, बी.एससी. नर्सिंग स्नातक निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम होंगे

1. पेशेवर नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास में भौतिक, जैविक, व्यावहारिक विज्ञान और मानविकी से प्राप्त ज्ञान को संश्लेषित करने के लिए छिद्रान्वेषी सोच का उपयोग करना।
2. व्यक्ति, परिवार, लोगों और समुदायों के साथ देखभाल, छिद्रान्वेषी सोच और चिकित्सीय नर्सिंग मध्यवर्तन का उपयोग करते हुए संपूर्ण कौशल एवं सुरक्षा के साथ किसी भी विकासात्मक अवस्था में और विभिन्न जीवित स्वास्थ्य अनुभवों के साथ विभिन्न स्थापनाओं में पेशेवर नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास करना।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीतियों और कार्यक्रमों के अनुरूप प्रोत्साहन, निवारक और पुनर्स्थापनात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना।
4. अभ्यास के फैसले में पेशेवर देखभाल को एकीकृत करना जिसमें नर्सिंग के मूल्य, नैतिक, न्यायसंगत और कानूनी पहलुओं शामिल हों।
5. अपनी और दूसरों की गरिमा, मूल्य और विशिष्टता का सम्मान करना।
6. स्वास्थ्य देखभाल में गुणवत्ता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास में नेतृत्व, स्वायत्तता और प्रबंधन की अवधारणाओं को लागू करना।
7. रोगी के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित नवीनतम ज्ञान तथा कौशल का उपयोग करना।
8. रोगियों, सहकर्मियों और सभी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ प्रभावी संवाद करना।
9. सुरक्षा और गुणवत्ता सुधार के सिद्धांतों को लागू करते हुए, स्वतंत्र रूप से और सभी स्वास्थ्य पेशेवरों के सहयोग से मिलकर अभ्यास करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और प्रौद्योगिकियों का उपयोग करना।
10. साक्ष्य–आधारित अभ्यास में निर्णय लेने में शोध निष्कर्षों और नर्सिंग सिद्धांत को एकीकृत करना।
11. एक शिक्षार्थी, चिकित्सक और मार्गदर्शक के रूप में अपने स्वयं के नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास तथा पेशेवर विकास की प्रभावशीलता के लिए जिम्मेदारी और जवाबदेही स्वीकार करना।
12. वैश्विक समाज की बेहतरी के लिए स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर बनाने के लिए पेशे की उन्नति में भाग लेना।

IV. बी.एससी. स्नातक के लिए नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास हेतु आवश्यक मूलभूत दक्षताएं

{एनएलएन मॉडल और मैसेचुसेट्स : नर्स ऑफ द फ्यूचर – कोर कंपीटेंसीज (2016) से रूपांतरित, जैसा कि **चित्र–1** में दर्शाया गया है}

बी.एससी. स्नातक नर्स निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम होंगेः

1. **रोगी केंद्रित सेवाः** वैयक्तिक रोगी की वरीयताओं, मूल्यों और जरूरतों को पहचानते हुए संवेदनशील, समन्वित, आयु और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त सुरक्षित और प्रभावी समग्र सेवा प्रदान करना।
2. **व्यावसायिकताः** परिषद् मानकों के अनुसार सदाचारी, परोपकारी, विधिक, नैतिक, विनियामक और मानवतावादी सिद्धांतों के अनुरूप प्रामाणिक नर्सिंग सेवा प्रदान करने में जवाबदेही का प्रदर्शन करना।
3. **शिक्षण तथा नेतृत्वः** उनके वातावरण में रहते हुए वैयक्तिक एवं सामूहिक व्यवहार को प्रभावित करना और शिक्षण तथा नेतृत्व के माध्यम से साझा लक्ष्यों की स्थापना की सुविधा प्रदान करना।
4. **प्रणाली आधारित अभ्यासः** स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संदर्भ में जागरूकता एवं जवाबदेही प्रदर्शित करना और सेवा की इष्टतम गुणवत्ता प्रदान करने के लिए आवश्यक संसाधनों का प्रबंधन करने की क्षमता विकसित करना।
5. **स्वास्थ्य सूचना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीः** प्रौद्योगिकी का उपयोग कर जानकारी को संश्लेषित करना और रोगियों में आशावादी परिणाम प्राप्त करने के लिए छिद्रान्वेशी निर्णय लेने में सहयोग करना।
6. **संवादः** रोगी, परिवार और सहकर्मियों के साथ पारस्परिक सम्मान को बढ़ावा देना और रोगी की संतुष्टि और स्वास्थ्य परिणामों के सवंर्द्धन के लिए साझा निर्णय लेने के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करना।
7. **दलीय कार्य एवं सहयोगः** नर्सिंग और अंतःविषयक दलों के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करना और उन्मुक्त संवाद, आपसी सम्मान, साझा निर्णय लेना, दलीय अध्ययन एवं विकास को बढ़ावा देना।
8. **सुरक्षाः** प्रणाली की प्रभावशीलता और वैयक्तिक प्रदर्शन के माध्यम से रोगियों और प्रदाताओं को होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करना।

9. **गुणवत्ता सुधारः** स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की गुणवत्ता और सुरक्षा में लगातार सुधार के लिए सेवा प्रक्रियाओं के परिणामों पर नजर रखना और डिजाइन में सुधार तथा परीक्षण परिवर्तनों का उपयोग करने के लिए डेटा का उपयोग करना।

10. **साक्ष्य आधारित अभ्यासः** व्यावहारिक विशेषज्ञता के साथ रोगी की वरीयता, अनुभव और मूल्यों पर विचार करने के लिए नैदानिक विशेषज्ञता और विचार के साथ युग्मित सर्वोत्तम वर्तमान साक्ष्यों की पहचान, मूल्यांकन और उपयोग करना।

सभी प्रकार की अभ्यास स्थापनाओं में व्यावसायिक नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास के लिए आवश्यक मूलभूत दक्षताएं



चित्र–1: बी.एससी. नर्सिंग स्नातक द्वारा नर्सिंग और मिडवाइफरी अभ्यास के लिए आवश्यक मूलभूत दक्षताएं {एनएलएन मॉडल एंड मैसेचुसेट्सः नर्स ऑफ द फ्यूचर – कोर कंपीटेंसीज से रूपांतरित (2016)}

V. बी.एससी. (नर्सिंग) कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिए उपयुक्तता प्रदान करने के लिए न्यूनतम पूर्वापेक्षाओं के संबंध में दिशानिर्देश

1. निम्नलिखित संगठन/संस्थान बी.एससी. (नर्सिंग) कॉलेज ऑफ नर्सिंग की स्थापना/खोलने के लिए पात्र होंगे –

   अ) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय निकाय;

   ब) पंजीकृत निजी या सार्वजनिक ट्रस्ट;

   स) मिशनरी संगठनों सहित सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत संगठन;

   द) कंपनी अधिनियम की धारा 8 के तहत निगमित कंपनियां।

2. पात्र संगठन/संस्थान का स्वयं का 100 शैय्या वाला मूल अस्पताल होना आवश्यक है।

   बशर्ते जनजातीय और पहाड़ी क्षेत्र के संबंध में स्वयं के मूल अस्पताल की आवश्यकता को छूट दी गई है।

   अ) जनजातीय क्षेत्र – अनुसूचित अधिसूचित क्षेत्र (भारत के राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश जारी कर अनुसूचित क्षेत्र घोषित किए गए हो सकते हैं);

   ब) पहाड़ी क्षेत्र – जम्मू–कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश, उत्तर पूर्वी राज्य, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड।

3. पात्र संगठन/संस्थान को संबंधित राज्य सरकार से अनिवार्यता प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा, जहां बी.एससी. (नर्सिंग) कॉलेज ऑफ नर्सिंग स्थापित करने की मांग की गई है। अनापत्ति प्रमाण पत्र/अनिवार्यता प्रमाण पत्र में कॉलेज/नर्सिंग संस्थान के नाम एवं विवरण के साथ ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी का नाम, जैसा कि ट्रस्ट डीड या संस्था के बहिर्नियम (एमओए) में उल्लिखित हो, तथा पूर्ण पता उल्लिखित होना चाहिए।

4. अनिवार्यता प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात, पात्र संस्थान को संबंधित एसएनआरसी से वांछित शैक्षणिक वर्ष के लिए बी.एससी. (नर्सिंग) कार्यक्रम संचालित करने के लिए मान्यता लेनी होगी, जोकि एक अनिवार्य आवश्यकता है।

5. परिषद् द्वारा उपरोक्त दस्तावेजों/प्रस्ताव ऑनलाइन प्राप्त होने के पश्चात, अधिनियम की धारा 13 के तहत मान्यता प्राप्त नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान का अधिनियम के प्रावधानों के तहत बनाए गए विनियमों के अनुरूप अध्यापन संकाय और नैदानिक एवं अवसंरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के लिए वैधानिक निरीक्षण किया जाएगा।

***बशर्ते कि प्रशिक्षण संस्थान एसएनआरसी से मान्यता प्राप्त करने के 6 महीने के भीतर अधिनियम की धारा 13 के तहत वैधानिक निरीक्षण के लिए परिषद् को आवदन करेगा।**

1. मूल अस्पताल (ऐकिक/एकल अस्पताल)

नर्सिंग कॉलेज में 100 शैय्या वाले मूल/स्वयं का अस्पताल होना चाहिए जो अनिवार्य आवश्यकता है।

नर्सिंग संस्थान के लिए मूल अस्पताल उसी ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी द्वारा स्थापित किया जाना चाहिए जिसके द्वारा नर्सिंग संस्थान और अस्पताल दोनों की स्थापना की गई हो।

या

ट्रस्ट/सोसाइटी/धारा 8 के तहत कंपनी द्वारा प्रबंधित नर्सिंग संस्थान के लिए, 'मूल अस्पताल' से तात्पर्य है कि अस्पताल ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी के स्वामित्व तथा नियंत्रण वाला होगा या फिर ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी के किसी ट्रस्टी/सदस्य/निदेशक द्वारा प्रबंधित तथा नियंत्रित होगा। यदि अस्पताल का स्वामी ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी का ट्रस्टी/सदस्य/निदेशक है, तो अस्पताल नर्सिंग संस्थान के संचालन तक 'मूल अस्पताल' के रूप में कार्य करता रहेगा।

ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी का ट्रस्टी/सदस्य/निदेशक को ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी के सभी ट्रस्टियों/सदस्यों/ निदेशकों द्वारा हस्ताक्षरित इस आशय का वचनपत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी का ट्रस्टी/ सदस्य/निदेशक अस्पताल को किसी अन्य नर्सिंग संस्थान के 'मूल/संबद्ध अस्पताल' की मान्यता के लिए अनुमति नहीं देगा और यह वचनपत्र कम से कम 30 वर्ष के लिए वैध होगा।

मूल अस्पताल की सभी शैय्या एक ही अस्पताल में अर्थात एक ही भवन/एक ही परिसर में होंगे। इसके अलावा, मूल अस्पताल उसी राज्य में होगा जहां संस्थान स्थित है।

अ) यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एक बार किसी विशेष अस्पताल को ''मूल अस्पताल'' के रूप में दिखाया जाता है और नर्सिंग संस्थान को नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी जाती है, तो दी गई अनुमति/उपयुक्तता तब तक रहेगी जब तक कि उक्त अस्पताल ''मूल अस्पताल'' के रूप में संबद्ध है।

ब) यदि ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी का ट्रस्टी/सदस्य/निदेशक दिए गए वचनपत्र को खारिज करता है तो ऐसी स्थिति में, जारी किया गया अनुमति/ उपयुक्तता पत्र भी कालातीत माना जाएगा/तत्काल प्रभाव से रद्द माना जाएगा।

2. ट्रस्ट/सोसाइटी में बदलाव

- भारतीय न्यास अधिनियम के अनुसार किसी भी ट्रस्ट/सोसायटी को खरीदा नहीं जा सकता है, हालांकि ट्रस्टी/सदस्य बदल सकते हैं। इस आधार पर, कार्यक्रम की निरंतरता के लिए संस्था की खरीद या सदस्यता में बदलाव पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे संस्थान जिसको खरीद लिया गया हो अथवा जिसका प्रबंधन हस्तांतरित हो गया हो, उसे बंद माना जाएगा। और ट्रस्ट/सोसायटी के नाम के साथ–साथ कार्यक्रमों के नाम के उल्लेख के साथ एक नया सरकारी आदेश प्राप्त करना होगा।
- सोसायटी के सदस्यों या ट्रस्ट के ट्रस्टियों में बदलाव की सूचना रजिस्ट्रार सहकारी समितियां/भारतीय न्यास अधिनियम के तहत निगमित होने के तुरंत बाद प्रस्तुत करनी होगी।
- कानूनन ट्रस्ट/सोसायटी द्वारा कई संस्थान खोले जा सकते हैं, लेकिन इन्हें एक ट्रस्ट/सोसायटी के दायरे में एक ही संस्थान माना जाएगा। इसके अलावा, एक ट्रस्ट/सोसायटी एक शहर या नगर में केवल एक ही नर्सिंग संस्थान खोल सकता है।
- यदि किसी शहर या नगर में पहले से ही एक संक्षिप्त नाम (जैसे आर के कॉलेज ऑफ नर्सिंग) के साथ एक संस्थान मौजूद है तो विस्तारित नाम (जैसे राम कृष्ण कॉलेज ऑफ नर्सिंग) के साथ एक अन्य संस्थान की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- एक ही शहर/नगर में एक ही नाम से कोई भी दो संस्थान नहीं हो सकते हैं।

3. पते में बदलाव

एसएनआरसी इस तथ्य को प्रमाणित करने वाला एक प्रमाण पत्र जारी करेगा कि नर्सिंग संस्थान को संकेतित पते पर नए भवन/परिसर में स्थानांतरित किया जा रहा है। जारी किए गए प्रमाण पत्र में पूर्ण पता स्पष्ट रूप से उल्लिखित होना चाहिए। जारी किए गए प्रमाण पत्र में नर्सिंग संस्थान के कुल आच्छादित क्षेत्र, नर्सिंग संस्थान के मालिक, और नए भवन मे आकार के साथ प्रयोगशालाओं, अध्ययन कक्षों आदि के साथ–साथ पर्याप्त शौचालयों की सुविधा, प्रकाश और वायु–संचालन की व्यवस्था आदि स्पष्ट रूप से उल्लिखित होनी चाहिए।

4. स्थान में बदलाव

जिला, नगर, शहर या गांव में बदलाव को नया प्रस्ताव माना जाएगा, यानी राज्य सरकार से नया अनिवार्यता प्रमाणपत्र और एसएनआरसी से नई मान्यता लेना अनिवार्य है।

5. परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का कड़ाई से अनुपालन

कोई भी संस्थान/एसएनआरसी/विश्वविद्यालय किसी भी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम के लिए परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में संशोधन नहीं करेगा। हालांकि वे जरूरत पड़ने पर इकाई/विषय जोड़ सकते हैं।

6. नर्सिंग कार्यक्रमों को बंद/पुनः शुरू करना

यदि संस्थान द्वारा लगातार 2 वर्ष तक छात्र भर्ती नहीं किए जाते है, तो इसे बंद माना जाएगा। संस्थान बंद होने के 5 वर्ष के भीतर अधिनियम की धारा 13 तथा 14 के तहत परिषद् को उपयुक्तता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। निरीक्षण के समय मूल अस्पताल के संबंध में उन पर नए दिशानिर्देश लागू नहीं होंगे। हालांकि, उपरोक्त छूट केवल पांच वर्ष के लिए वैध होगी। यदि प्रस्ताव संस्थान के बंद होने के वर्ष से 5 वर्ष बाद प्रस्तुत किया जाता है, तो उसे राज्य सरकार से यथोचित अनिवार्यता प्रमाणपत्र तथा एसएनआरसी से मान्यता के साथ एक नया प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मामलों में मूल अस्पताल और घटनानुक्रम के संबंध में नए दिशानिर्देश लागू होंगे।

7. संस्थान के नाम में बदलाव

यदि ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी संस्थान के नाम को बदलने का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है, तो इसके लिए वैध कारण देना होगा। यदि एसएनआरसी/विश्वविद्यालय ने संस्थान के नाम में बदलाव को स्वीकार कर लिया है तो इसे परिषद् द्वारा स्वीकार किया जा सकता है; बशर्ते, ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी वही हों और उपरोक्त पैराग्राम संख्या 2 के तहत नहीं आते हों।

8. पुनः निरीक्षण

पुनः निरीक्षण के आवेदन पर केवल दो बार विचार किया जाएग। यदि उसके बाद भी संस्थान में कमी पाई जाती है, तो संस्थान को 5 वर्ष के भीतर अधिनियम की धारा 13 तथा 14 के तहत उपयुक्तता के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा। हालांकि, यदि प्रस्ताव 5 वर्ष बाद प्रस्तुत किया जाता है, तो उसे राज्य सरकार से यथोचित अनिवार्यता प्रमाणपत्र तथा एसएनआरसी से मान्यता के साथ एक नया प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

9. स्वीकृत सीटों की संख्या

- बी.एससी. (नर्सिंग) कार्यक्रम के लिए अधिकतम 100 सीटों की स्वीकृति दी जाएगी, जिसके लिए संस्थान के पास 300 या उससे अधिक शैय्या वाला मूल चिकित्सा कॉलेज या मूल अस्पताल होना चाहिए, बशर्ते, बी.एससी. (नर्सिंग) कार्यक्रम के लिए शिक्षण तथा भौतिक सुविधाएं उपलब्ध हों।
- बी.एससी. (नर्सिंग) कार्यक्रम के लिए उपलब्ध शिक्षण तथा भौतिक सुविधाओं के आधार पर 300 से कम शैय्या वाले मूल अस्पताल वाले संस्थानों को अधिकतम 60 सीटों की स्वीकृति दी जाएगी।

10. सीटों में वृद्धि

अधिनियम की धारा 13 के तहत सीटों में वृद्धि के लिए एक शैक्षणिक वर्ष में केवल एक बार निरीक्षण किया जाएगा; यानी, केवल एक आवेदन/प्रस्ताव स्वीकार किया जाएगा। इसके अलावा, सीटों की संख्या में वृद्धि के लिए एसएनआरसी से मान्यता लेना अनिवार्य है।

11. बांड प्रणाली

छात्रों से सेवा बांड लेना और उनके मूल प्रमाणपत्रों को जबरदस्ती रोके रखना परिषद् द्वारा अनैतिक कार्यवाई मानी जाती है। यदि इस तरह की कोई भी प्रथा परिषद् के संज्ञान में आती है, तो अधिनियम की धारा 14 के तहत गलत संस्थान के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

भौतिक सुविधाओं की न्यूनतम आवश्यकताएं

भवन और प्रयोगशालाओं से संबंधित विनियम

(i) स्कूल और कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्रयोगशालाओं को साझा कर सकते हैं, यदि वे एक ही नाम के तहत और एक ही ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी के तहत एक ही परिसर में हैं, अर्थात संस्थान एक है लेकिन विभिन्न नर्सिंग कार्यक्रमों की पेशकश कर रही है। हालांकि उनके पास उपकरण तथा सामग्री प्रवेश क्षमता के अनुपात में होने चाहिए। अध्ययन कक्ष प्रत्येक कार्यक्रम के लिए परिषद् द्वारा निर्धारित आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध होने चाहिए।

(ii) आगे, एक ही संस्थान/ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी द्वारा एक ही परिसर में दो एक जैसे कार्यक्रमों की अनुमति नहीं है।

(iii) नर्सिंग संस्थान द्वारा एक ही भवन में सभी नर्सिंग कार्यक्रम संचालित किए जा सकते हैं, बशर्ते कार्यक्रम वार अपेक्षित बुनियादी ढांचा उपलब्ध हो। हालांकि, प्रयोगशालाओं को साझा किया जा सकता है।

(iv) यदि ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी के कुछ अन्य शैक्षणिक कार्यक्रम हैं, तो नर्सिंग कार्यक्रम निर्धारित वर्ग फुट क्षेत्र के साथ अलग ब्लॉक/ मंजिल पर होगा।

(v) नर्सिंग कार्यक्रम अस्पताल परिसर में इस शर्त के साथ हो सकता है कि यह निर्धारित वर्ग फुट क्षेत्र के साथ अलग ब्लॉक/मंजिल पर होगा।

(vi) सरकार द्वारा लंबा पट्टा माना जाएगा। लेकिन, किराए पर ली गई इमारत को अपना भवन नहीं माना जाएगा।

(vii) यह अनिवार्य है कि संस्थान की स्थापना के दो वर्ष के भीतर अपना भवन होगा।

(viii) स्वयं का भवन/पट्टे/किराए पर भवनः

अ) यदि ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी का कोई ट्रस्टी/सदस्य/निदेशक अपने स्वामित्व वाले भवन को एक नर्सिंग कार्यक्रम के लिए पट्टे पर देना चाहता है, तो यह 30 वर्ष की अवधि के लिए होनी चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी और भवन के मालिक ट्रस्टी/सदस्य/निदेशक के बीच में हुई लीज डीड में एक शर्त यह होनी चाहिए कि लीज डीड को 30 वर्ष की अवधि तक समाप्त नहीं किया जा सकता है।

इसके अलावा, यह स्पष्ट किया जाता है कि, ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी द्वारा प्रबंधित नर्सिंग संस्थान के लिए, अपना भवन ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी के स्वामित्व या नियंत्रित अथवा ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी के किसी ट्रस्टी/सदस्य/निदेशक के स्वामित्व या नियंत्रण वाला भवन होगा। अर्थात्, यदि भवन का स्वामी ट्रस्ट/ सोसायटी/कंपनी का ट्रस्टी/सदस्य/निदेशक

है और वह ट्रस्ट/सोसायटी/कंपनी को भवन 30 वर्ष के लिए पट्टे पर देता/देती है, तो उसे नर्सिंग संस्थान का अपना भवन माना जाएगा।

ब) ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी के पक्ष में भवन के विधिवत पंजीकृत उपहार विलेख को 'अपना भवन' माना जाएगा।

इसके अलावा यह स्पष्ट किया जाता है कि, यदि भवन का पट्टा किसी सरकारी प्राधिकरण और ट्रस्ट/ सोसाइटी/कंपनी नर्सिंग संस्थान के बीच है और पट्टा 30 वर्ष या उससे अधिक के लिए है, तो इसे भी स्वयं का भवन माना जाएगा।

भवन का कोई भी विलेख जो ऊपर दिए गए खंड (अ) या (ब) के अनुसार नहीं है, केवल 'किराये का भवन' माना जाएगा।

स) अपरिवर्तनीय मुख्तारनामा के मामलों में, भवन के दस्तावेजों को विधिवत पंजीकृत किया जाना चाहिए।

द) **अपना भवन न होने पर जुर्माना:** जिन संस्थानों के पास स्थापना के दो वर्ष के भीतर अपना भवन नहीं है, उन्हें अपना भवन न होने के लिए जुर्माना देना पड़ता है। बी.एससी. (नर्सिंग) के लिए लगातार 6 वर्ष तक जुर्माने की राशि 1 लाख रुपए होगी। यदि 6 वर्ष के बाद भी संस्था के पास अपना भवन नहीं है तो अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ट्रस्ट/सोसाइटी/कंपनी के ट्रस्टी/ सदस्य/निदेशक के साथ 30 वर्ष का पट्टा मान्य है।

अ) शिक्षण ब्लॉक

कॉलेज ऑफ नर्सिंग की दूरी अपने मूल अस्पताल से 30 किलोमीटर से कम होनी चाहिए, और संस्थागत क्षेत्र में विस्तार के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होनी चाहिए। **साठ** छात्रों की वार्षिक प्रवेश क्षमता वाले कॉलेज के लिए, कॉलेज का निर्मित क्षेत्र **23200** वर्ग फुट होना चाहिए।

साठ छात्रों की प्रवेश क्षमता के लिए निर्मित क्षेत्र का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र.सं.	शिक्षण ब्लॉक	क्षेत्र (वर्ग फुट में)
1	व्याख्यान कक्ष	4 @ 900 = 3600
2	**कौशल प्रयोगशाला/सिमुलेशन प्रयोगशाला**	
	i. वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग एवं उन्नत नर्सिंग सहित मौलिक नर्सिंग प्रयोगशाला	1600
	ii. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग एवं पोषण प्रयोगशाला	1200
	iii. प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग प्रयोगशाला	900
	iv. बाल स्वास्थ्य नर्सिंग प्रयोगशाला	900
	v. प्री–क्लिनिकल साइंस प्रयोगशाला	900
3	कंप्यूटर प्रयोगशाला*	1500
4	ऑडियो–विजुअल एड्स कक्ष	600
5	बहुउद्देशीय हॉल	3000
6	विनोद कक्ष (पुरुष एवं महिला)	1000
7	स्टाफ कक्ष	800
8	प्रधानाचार्य कक्ष	300
9	उपप्रधानाचार्य कक्ष	200
10	पुस्तकालय	2300
11	प्रत्येक विभागाध्यक्ष के लिए एक कक्ष	5 @ 200 = 1000
12	संकाय कक्ष	2400
13	शौचालय के लिए प्रावधान	1000
	कुल निर्मित क्षेत्र	**23200 वर्ग फुट**

***नोट:** प्रविष्ट छात्रों की संख्या आधार पर 1 : 5 कंप्यूटर छात्र अनुपात।

नोट:

i. नर्सिंग शैक्षणिक संस्थान केवल संस्थागत क्षेत्र में होना चाहिए न कि आवासीय क्षेत्र में।

ii. यदि संस्थान के एक ही भवन में गैर–नर्सिंग कार्यक्रम भी संचालित हैं, तो नर्सिंग कार्यक्रम के लिए अलग से शिक्षण ब्लॉक होना चाहिए।

iii. अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ पारी–वार प्रबंधन मान्य नहीं होगा।

iv. यदि संस्थान अस्पताल परिसर में है तो अलग से शिक्षण ब्लॉक होना चाहिए।

v. निर्मित क्षेत्र का आकार स्वीकृत सीटों की संख्या के अनुपात में बढ़/घट जाएगा।

vi. किन्हीं भी दो नर्सिंग कॉलेजों के बीच की दूरी 10 किलोमीटर से अधिक होनी चाहिए।

1. अध्ययन कक्ष

प्रत्येक वर्ष प्रविष्ट छात्रों के बैठने की क्षमता वाले कम से कम चार अध्ययन कक्ष होने चाहिए। कक्ष प्रकाश की उचित व्यवस्था के साथ–साथ अच्छी तरह हवादार होने चाहिए। छात्रों के बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियां तथा मेज के साथ पर्याप्त जगह की व्यवस्था होनी चाहिए। अंतर्निहित व्हाइट, ग्रीन अथवा ब्लैक बोर्ड होने चाहिए और प्रोजेक्शन सुविधाओं का प्रावधान होना चाहिए। इसके अलावा, अध्यापक के लिए एक डेस्क/डाइस/बड़ी मेज और एक कुर्सी के साथ–साथ कक्षा के संचालन के लिए आवश्यक शिक्षण सहायक सामग्री या अन्य उपकरणों के भंडारण के लिए रैक/अलमारी होनी चाहिए।

2. प्रयोगशाला

जैसा कि ऊपर सूचीबद्ध हैं। निर्दिष्ट प्रयोगशालाओं के लिए कुल 5500 वर्ग फुट क्षेत्र की एक बड़ी कौशल प्रयोगशाला/सिमुलेशन प्रयोगशाला का निर्माण किया जा सकता है या कॉलेज में पांच अलग–अलग प्रयोगशालाएं हो सकती हैं।

क) **वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग और उन्नत नर्सिंग सहित मौलिक नर्सिंग प्रयोगशाला:** प्रयोगशाला में एक निश्चित समय पर किसी भी नर्सिंग कौशल का अभ्यास करने वाले छात्रों की संख्या के अनुपात में डम्मी/मेनिक्विंस/सिमुलेटर्स के साथ पर्याप्त प्रदर्शन शैय्या उपलब्ध होनी चाहिए। (वांछित अनुपात 1 शैय्या : अभ्यास करने वाले 6 छात्र)

प्रयोगशाला पूरी तरह से बिल्ट–इन अलमारी व रैक, प्रवाही जल आपूर्ति वाले वाशबेसिन, बिजली की फिटिंग, पर्याप्त फर्नीचर जैसे मेज, कुर्सी, स्टूल, रोगी लॉकर, सीढ़ी आदि के साथ सुसज्जित होनी चाहिए। पर्याप्त आवश्यक सामग्री, यानि छात्रों द्वारा नर्सिंग प्रक्रिया के अभ्यास के लिए आवश्यक सभी सामग्री के कम से कम 10–12 सेट उपलब्ध होने चाहिए। परिषद् द्वारा प्रकाशित 'लेबोरेटरी इक्विपमेंट एंड आर्टिकल्स' में वर्णित प्रयोगशाला उपकरण और सामग्री उपलब्ध होने चाहिए।

अग्रिम कौशल जैसे, ट्यूब फीडिंग, ट्रेकियोस्टोमी, गैस्ट्रोस्टोमी, इंट्रावेनस इंजेक्शन, बीएलएस, नवजात पुनर्जीवन मॉडल आदि के प्रशासन हेतु प्रशिक्षण, अभ्यास और सीखने के लिए सिमुलेटर का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रयोगशाला में क्रिटिकल केयर यूनिट्स में उपयोग करने के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन, मॉनिटर, और वेंटीलेटर मॉडल/मैनीकिन/सिमुलेटर आदि उपलब्ध होने चाहिए।

ख) **सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग अभ्यास प्रयोगशाला और पोषण प्रयोगशाला:** इसमें सामुदायिक स्थापना में नर्सिंग प्रक्रियाओं के अभ्यास के लिए आवश्यक सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध होनी चाहिए। प्रयोगशाला को देखकर ग्रामीण स्थापना का आभास होना चाहिए, जिसमें सामुदायिक मानचित्र तथा रिकार्ड्स अलमारी व कप–बोर्ड्स पर रखे गए हों। परिषद् द्वारा प्रकाशित 'लेबोरेटरी इक्विपमेंट एंड आर्टिकल्स' में वर्णित प्रयोगशाला उपकरण और सामग्री उपलब्ध होने चाहिए।

पोषण प्रयोगशाला में स्वस्थ व्यक्तियों के साथ–साथ रोगियों के लिए भोजन पकाने के विभिन्न तरीकों की बुनियादी जानकारी प्रदान करने की सुविधा होनी चाहिए। फर्निशिंग और उपकरणों में वर्कटेबल्स, कुकिंग कटलरी, ट्रे और प्लेट्स, डायटेटिक स्केल, खाना पकाने के बर्तन, माइक्रोवेव, रैक/अलमारियां, रेफ्रिजरेटर, प्रेशर कुकर, मिक्सी और खाद्य पदार्थों के भंडारण के लिए अलमारी उपलब्ध होने चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर व्यावहारिक अध्ययन के संचालन के लिए खाद्य सामग्री खरीदी जाएगी। भोजन परोसने और प्रदर्शित करने के लिए क्रॉकरी और कटलरी के सेट तथा नैपकिन आदि भी उपलब्ध होने चाहिए। परिषद् द्वारा प्रकाशित 'लेबोरेटरी इक्विपमेंट एंड आर्टिकल्स' में वर्णित प्रयोगशाला उपकरण और सामग्री उपलब्ध होने चाहिए।

ग) **प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग प्रयोगशाला:** प्रयोगशाला में परिषद् द्वारा प्रकाशित 'लेबोरेटरी इक्विपमेंट एंड आर्टिकल्स' में वर्णित प्रयोगशाला उपकरण और सामग्री उपलब्ध होने चाहिए।

घ) **बाल–चिकित्सा नर्सिंग प्रयोगशाला:** प्रयोगशाला में परिषद् द्वारा प्रकाशित 'लेबोरेटरी इक्विपमेंट एंड आर्टिकल्स' में वर्णित प्रयोगशाला उपकरण और सामग्री उपलब्ध होने चाहिए।

ङ) **प्री–क्लिनिकल साइंस प्रयोगशाला:** यह जैव रसायन विज्ञान, एनाटॉमी और माइक्रोबायोलॉजी की प्रयोगशाला है। परिषद् द्वारा प्रकाशित 'लेबोरेटरी इक्विपमेंट एंड आर्टिकल्स' में वर्णित प्रयोगशाला उपकरण और सामग्री उपलब्ध होने चाहिए।

च) **कंप्यूटर प्रयोगशाला:** कम से कम 1 : 5 कंप्यूटर : छात्र अनुपात में कंम्प्यूटर उपबल्ध होने चाहिए, यानी 60 छात्रों के प्रवेश के लिए 12 कंप्यूटर। परिषद् द्वारा प्रकाशित 'लेबोरेटरी इक्विपमेंट एंड आर्टिकल्स' में वर्णित प्रयोगशाला उपकरण और सामग्री उपलब्ध होने चाहिए।

3. बहुउद्देशीय हॉल

कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एक बहुउद्देशीय हॉल होना चाहिए, जिसका उपयोग कॉलेज समारोह, शैक्षिक सम्मेलन/ कार्यशाला, सतत नर्सिंग शिक्षा (सीएनई), परीक्षा आदि के आयोजन के लिए किया जा सकता है। इसमें ग्रीन रूम सुविधाओं के साथ उचित मंच होना चाहिए। यह अच्छी तरह हवादार होना चाहिए और इसमें उचित प्रकाश की सुविधा होनी चाहिए। इसमें सभी प्रकार के बुनियादी और उन्नत ऑडियो–विजुअल एड्स के उपयोग करने की व्यवस्था होनी चाहिए।

4. पुस्तकालय

कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिए एक अलग पुस्तकालय होना चाहिए। यह कॉलेज संचालन अवधि और उसके बाद भी शिक्षण संकाय और छात्रों के लिए सुलभ और सुगम्य होना चाहिए।

इसमें कॉलेज के कुल छात्रों और शिक्षकों में से कम से कम आधे व्यक्तियों के एक साथ बैठने की आरामदायक व्यवस्था होनी चाहिए।

पुस्तकालय के लिए अलग से वित्तीय प्रावधान होना चाहिए। सामयिक पुस्तकों, पत्रिकाओं और अन्य साहित्य के साथ पुस्तकालय को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से पुस्तकालय समिति की बैठक आयोजित की जानी चाहिए। पुस्तकालय में इंटरनेट की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।

पुस्तकालय में उचित प्रकाश की सुविधा होनी चाहिए और यह अच्छी तरह से हवादार होना चाहिए। इसमें पुस्तकालयाध्यक्ष के लिए इंटरकॉम फोन सुविधा के साथ एक केबिन होनी चाहिए।

इसमें पुस्तकों, पत्रिकाओं, जर्नल्स, समाचार पत्रों और अन्य साहित्य के उचित एवं सुरक्षित भंडारण के लिए शीशे के दरवाजों के साथ पर्याप्त संख्या में अलमारी, बुकशेल्व और रैक होने चाहिए। कैटलॉग कैबिनेट, छात्रों के बैग रखने के लिए रैक आदि, पुस्तक प्रदर्शन रैक,

बुलेटिन बोर्ड और स्टेशनरी आइटम जैसे इंडेक्स कार्ड, बौरोवर कार्ड, लेबल और रजिस्टर के लिए प्रावधान होना चाहिए। पुस्तकालय में सामयिक पुस्तक, पत्रिकाएं, जर्नल, समाचार पत्र और अन्य साहित्य उपलब्ध होने चाहिए।

पुस्तकालय में नर्सिंग के विभिन्न विषयों से संबंधित कम से कम 500 या उससे अधिक पुस्तकें (सभी के नए संस्करण), 3 तरह के नर्सिंग जर्नल, 3 तरह की पत्रिकाएं, 2 तरह के समाचार पत्र और अन्य सामयिक स्वास्थ्य संबंधी साहित्य उपलब्ध होने चाहिए।

कॉलेज से संबंधित रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण कागजात/दस्तावेजों के उचित भंडारण के लिए स्टील रैक, बिल्ट–इन अलमारियां व रैक, कपबोर्ड और फाइलिंग कैबिनेट के साथ एक अलग रिकॉर्ड रूम होना चाहिए।

5. ऑडियो–विजुअल एड्स कक्ष एवं भंडारण कक्ष

सभी ऑडियो–विजुअल एड्स के उचित और सुरक्षित भंडारण के लिए एक कक्ष प्रावधान किया जाना चाहिए। कॉलेज में सभी प्रकार के बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण सहायक सामग्री जैसे चाक बोर्ड, ओवरहेड प्रोजेक्टर, स्लाइड एवं फिल्म–स्ट्रिप प्रोजेक्टर, मॉडल्स के नमूने, चार्ट एवं पोस्टर, टेलिविजन एवं वीसीआर, फोटोस्टेट मशीन, टेप रिकॉर्डर, कंप्यूटर, एलसीडी, और लैपटॉप उपलब्ध होने चाहिए।

कॉलेज की प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरण और अन्य सामग्री को सुरक्षित भंडारण के लिए एक कक्ष का प्रावधान किया जाना चाहिए। इस कक्ष में उपकरणों एवं सामग्री, कपबोर्ड, बिल्ट–इन–अलमारियां, रैक, केबिनेट, मेज और कुर्सियां जैसे फर्नीचर आदि के उचित एवं सुरक्षित भंडारण की सुविधा होनी चाहिए। इस कक्ष में उचित प्रकाश की सुविधा होनी चाहिए और यह अच्छी तरह से हवादार होना चाहिए।

6. अन्य सुविधाएं

कॉलेज में पुरुष और महिला दोनों के लिए सुरक्षित पेयजल और पर्याप्त सैनिटरी/शौचालय की अलग–अलग सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। छात्रों के लिए भी हाथ धोने की सुविधा के साथ शौचालय की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

7. गैराज

गैराज में **50** सीटों वाले वाहन को खड़ा करने की जगह होनी चाहिए।

8. अग्निशामक यंत्र

स्थानीय नियमों के अनुसार आग बुझाने के पर्याप्त साधनों का प्रावधान किया जाना चाहिए।

9. खेल का मैदान

आउटडोर खेल जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन और एथलेटिक्स के लिए खेल के मैदान का आकार पर्याप्त एवं विशाल होना चाहिए।

ब. छात्रावास ब्लॉक

नर्सिंग कॉलेज के निर्धारित निर्मित क्षेत्र के अतिरिक्त छात्रों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त छात्रावास एवं आवास सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

छात्रावास ब्लॉक (60 छात्र)

क्र.सं.	छात्रावास ब्लॉक	क्षेत्र (वर्ग फुट में)
1	सिंगल रूम	12500 (प्रत्येक छात्र के लिए 50 वर्ग फुट)
	डबल रूम	
2	प्रसाधन कक्ष (सेनेटरी)	5 छात्रों के लिए एक लैट्रीन तथा एक बाथ रूम – 600 × 4 = 2400
3	आगंतुक कक्ष	500
4	वाचनालय	250
5	भंडार कक्ष	500
6	मनोरंजन कक्ष	500
7	भोजनालय	3000
8	रसोई तथा स्टोर	1500
9	वार्डन कक्ष	450
	योग	**21100 वर्ग फुट**

निर्मित क्षेत्र का कुल योग

शिक्षण ब्लॉक	23200 वर्ग फुट
हॉस्टल ब्लॉक	21100 वर्ग फुट
कुल योग	**44300 वर्ग फुट**

{**नोटः** संस्थान में प्रविष्ट कुल छात्रों के 30 प्रतिशत के लिए छात्रावास का न्यूनतम प्रावधान अनिवार्य है और तदनुसार पाठ्यक्रम में निर्धारित अनुसार छात्रावास के लिए कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे।}

छात्रावास सुविधाएं

पुरुष और महिला छात्रों के लिए एक अलग–अलग छात्रावास होने चाहिए। इसमें निम्नलिखित सुविधाएं होनी चाहिए।

1. पेंट्री

प्रत्येक मंजिल पर एक पेंट्री प्रदान की जानी चाहिए। इसमें वाटर कूलर और हीटिंग की व्यवस्था होनी चाहिए।

2. धुलाई एवं इस्त्री स्थान

प्रत्येक मंजिल पर कपड़े सुखाने और इस्त्री करने की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।

3. वार्डन कक्ष

वार्डन को उसके आवास के अलावा एक अलग कार्यालय कक्ष प्रदान किया जाना चाहिए। जिसमें कॉलेज और अस्पताल के साथ इंटरकॉम की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।

4. टेलीफोन

आपातकालीन स्थिति में छात्रों के लिए टेलीफोन सुविधा सुलभ उपलब्ध होनी चाहिए।

5. कैंटीन

छात्रों, उनके मेहमानों और अन्य सभी स्टाफ सदस्यों के लिए एक कैंटीन का प्रावधान होना चाहिए।

6. परिवहन

कॉलेज में प्रधानाचार्य के नियंत्रण में अलग से परिवहन व्यवस्था होनी चाहिए। 25 और 50 सीट वाली बसें श्रेयस्कर हैं और वाहनों की संख्या छात्रों की संख्या के अनुसार होगी।

छात्रावास के लिए स्टाफ

1. वार्डन (महिला) – 3: योग्यता – बी.एससी. गृह विज्ञान या हाउसकीपिंग/कैटरिंग में डिप्लोमा। प्रत्येक छात्रावास में प्रातः, सायं और रात्रि की पाली के लिए कम से कम तीन वार्डन होने चाहिए। यदि छात्रों की संख्या 150 से अधिक है, तो प्रत्येक अतिरिक्त 50 छात्रों के लिए एक और वार्डन/सहायक वार्डन होना चाहिए।
2. रसोइया – प्रत्येक पाली में प्रत्येक 20 छात्रों के लिए – 1
3. रसोई व भोजन कक्ष सहायक – प्रत्येक पाली में प्रत्येक 20 छात्रों के लिए – 1
4. सफाई कर्मचारी – 3
5. माली – 2
6. सुरक्षा गार्ड/चौकीदार – 3

नैदानिक सुविधाएं (60 छात्रों के लिए)

1. मूल अस्पताल

कॉलेज ऑफ नर्सिंग का अपना स्वयं का 100 शैय्या वाला मूल अस्पताल होना चाहिए।

2. अस्पताल की अतिरिक्त संबद्धता

यदि मूल अस्पताल में सभी आवश्यक अध्ययन अभ्यास साधन उपलब्ध नहीं हैं, तो संस्था को 100 शैय्या वाले मूल अस्पताल के अलावा अतिरिक्त अस्पताल से संबद्धता लेनी होगी। जैसा कि बी.एससी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रम में निर्धारित किया गया है, छात्रों को नैदानिक अनुभव/विशिष्टताओं की पेशकश करने के लिए 100 शैय्या पर्याप्त नहीं हैं। छात्रों को ऐसे संबद्ध अस्पताल/एजेंसियों/संस्थानों में भेजा जाना चाहिए जहां ये सुविधाएं उपलब्ध हों।

अ) संबद्धता हेतु मानदंड

वह अभ्यास जिनके लिए एक कॉलेज ऑफ नर्सिंग संबद्ध हो सकता है:

- सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग
- मानसिक स्वास्थ्य (मनोरोग) नर्सिंग
- विशिष्टताएं जैसे कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, हड्डी रोग, संचारी/संक्रामक रोग आदि
- प्रसूति, स्त्री रोग, बाल चिकित्सा आदि

ब) संबद्धता हेतु अस्पताल का आकार

- अपने स्वयं के अस्पताल के अलावा कम से कम 50 शैय्या होनी चाहिए
- अस्पताल का शैय्या अधिभोग कम से कम 75 प्रतिशत होना चाहिए

3. नर्सिंग कार्यक्रम के लिए नैदानिक आवश्यकताएं नीचे दी गई हैं:

क्र.सं.	नैदानिक अनुभव का क्षेत्र	शैय्याओं की संख्या
1	चिकित्सा	50
2	सर्जरी, शल्य कक्ष सहित	50

3	प्रसूति एवं स्त्री रोग	50
4	बालचिकित्सा	30
5	हड्डी रोग	15
6	आपातकालीन औषधि	10
7	मनोरोग	20

4. नैदानिक अनुभव के लिए अतिरिक्त/अन्य विशेषता/सुविधाएं निम्नानुसार हैं:

- सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग – अपने/संबद्ध ग्रामीण तथा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
- मेजर ऑपरेशन थिएटर
- माइनर ऑपरेशन थिएटर
- डेंटल, ओटोरहिनोलारिंजोलॉजी, ऑप्थल्मोलॉजी
- बर्न्स और प्लास्टिक
- नियोनेटोलॉजी केयर यूनिट
- संचारी रोग/श्वांस–प्रश्वांस संबंधी औषधि/तपैदिक और छाती के रोग
- डर्मेटोलॉजी
- कार्डियोलोजी
- ऑन्कोलॉजी/न्यूरोलॉजी/न्यूरो–सर्जरी
- नेफ्रोलोजी
- आईसीयू/आईसीसीयू
- जराचिकित्सा
- पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं के अनुसार कोई अन्य विशेषता

नोट:

i. बी.एससी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रम के अनुसार शैक्षिक दौरे भी आयोजित किए जाएंगे, जैसे मिल्क ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर एंड सीवेज प्लांट, रिहेबिलिटेशन सेंटर्स, अनाथालय, जेरिएट्रिक केयर, होम फॉर डेस्टिट्यूट, प्रोफेशनल ऑर्गनाइजेशन, आदि।

ii. मूल और संबद्ध अस्पताल में नर्सिंग स्टाफिंग मानदंड कर्मचारी निरीक्षण इकाई (एसआईयू) के मानदंडों के अनुसार होने चाहिए।

iii. मूल और संबद्ध अस्पताल को नर्सिंग कार्यक्रम के अभ्यर्थियों को छात्र का दर्जा देना चाहिए।

iv. संबद्ध अस्पताल और संस्थान के बीच की दूरी 30 किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए।

v. पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों में अधिकतम दूरी 50 किलोमीटर तक हो सकती है।

vi. 1 : 3 छात्र रोगी अनुपात बनाए रखा जाएगा।

vii. **शैय्या वितरण:** शैय्याओं की कुल संख्या का कम से कम एक तिहाई चिकित्सीय रोगियों के लिए और एक तिहाई शल्य चिकित्सीय रोगियों के लिए होने चाहिए। कुल शैय्याओं की संख्या का कम से कम छटवां हिस्सा यानी कम से कम 40 शैय्या पुरुष रोगियों के लिए होनी चाहिए। प्रति माह कम से कम 100 प्रसूति होनी चाहिए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण क्लिनिक और निवारक दवा के लिए प्रावधान किया जाना चाहिए।

5. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग – क्षेत्रीय अभ्यास क्षेत्र

छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग अनुभव के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में भेजा जाना चाहिए। संस्थान को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से संबद्ध किया जा सकता है। एक अच्छी तरह से स्थापित क्षेत्रीय शिक्षण केंद्र में एक समय में कम से कम 10–15 छात्रों और एक स्टाफ सदस्य के आवास की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। स्वास्थ्य केंद्र में चपरासी, रसोइया और चौकीदार उपलब्ध होने चाहिए। प्रत्येक कॉलेज ऑफ नर्सिंग की अपनी परिवहन व्यवस्था होनी चाहिए और यह प्रधानाचार्य के नियंत्रण में होनी चाहिए। स्टाफ और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

एंटी–रैगिंग

राजपत्र अधिसूचना के अनुसार एंटी–रैगिंग दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा।

बजट

संस्था के समग्र बजट में, कॉलेज के बजट का प्रावधान अलग शीर्ष के तहत होना चाहिए। आहरण एवं संवितरण के अधिकार नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य के पास निहित होंगे।

अध्यापन संकाय

कॉलेज का प्रशासनिक प्रमुख प्रधानाचार्य होना चाहिए। उसे परिषद् द्वारा निर्धारित अहर्ताओं के अनुसार अहर्ताधारक होना चाहिए। कॉलेज बजट का नियंत्रण प्रधानाचार्य के पास होना चाहिए और साथ ही उसे आहरण एवं संवितरण अधिकारी भी होना चाहिए। सरकारी कॉलेजों के प्रधानाचार्य और उप–प्रधानाचार्य राजपत्रित अधिकारी होने चाहिए और गैर–सरकारी कॉलेजों में भी उनका ओहदा समान स्तर का होना चाहिए, हालांकि वे अराजपत्रित होंगे।

क) नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकों की योग्यता और अनुभव

क्र.सं.	पदनाम, अहर्ता और अनुभव
1	**प्रधानाचार्य एवं प्रोफेसर** – आवश्यक अहर्ताः एम.एससी. (नर्सिंग) अनुभवः एम.एससी. (नर्सिंग); एम.एससी. (नर्सिंग) के साथ कुल 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 10 वर्ष का कॉलेजियम कार्यक्रम में अनुभव एम.एससी. (नर्सिंग) के बाद पीएच.डी. (नर्सिंग) वांछनीय है
2	**उप–प्रधानाचार्य एवं प्रोफेसर** – आवश्यक योग्यताः एम.एससी. (नर्सिंग) अनुभवः एम.एससी. (नर्सिंग); एम.एससी. (नर्सिंग) के साथ कुल 12 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 10 वर्ष का प्रशिक्षण अनुभव एम.एससी. (नर्सिंग) के बाद पीएच.डी. (नर्सिंग) वांछनीय है
3	**प्रोफेसर** – आवश्यक योग्यताः एम.एससी. (नर्सिंग) अनुभवः एम.एससी. (नर्सिंग); एम.एससी. (नर्सिंग) के साथ कुल 12 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 10 वर्ष का प्रशिक्षण अनुभव एम.एससी. (नर्सिंग) के बाद पीएच.डी. (नर्सिंग) वांछनीय है
4	**एसोसिएट प्रोफेसर** – आवश्यक योग्यताः एम.एससी. (नर्सिंग) अनुभवः एम.एससी. (नर्सिंग) और 5 वर्ष के प्रशिक्षण अनुभव के साथ कुल 8 वर्ष का अनुभव पीएच.डी. (नर्सिंग) वांछनीय है
5	**सहायक प्रोफेसर** – आवश्यक योग्यताः एम.एससी. (नर्सिंग) अनुभवः एम.एससी. (नर्सिंग) के साथ कुल 3 वर्ष का प्रशिक्षण अनुभव पीएच.डी. (नर्सिंग) वांछनीय है
6	**ट्यूटर** – एम.एससी. (नर्सिंग) वांछनीय है अनुभवः बी.एससी. (नर्सिंग)/पी.बी.बी.एससी. (नर्सिंग) के साथ 1 वर्ष का अनुभव

ख) मूल अस्पताल वाले कॉलेज ऑफ नर्सिंग में परिषद् द्वारा अनुशंसित सेवा और शिक्षा मॉडल के एकीकरण को अपनाएगा, जो कि www.indiannursingcouncil.org पर दिया गया है।

ग) विभाग

नर्सिंग विभागों की संख्या = 6 (छः)

i. मौलिक नर्सिंग
ii. वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग
iii. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग
iv. मिडवाइफरी/प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग
v. बाल स्वास्थ्य नर्सिंग
vi. मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग

नोटः विभागाध्यक्ष के लिए प्रोफेसर होना अनिवार्य है।

क्र.सं.	पदनाम	बी.एससी. (नर्सिंग) 40–60	बी.एससी. (नर्सिंग) 61–100
1	प्रधानाचार्य	1	1
2	उप–प्रधानाचार्य	1	1
3	प्रोफेसर	1	1–2
4	एसोसिएट प्रोफेसर	2	2–4
5	सहायक प्रोफेसर	3	3–8
6	ट्यूटर	8–16	16–24
	कुल योग	**16–24**	**24–40**

(उदाहरण के लिए, 40 छात्रों की प्रविष्टि के लिए प्रधानाचार्य सहित आवश्यक शिक्षकों की न्यूनतम संख्या 16 होगी, अर्थात, 1 प्रधानाचार्य, 1 उप–प्रधानाचार्य, 1 प्रोफेसर, 2 एसोसिएट प्रोफेसर, 3 सहायक प्रोफेसर, और 8 ट्यूटर होंगे)

कार्यक्रम शुरू करने के लिए, न्यूनतम 3 एम.एससी. (नर्सिंग) नियुक्त किए जाएंगे।

	पहला वर्ष	दूसरा वर्ष	तीसरा वर्ष	चौथा वर्ष
40 छात्र	3 एम.एससी. (नर्सिंग) (2 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 1 – बालचिकित्सा) + 2 ट्यूटर	5 एम.एससी. (नर्सिंग) (2 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 1 – बालचिकित्सा, 1 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 1 – मनोरोग) + 3 ट्यूटर	7 एम.एससी. (नर्सिंग) (2 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 1 – बालचिकित्सा, 1 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 1 – मनोरोग, 2 – प्रसूति) + 5 ट्यूटर	8 एम.एससी. (नर्सिंग) (2 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 1 – बालचिकित्सा, 1 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 1 – मनोरोग, 3 – प्रसूति) + 8 ट्यूटर
60 छात्र	3 एम.एससी. (नर्सिंग) (2 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 1 – बालचिकित्सा) + 3 ट्यूटर	5 एम.एससी. (नर्सिंग) (2 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 1 – बालचिकित्सा, 1 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 1 – मनोरोग) + 7 ट्यूटर	7 एम.एससी. (नर्सिंग) (2 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 1 – बालचिकित्सा, 1 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 1 – मनोरोग, 2 – प्रसूति) + 11 ट्यूटर	8 एम.एससी. (नर्सिंग) (2 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 1 – बालचिकित्सा, 1 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 1 – मनोरोग, 3 – प्रसूति) + 16 ट्यूटर
100 छात्र	5 एम.एससी. (नर्सिंग) (3 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 2 – बालचिकित्सा) + 5 ट्यूटर	8 एम.एससी. (नर्सिंग) (4 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 2 – बालचिकित्सा, 1 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 1 – मनोरोग) + 12 ट्यूटर	12 एम.एससी. (नर्सिंग) (4 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 2 – बालचिकित्सा, 2 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 2 – मनोरोग, 2 – प्रसूति) + 18 ट्यूटर	16 एम.एससी. (नर्सिंग) (4 – चिकित्सा शल्यचिकित्सा, 2 – बालचिकित्सा, 2 – सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 2 – मनोरोग, 6 – प्रसूति) + 24 ट्यूटर

घ) गैर–नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षक (अंशकालिक/बाह्य संकाय)**

क्र.सं.	पाठ्यक्रम/विषय
1	अंग्रेजी
2	एनाटॉमी
3	फिजियोलॉजी
4	समाजशास्त्र
5	मनोविज्ञान
6	जैव रसायन
7	पोषण और डायटेटिक्स
8	स्वास्थ्य नर्सिंग सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी
9	माइक्रोबायोलॉजी
10	फार्माकोलॉजी
11	पैथोलॉजी और जेनेटिक्स
12	फोरेंसिक नर्सिंग
13	कोई अन्य नैदानिक विषय
14	शारीरिक शिक्षा
15	वैकल्पिक पाठ्यक्रम

****उपरोक्त शिक्षक संबंधित विषय में शिक्षण अनुभव के साथ स्नातकोत्तर अहर्ताधारक होने चाहिए।**

नोटः

i. शिक्षक छात्र अनुपात 1 : 10 होना चाहिए।

ii. प्रधानाचार्य और उप–प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक अध्यापन कार्य, नैदानिक प्रशिक्षण और पर्यवेक्षण तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियां करेंगे। प्रधानाचार्य सहित संकाय के सभी सदस्य प्रत्येक दिन कम से कम चार घंटे व्यतीत करेंगे।

iii. ट्यूटर्स में से एक को नियमित आवर्तन के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य क्षेत्र में रहना होगा।

iv. निजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शिक्षण संकाय का वेतन राज्य/केंद्र सरकार के तहत संचालित कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्वीकृत वेतन, या फिर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित वेतनमान से कम नहीं होना चाहिए।

v. नर्सिंग सेवा कर्मियों को नैदानिक/सामुदायिक अभ्यास क्षेत्रों में छात्रों के निर्देश, पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन और मूल्यांकन में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। कॉलेज ऑफ नर्सिंग के शिक्षण संकाय को नर्सिंग सेवा कर्मियों के साथ निकट समन्वय में काम करना चाहिए।

vi. कॉलेज के शिक्षण संकाय और नर्सिंग सेवा कर्मियों को अपने ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण को अद्यतन करने के लिए अल्पकालिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों आदि में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाना चाहिए।

vii. शिक्षण संकाय का परिषद् द्वारा परीक्षा या निरीक्षण के उद्देश्य से नामांकित/चयनित होने पर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राधिकारियों द्वारा उन्हें सम्मान एवं गरिमा के साथ ड्यूटी पर उपस्थित माना जाना अनिवार्य है।

viii. 50 प्रतिशत गैर–नर्सिंग पाठ्यक्रमों/विषयों को नर्सिंग संकाय द्वारा पढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि स्नातकोत्तर अहर्ता के साथ अन्य विषयों में डॉक्टर या शिक्षक इसमें बाह्य संकाय की भूमिका निभाएंगे। इन पाठ्यक्रमों को पढ़ाने वाले नर्सिंग संकाय उनके द्वारा पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के लिए परीक्षक होंगे।

ङ) कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिए अतिरिक्त स्टाफ

- लिपिक वर्गीय कर्मचारीगण
  - अं) प्रशासनिक अधिकारी 1
  - ब) कार्यालय अधीक्षक 1
  - स) प्रधानाचार्य का निजी सहायक (पीए) 1
  - द) लेखाकार/कैशियर 1
- उच्च श्रेणी लिपिक 2
- अवर श्रेणी लिपिक 2
- स्टोर कीपर 1
- अध्ययन कक्ष परिचारक 2
- सफाई कर्मचारी – अवसंरचानात्मक स्थान के अनुसार
- सुरक्षा कर्मचारी – आवश्यकतानुसार
- चपरासी/कार्यालय परिचारक 4
- पुस्तकालय
  - क) पुस्तकालयाध्यक्ष 2
  - ख) पुस्तकालय सहायक – आवश्यकतानुसार
- छात्रावास
  - क) वार्डन 3
    - o रसोइया, बैरे – आवश्यकतानुसार
    - o माली और धोबी (वांछनीय)

नोटः नियमानुसार नियमित कर्मचारियों के अलावा छुट्टियों में कार्य करने के लिए अलग से कर्मचारियों को रखने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

च) कॉलेज प्रबंधन समिति

कॉलेज प्रबंधन समिति में निम्नलिखित सदस्य होने चाहिएः

प्रधानाचार्य	अध्यक्ष
उप–प्रधानाचार्य	सदस्य
प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर	सदस्य
मुख्य नर्सिंग अधिकारी/नर्सिंग अधीक्षक	सदस्य
चिकित्सा अधीक्षक का प्रतिनिधि	सदस्य

प्रवेश हेतु नियम और शर्तें

1. प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु प्रवेश वर्ष के 31 दिसंबर को 17 वर्ष होगी। प्रवेश के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होगी।

2. **न्यूनतम शैक्षिक योग्यता**

   अ) ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने विज्ञान वर्ग में 12वीं (10+2) की परीक्षा उत्तीर्ण की हो और साथ ही भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान में मिलाकर कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों और अंग्रेजी में अलग से उत्तीर्ण हों।

   ब) राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य मुक्त विद्यालय और केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय (एनआईओएस) से केवल विज्ञान वर्ग और अंग्रेजी के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी पात्र होंगे।

   स) बी.एससी. (नर्सिंग) में प्रवेश के लिए पात्र होने के लिए 10+2 में अंग्रेजी विषय का होना अनिवार्य है।

3. कलर ब्लाइंड (रंगांध) अभ्यर्थी पात्र होंगे, बशर्ते ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा रंग–सुधारात्मक कंटेक्ट लेंस और चश्मा पहने जाएं।

4. अभ्यर्थी को पूरी तरह से स्वस्थ होना चाहिए।

5. विवाहित अभ्यर्थी भी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

6. छात्रों को प्रविष्टि एक वर्ष में केवल एक बार ही की जाएगी।

7. अभ्यर्थियों का चयन **प्रवेश परीक्षा** में प्राप्त वरीयता के आधार पर होना चाहिए। प्रवेश परीक्षा** में निम्नलिखित विषय होंगे:

क)	नर्सिंग अभिक्षमता	20 अंक
ख)	भौतिक विज्ञान	20 अंक
ग)	रसायन विज्ञान	20 अंक
घ)	जीव विज्ञान	20 अंक
ङ)	अंग्रेजी	20 अंक

   प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे।

   **प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय/राज्य सरकार द्वारा आयोजित की जाएगी।

8. **आरक्षण नीति**

   - **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/दिव्यांगजन के लिए नर्सिंग कॉलेजों में सीटों का आरक्षण**

     आरक्षित कोटे के तहत प्रवेश संबंधित कॉलेज के लिए लागू केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केंद्रशासित प्रदेश द्वारा निर्धारित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण नीति और पात्रता मानदंडों के अधीन होगा।

     अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 3 मुख्य विषयों में न्यूनतम प्राप्तांक 40 प्रतिशत होंगे, न कि सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित 45 प्रतिशत।

   - **दिव्यांगता के लिए आरक्षण**

     लोकोमोटर में अधः शाखा की 40 से 50 प्रतिशत तक की दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों के लिए 5 प्रतिशत सीट आरक्षित होंगी और योग्यता से संबंधित अन्य पात्रता मानदंड वही होंगे जो कि सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित हैं। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम उम्र सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

   नोटः राज्य सरकार के मेडिकल बोर्ड द्वारा अधिकृत चिकित्सा अधिकारी और एक नर्सिंग विशेषज्ञ वाली एक समिति का गठन किया जाए जो यह तय करेगी कि अभ्यर्थियों को लोकोमोटर की 40 से 50 प्रतिशत तक की विकलांगता है या नहीं।

   नोटः

   1. आरक्षण सीटों की स्वीकृत संख्या के भीतर लागू होगा।
   2. सत्र की शुरुआत हर वर्ष 1 अगस्त से होगी।
   3. निर्दिष्ट तिथि यानी 30 सितम्बर के बाद कोई प्रवेश नहीं लिया जाएगा। और 30 सितम्बर के बाद प्रविष्ट अभ्यर्थियों को हॉल टिकट/प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।
   4. प्रवेश के लिए अपेक्षित दस्तावेजों को प्राप्त करने और सत्यापित करने की जिम्मेदारी संस्थान और विश्वविद्यालय की होगी।

9. **विदेशी नागरिक**

   प्रवेश योग्यता यानी, 12वीं कक्षा की समकक्षता एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, नई दिल्ली द्वारा प्रदान की जाएगी। संस्थान, एसएनआरसी और विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे कि योग्यता और पात्रता परिषद् द्वारा निर्धारित योग्यता मानदंडों के अनुरूप है।

10. **प्रवेश/चयन समिति**

    इस समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे:

    - प्रधानाचार्य (अध्यक्ष)
    - उप–प्रधानाचार्य
    - प्रोफेसर

- मुख्य नर्सिंग अधिकारी या नर्सिंग अधीक्षक

11. प्रवेश क्षमता

यदि संस्थान के पास 100 शैय्या वाला एकल मूल अस्पताल हैं, तो संस्थान में 60 अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति होगी और यदि 300 या इससे अधिक शैय्या वाला एकल मूल अस्पताल है तो 61–100 अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति होगी।

12. स्वास्थ्य सेवाएं

छात्रों के लिए निम्नलिखित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान होना चाहिए।

- वार्षिक चिकित्सा परीक्षण।
- टेटनस, हेपेटाइटिस बी या किसी अन्य संचारी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण जैसा भी आवश्यक हो।
- बीमारी के दौरान मुफ्त चिकित्सा देखभाल।
- प्रत्येक छात्र का एक संपूर्ण व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए। दीर्घकालिक पुरानी बीमारी वाले छात्र के प्रशिक्षण को जारी रखने का मानदंड, व्यक्तिगत कॉलेज द्वारा तय किया जाएगा।

13. दस्तावेज

कॉलेज में कम से कम निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए :

क) छात्रों के लिए

i. प्रवेश रिकॉर्ड
ii. स्वास्थ्य रिकॉर्ड
iii. कक्षा उपस्थिति रिकॉर्ड
iv. नैदानिक और फील्ड अनुभव रिकॉर्ड
v. सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों के लिए आंतरिक मूल्यांकन रिकॉर्ड
vi. अंक पत्र (विश्वविद्यालय परिणाम)
vii. छात्र की पाठ्येतर गतिविधियों का रिकॉर्ड (कॉलेज में और बाहर भी)
viii. छुट्टियों का रिकॉर्ड
ix. प्रायोगिक रिकॉर्ड बुक्स – परिषद् द्वारा निर्धारित अनुसार प्रक्रिया बुक और मिडवाइफरी रिकॉर्ड बुक तैयार की जानी चाहिए।

ख) प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए, प्रत्येक कक्षा/बैच के लिए

i. पाठ्यक्रम सामग्री रिकॉर्ड (प्रत्येक पाठ्यक्रम/विषय के लिए)
ii. शैक्षणिक प्रदर्शन का रिकॉर्ड
iii. प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए आवर्तन योजना
iv. समिति की बैठकों के रिकॉर्ड
v. कॉलेज के स्टॉक के रिकॉर्ड
vi. संबद्धता रिकॉर्ड
vii. अनुदान सहायता रिकॉर्ड (यदि कॉलेज राज्य सरकार जैसे किसी भी स्रोत से अनुदान प्राप्त कर रहा है)
viii. संचयी रिकॉर्ड

ग) कॉलेज और साथ ही बाहर, दोनों जगहों पर शिक्षण संकाय (सीएनई) और छात्रों के लिए आयोजित शैक्षिक गतिविधियों का रिकॉर्ड।

घ) वार्षिक रूप से तैयार की गई कॉलेज की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट (रिकॉर्ड)।

ङ) कॉलेज ऑफ नर्सिंग के पास कॉलेज में की गई प्रत्येक गतिविधि का विस्तृत और अद्यतन रिकॉर्ड होना चाहिए।

14. प्रतिलेख

सभी संस्थानों को कार्यक्रम पूरा होने पर प्रतिलेख जारी करना होगा और संबंधित एसएनआरसी को प्रतिलेख की प्रति बैच केवल एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

VI. पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

बी.एससी. नर्सिंग कार्यक्रम एक 4–वर्षीय कार्यक्रम है जिसमें आठ सत्र हैं जोकि क्रेडिट एवं सत्रीय प्रणाली पर आधारित हैं। केवल ऐच्छिक विषयों के लिए यह वैकल्पिक प्रणाली पर आधारित है। इसका प्रमुख दृष्टिकोण दस मुख्य दक्षताओं पर आधारित पाठ्यक्रम है। पाठ्यक्रम को मौलिक, मूलभूत और ऐच्छिक विषयों में वर्गीकृत किया गया है। चित्र–2 में पूरे पाठयक्रम के ढांचे को दर्शाया गया है, जिसे आगे कार्यक्रम संरचना में रेखांकित किया गया है।

दस मूल दक्षताएं (चित्र 1)



सत्र 1–2

सत्र–1
1. संप्रेषणपरक अंग्रेजी
2. एप्लाइड एनाटॉमी
3. एप्लाइड फिजियोलॉजी
4. एप्लाइड सोसियोलॉजी
5. एप्लाइड सायकोलॉजी
6. मौलिक नर्सिंग–1

सत्र–2
7. एप्लाइड बायोकैमिस्ट्री
8. एप्लाइड न्यूट्रीशन एंड डायटेटिक्स
9. मौलिक नर्सिंग–2
10. स्वास्थ्य/नर्सिंग सूचना विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी

सत्र 3–4

सत्र–3
11. एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी, तथा सुरक्षा सहित संक्रमण नियंत्रण
12. फार्माकोलॉजी–1
13. पैथोलॉजी–1
14. समेकित पैथोफिज़ियोलॉजी के साथ वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–1

सत्र–4
15. फार्माकोलॉजी–2
16. पैथोलॉजी–2 एंड जेनेटिक्स
17. जेरिएट्रिक्स सहित समेकित पैथोफिज़ियोलॉजी के साथ वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–2
18. व्यावसायिकता, व्यावसायिक मूल्य और जैव–नैतिकता सहित नैतिकता

सत्र 5–6

सत्र–5
19. बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–1
20. मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1
21. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1 (पर्यावरणीय विज्ञान तथा महामारी विज्ञान सहित)
22. शैक्षिक प्रौद्योगिकी/नर्सिंग शिक्षा
23. फोरेंसिक नर्सिंग का परिचय तथा भारतीय कानून

सत्र–6
24. बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–2
25. मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2
26. नर्सिंग प्रबंधन और नेतृत्व
27. मिडवाइफ/प्रसूति एवं स्त्री रोग–1

सत्र 7–8

सत्र–7
28. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2
29. नर्सिंग शोध एवं सांख्यिकी
30. मिडवाइफ/प्रसूति एवं स्त्री रोग–2

सत्र–8
इंटर्नशिप (गहन प्रयोग/आवासीय पदस्थापन)

चित्र–2. पाठ्यक्रम रूपरेखा

1. कार्यक्रम संरचना

बी.एससी. (नर्सिंग) कार्यक्रम संरचना			
सत्र–1 1. संप्रेषणपरक अंग्रेजी 2. एप्लाइड एनाटॉमी 3. एप्लाइड फिजियोलॉजी 4. एप्लाइड सोसियोलॉजी 5. एप्लाइड सायकोलॉजी 6. *मौलिक नर्सिंग–1 **अनिवार्य मॉड्यूल** *मौलिक नर्सिंग–1 पाठ्यक्रम के भाग के रूप में प्राथमिक चिकित्सा	**सत्र–3** 1. एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी तथा सुरक्षा सहित संक्रमण नियंत्रण 2. फार्माकोलॉजी–1 3. पैथोलॉजी–1 4. *समेकित पैथोफिज़ियोलॉजी के साथ वयस्क स्वास्थ्य (मेडिकल सर्जिकल) नर्सिंग–1 **अनिवार्य मॉड्यूल** *वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–1 के भाग के रूप में बीसीएलएस	**सत्र–5** 1. *बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–1 2. मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1 3. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1 (पर्यावरण विज्ञान तथा महामारी विज्ञान सहित) 4. शैक्षिक प्रौद्योगिकी / नर्सिंग शिक्षा 5. फोरेंसिक नर्सिंग का परिचय और भारतीय कानून **अनिवार्य मॉड्यूल** *बाल स्वास्थ्य नर्सिंग के भाग के रूप में आवश्यक नवजात देखभाल (ईएनबीसी), सुविधा आधारित नवजात देखभाल (एफबीएनबीसी), आईएमएनसीआई और पीएलएस	**सत्र–7** 1. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2 2. नर्सिंग शोध एवं सांख्यिकी 3. मिडवाइफरी / प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग–2 **अनिवार्य मॉड्यूल** * स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग–1 / 2 के तहत सुरक्षित प्रसूति एप (सत्र 6 / 7)
सत्र–2 1. एप्लाइड बायोकैमिस्ट्री 2. एप्लाइड न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स 3. *मौलिक नर्सिंग–2 4. स्वास्थ्य / नर्सिंग सूचना विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी **अनिवार्य मॉड्यूल** *मौलिक नर्सिंग–2 पाठ्यक्रम के भाग के रूप में स्वास्थ्य आकलन	**सत्र–4** 1. *फार्माकोलॉजी–2 2. पैथोलॉजी–2 एंड जेनेटिक्स 3. जेरिएट्रिक नर्सिंग सहित समेकित पैथोफिजियोलॉजी के साथ वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–2 4. व्यावसायिकता, व्यावसायिक मूल्य और जैव–नैतिकता सहित नैतिकता **अनिवार्य मॉड्यूल** *फार्माकोलॉजी–2 के तहत दवा निर्धारण के मूल सिद्धांत *वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–2 के तहत प्रशामक देखभाल मॉड्यूल	**सत्र–6** 1. बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–2 2. मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2 3. नर्सिंग प्रबंधन और नेतृत्व 4. *मिडवाइफरी / प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग–1 **अनिवार्य मॉड्यूल** *स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग–1 के तहत एसबीए मॉड्यूल (सत्र–6 / 7)	**सत्र–8** इंटर्नशिप (गहन अभ्यास / आवासीय पदस्थापन)

नोटः कोई भी संस्थान / विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं करेगा। हालांकि वे आवश्यक समझे जाने पर पाठ्यक्रम में इकाइयां / विषय जोड़ सकते हैं।

***अनिवार्य एवं ऐच्छिक दोनों प्रकार के मॉड्यूल संस्थान एवं बाह्य एजेंसी द्वारा प्रमाणित किए जाएंगे।**

अनिवार्य मॉड्यूल

तैयार किए गए मॉड्यूल / परिषद् द्वारा निर्धारित मॉड्यूल जैसे स्वास्थ्य मूल्यांकन तथा निर्धारण के सिद्धांत और राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के रूप में उपलब्ध मॉड्यूल (फर्स्ट एड – एनडीएमए, आईएमएनसीआई, ईएनबीसी, एफबीएनबीसी), उपशामक देखभाल, सेफ डिलीवरी एप और एसबीए मॉड्यूल अलग अध्ययन संसाधन पैकेज में प्रदान किए जाएंगे।

बीसीएलएस, पीएलएस के लिए – मानक राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय मॉड्यूल्स का उपयोग किया जा सकता है।

ऐच्छिक मॉड्यूल

पूरा किए जाने वाले ऐच्छिक मॉड्यूल्स की संख्याः 3 (प्रत्येक मॉड्यूल = 1 क्रेडिट = 20 घंटे)

सत्र–3 व 4 : पहले से चौथे सत्र के दौरान चौथे सत्र के अंत तक किसी **एक** ऐच्छिक मॉड्यूल को पूरा करना होगा

- मानवीय मूल्य
- मधुमेह देखभाल
- व्यवहार कुशलता

सत्र–5 व 6 : छठे सत्र की समाप्ति से पहले निम्नलिखित में से किसी **एक** को पूरा करना होगा

- सीबीटी
- व्यक्तित्व विकास
- लत मनोरोग
- किशोर स्वास्थ्य
- खेल स्वास्थ्य
- मान्यता और अभ्यास मानक
- विकासमूलक मनोविज्ञान
- रजोनिवृत्ति स्वास्थ्य
- स्वास्थ्य अर्थशास्त्र

सत्र–7 व 8 : आठवें सत्र की समाप्ति से पहले निम्नलिखित में से किसी **एक** को पूरा करना होगा

- वैज्ञानिक लेखन कौशल
- स्तनपान प्रबंधन
- लैंगिकता और स्वास्थ्य
- तनाव प्रबंधन
- स्वास्थ्य देखभाल परितंत्र में नौकरी की तत्परता और रोजगार

2. पाठ्यक्रम कार्यान्वयन : समग्र योजना

कार्यक्रम की अवधि : 8 सत्र

सत्र 1–7

पहले 7 सत्रों के लिए सत्रीय योजना

प्रति सत्र कुल सप्ताह : 26 सप्ताह प्रति सत्र

अनुदेश के लिए प्रति सत्र सप्ताहों की संख्या : 20 सप्ताह (40 घंटे प्रति सप्ताह × 20 सप्ताह = 800 घंटे)

कार्य दिवसों की संख्या : न्यूनतम 100 कार्य दिवस (5 दिन प्रति सप्ताह × 20 सप्ताह)

अवकाश, छुट्टियां, परीक्षा, और परीक्षा की तैयारी के लिए छुट्टियां : 6 सप्ताह

अवकाश : 3 सप्ताह

छुट्टियां : 1 सप्ताह

परीक्षा, और परीक्षा की तैयारी के लिए छुट्टियां : 2 सप्ताह

8वां सत्र

एक सेमेस्टर : 22 सप्ताह

अवकाश : 1 सप्ताह

छुट्टियां : 1 सप्ताह

परीक्षा, और परीक्षा की तैयारी के लिए छुट्टियां : 2 सप्ताह

3. क्रेडिट संरचना के साथ अनुदेश पाठ्यक्रम

क्र. सं.	सत्र	पाठ्यक्रम को कोड	पाठ्यक्रम/विषय का नाम	सैद्धांतिक क्रेडिट	सैद्धांतिक संसर्ग घंटे	प्रयोगशाला / कौशल प्रयोगशाला क्रेडिट	प्रयोगशाला / कौशल प्रयोगशाला संसर्ग घंटे	नैदानिक क्रेडिट	नैदानिक संसर्ग घंटे	कुल क्रेडिट	कुल योग (घंटे)
1	**सत्र–1**	ENGL 101	संप्रेषणपरक अंग्रेजी	2	40						40
		ANAT 105	एप्लाइड एनाटॉमी	3	60						60
		PHYS 110	एप्लाइड फिजियोलॉजी	3	60						60

क्र. सं.	सत्र	पाठ्यक्रम को कोड	पाठ्यक्रम/विषय का नाम	सैद्धांतिक क्रेडिट	सैद्धांतिक संसर्ग घंटे	प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला क्रेडिट	प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला संसर्ग घंटे	नैदानिक क्रेडिट	नैदानिक संसर्ग घंटे	कुल क्रेडिट	कुल योग (घंटे)
		SOCI 115	एप्लाइड सोसियोलॉजी	3	60						60
		PSYC 120	एप्लाइड सायकोलॉजी	3	60						60
		N-NF (I) 125	मौलिक नर्सिंग–1 (प्राथमिक चिकित्सा मॉड्यूल सहित)	6	120	2	80	2	160	10	360
		SSCC (I) 130	स्व–अध्ययन/सह–पाठ्य क्रम								40+40
			योग	**20**	**400**	**2**	**80**	**2**	**160**	**20+2+2=24**	**640+80=720**
2	**सत्र–2**	BIOC 135	एप्लाइड बायोकैमिस्ट्री	2	40						40
		NUTR 140	एप्लाइड न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स	3	60						60
		N-NF (II) 125	मौलिक नर्सिंग–2 स्वास्थ्य मूल्यांकन मॉड्यूल सहित	6	120	3	120	4	320		560
		HNIT 145	स्वास्थ्य/नर्सिंग सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी	2	40	1	40				80
		SSCC (II) 130	स्व–अध्ययन/सह–पाठ्य क्रम								40+20
			योग	**13**	**260**	**4**	**160**	**4**	**320**	**13+4+4=21**	**740+60=800**
3	**सत्र–3**	MICR 201	एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी और सुरक्षा सहित संक्रमण नियंत्रण	2	40	1	40				80
		PHAR (I) 205	फार्माकोलॉजी–1	1	20						20
		PATH (I) 210	पैथोलॉजी–1	1	20						20
		N-AHN (I) 215	समेकित पैथोफिजि+योलॉजी के साथ वयस्क स्वास्थ्य (मेडिकल सर्जिकल) नर्सिंग–1, बीसीएलएस मॉड्यूल सहित	7	140	1	40	6	480		660
		SSCC (I) 220	स्व–अध्ययन/सह–पाठ्य क्रम								20
			योग	**11**	**220**	**2**	**80**	**6**	**480**	**11+2+6=19**	**780+20=800**
4	**सत्र–4**	PHAR (II) 205	फार्माकोलॉजी–2, दवा निर्धारण मॉड्यूल सहित मूल सिद्धांत	3	60						60
		PATH (II) 210	पैथोलॉजी–2 एंड जेनेटिक्स	1	20						20
		N-AHN (II) 225	जेरिएट्रिक नर्सिंग व प्रशामक देखभाल मॉड्यूल सहित इंटिग्रेटेड पैथोफिजियोलॉजी के साथ	7	140	1	40	6	480		660

क्र. सं.	सत्र	पाठ्यक्रम को कोड	पाठ्यक्रम / विषय का नाम	सैद्धांतिक क्रेडिट	सैद्धांतिक संसर्ग घंटे	प्रयोगशाला / कौशल प्रयोगशाला क्रेडिट	प्रयोगशाला / कौशल प्रयोगशाला संसर्ग घंटे	नैदानिक क्रेडिट	नैदानिक संसर्ग घंटे	कुल क्रेडिट	कुल योग (घंटे)
			वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–2								
		PROF 230	व्यावसायिकता, व्यावसायिक मूल्य और जैव–नैतिकता सहित नैतिकता	1	20						20
		SSCC(II) 220	स्व–अध्ययन / सह–पाठ्य क्रम								40
			योग	**12**	**240**	**1**	**40**	**6**	**480**	**12+1+6=19**	**760+40=800**
5	**सत्र–5**	N-CHN(I) 301	बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–1 – आवश्यक नवजात देखभाल (ईएनबीसी), सुविधा आधारित नवजात देखभाल (एफबीएनसी), आईएमएनसीआई और पीएलएस सहित	3	60	1	40	2	160		260
		N-MHN(I) 305	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1	3	60			1	80		140
		N-COMH(I) 310	सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1, पर्यावरण विज्ञान और महामारी विज्ञान सहित	5	100			2	160		260
		EDUC 315	शैक्षिक प्रौद्योगिकी / नर्सिंग शिक्षा	2	40	1	40				80
		N-FORN 320	फोरेंसिक नर्सिंग का परिचय और भारतीय कानून	1	20						20
		SSCC(I) 325	स्व–अध्ययन / सह–पाठ्य क्रम								20+20
			योग	**14**	**280**	**2**	**80**	**5**	**400**	**14+2+5=21**	**760+40=800**
6	**सत्र–6**	N-CHN(II) 301	बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–2	2	40			1	80		120
		N-MHN(II) 305	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2	2	40			2	160		200
		NMLE 330	नर्सिंग प्रबंधन और नेतृत्व	3	60			1	80		140
		N-MIDW(I) / OBGN 335	मिडवाइफरी / प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग–1 – एसबीए मॉड्यूल सहित	3	60	1	40	3	240		340
		SSCC(II) 325	स्व–अध्ययन / सह–पाठ्य क्रम								.
			योग	**10**	**200**	**1**	**40**	**7**	**560**	**10+1+7=18**	**800**
7	**सत्र–7**	N-COMH(II) 401	सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2	5	100			2	160		260
		NRST 405	नर्सिंग शोध एवं सांख्यिकी	2	40	2	80				120

क्र. सं.	सत्र	पाठ्यक्रम को कोड	पाठ्यक्रम/विषय का नाम	सैद्धांतिक क्रेडिट	सैद्धांतिक संसर्ग घंटे	प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला क्रेडिट	प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला संसर्ग घंटे	नैदानिक क्रेडिट	नैदानिक संसर्ग घंटे	कुल क्रेडिट	कुल योग (घंटे)
							(प्रोजेक्ट–4)				
		N-MIDW(II)/ OBGN 410	मिडवाइफरी/प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग–2 (सुरक्षित प्रसव एप मॉड्यूल सहित)	3	60	1	40	4	320		420
			स्व–अध्ययन/सह–पाठ्य क्रम								.
			योग	**10**	**200**	**3**	**120**	**6**	**480**	**10+3+6=19**	**800**
8	**सत्र–8 (इंटर्नशिप)**	INTE 415	सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग – 4 सप्ताह								
		INTE 420	व्यस्क स्वास्थ्य नर्सिंग – 6 सप्ताह								
		INTE 425	बाल स्वास्थ्य नर्सिंग – 4 सप्ताह								
		INTE 430	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग – 4 सप्ताह								
		INTE 435	मिडवाइफरी – 4 सप्ताह								
			योग = 22 सप्ताह					**12** (1 क्रेडिट = 4 घंटे प्रति सप्ताह प्रति सत्र)			**1056** {4 घंटे × 22 सप्ताह = 88 घंटे × 12 क्रेडिट = 1056 घंटे} (48 घंटे प्रति सप्ताह × 22 सप्ताह)

एक क्रेडिट सैद्धांतिक – 1 घंटा प्रति सप्ताह प्रति सत्र

एक क्रेडिट व्यावहारिक/प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला/सिमुलेशन प्रयोगशाला – 2 घंटे प्रति सप्ताह प्रति सत्र

एक क्रेडिट नैदानिक – 4 घंटे प्रति सप्ताह प्रति सत्र

एक क्रेडिट ऐच्छिक पाठ्यक्रम – 1 घंटा प्रति सप्ताह प्रति सत्र

कुल सत्र = 8

(**सात सत्र** : एक सत्र = 20 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह = 800 घंटे)

(**आठवां सत्र – इंटर्नशिप** : एक सत्र = 22 सप्ताह × 48 घंटे प्रति सप्ताह = 1056 घंटे)

इंटर्नशिप और ऐच्छिक सहित कुल क्रेडिट – 156 (141 + 12 + 3)

पाठ्यक्रम, इंटर्नशिप और ऐच्छिक वार क्रेडिट और घंटों का वितरण

क्र.सं.	क्रेडिट	सैद्धांतिक (क्रेडिट/घंटे)	प्रयोगशाला (क्रेडिट/घंटे)	नैदानिक (क्रेडिट/घंटे)	कुल क्रेडिट	घंटे
1	पाठ्यक्रम क्रेडिट्स	90 क्रेडिट प्रति 1800 घंटे	15/600	36/2880	141	5280
2	इंटर्नशिप				12	1056

3	ऐच्छिक				3	60
	कुल योग				156	6396
	स्व–अध्ययन/सह–पाठ्यक्रम	शनिवार (एक सत्र = 5 घंटे प्रति सप्ताह × 20 सप्ताह × 7 सत्र = 700 घंटे)			12 35	240 700
					47	940

आठ सत्रों में सैद्धांतिक और व्यावहारिक (कौशल प्रयोगशाला व नैदानिक) के लिए क्रेडिट, घंटे और प्रतिशत का वितरण

क्र.सं.	सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक (कौशल प्रयोगशाला व नैदानिक)	क्रेडिट	घंटे	प्रतिशत
1	सैद्धांतिक	90	1800	28
2	प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला	15	600	10
3	नैदानिक	36	3936	62
	कुल योग	**141**	**6336 घंटे**	**100**

इंटर्नशिप के अलावा व्यावहारिक (7 सत्र)

प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला/सिमुलेशन प्रयोगशाला – 600 (17 प्रतिशत)

नैदानिक – 2880 (83 प्रतिशत)

कुल योग = 3480

प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला/सिमुलेशन प्रयोगशाला – प्रायोजित कुल व्यावहारिक का 17 प्रतिशत

नोटः निर्धारित प्रयोगशाला और नैदानिक घंटों के अलावा, नैदानिक घंटों से अधिकतम 13 प्रतिशत (400–450 घंटे) का उपयोग सिमुलेशन प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला में कौशल प्रयोगशाला/सिमुलेशन अभ्यास के लिए किया जा सकता है और कुल घंटों के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए।

4. परीक्षा योजना

प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए आंतरिक मूल्यांकन, सत्रीय कॉलेज परीक्षा, और सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा में अंकों का वितरण नीचे दिया गया है।

सत्र–1

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	मूल्यांकन (अंक)				
		आंतरिक	सत्रीय कॉलेज परीक्षा	सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा	घंटे	कुल अंक
	सैद्धांतिक					
1	संप्रेषणपरक अंग्रेजी	25	25		2	50
2	एप्लाइड एनाटॉमी एंड एप्लाइड फिजियोलॉजी	25		75	3	100
3	एप्लाइड सोसियोलॉजी एंड एप्लाइड सायकोलॉजी	25		75	3	100
4	मौलिक नर्सिंग–1	*25				
	व्यावहारिक					
5	मौलिक नर्सिंग–1	*25				

***अगले सत्र में मौलिक नर्सिंग–2 के सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक आंतरिक अंकों में क्रमानुसार जोड़ा जाएगा (कुल भारिता वही रहेगी)**

उदाहरणः

मौलिक नर्सिंग का सिद्धांतः सत्र–1 के मौलिक नर्सिंग–1 के सैद्धांतिक आंतरिक अंक सत्र–2 में मौलिक नर्सिंग–2 के सैद्धांतिक आंतरिक अंकों में जोड़े जाएंगे और दोनों सत्रों का औसत लिया जाएगा।

सत्र–2

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	मूल्यांकन (अंक)				
		आंतरिक	सत्रीय कॉलेज परीक्षा	सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा	घंटे	कुल अंक
	सैद्धांतिक					
1	एप्लाइड बायोकैमिस्ट्री और एप्लाइड न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स	25		75	3	100
2	मौलिक नर्सिंग (1 व 2)	25 पहला सत्र–25 एवं दूसरा सत्र–25 (दोनों के औसत के साथ)		75	3	100
3	स्वास्थ्य नर्सिंग सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी	25	25		2	50
	व्यावहारिक					
4	मौलिक नर्सिंग (1 व 2)	50 पहला सत्र–25 एवं दूसरा सत्र–25		50		100

सत्र–3

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	मूल्यांकन (अंक)				
		आंतरिक	सत्रीय कॉलेज परीक्षा	सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा	घंटे	कुल अंक
	सैद्धांतिक					
1	एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी और सुरक्षा सहित संक्रमण नियंत्रण	25		75	3	100
2	फार्माकोलॉजी–1 और पैथोलॉजी–1	*25				
3	वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–1	25		75	3	100
	व्यावहारिक					
4	वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–1	50		50		100

*अगले सत्र में फार्माकोलांजी–2 तथा पैथोलॉजी–2 और जेनेटिक्स के आंतरिक अंकों में जोड़ा जाएगा (कुल भारिता वही रहेगी)

सत्र–4

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	मूल्यांकन (अंक)				
		आंतरिक	सत्रीय कॉलेज परीक्षा	सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा	घंटे	कुल अंक
	सैद्धांतिक					
1	फार्माकोलॉजी और पैथोलॉजी (1 व 2) तथा जेनेटिक्स	25 तीसरा सत्र–25 एवं चौथा सत्र–25 (दोनों के औसत के साथ)		75	3	100
2	वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–2	25		75	3	100
3	व्यावसायिकता, नैतिकता और व्यावसायिक मूल्य	25	25		2	50
	व्यावहारिक					
4	वयस्क स्वास्थ्य नर्सिंग–2	50		50		100

सत्र–5

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	मूल्यांकन (अंक)				
		आंतरिक	सत्रीय कॉलेज परीक्षा	सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा	घंटे	कुल अंक
	सैद्धांतिक					
1	बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–1	*25				
2	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1	*25				
3	सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1, पर्यावरण विज्ञान और महामारी विज्ञान सहित	25		75	3	100
4	शैक्षिक प्रौद्योगिकी/नर्सिंग शिक्षा	25		75	3	100
5	फोरेंसिक नर्सिंग का परिचय और भारतीय कानून	25	25		2	50
	व्यावहारिक					
6	बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–1	*25				
7	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1	*25				
8	सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–1	50		50		100

***अगले सत्र में बाल स्वास्थ्य नर्सिंग–2 तथा मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2 के सैद्धांतिक और व्यावहारिक आंतरिक अंकों में क्रमानुसार जोड़ा जाएगा। (कुल भारिता वही रहेगी)**

सत्र–6

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	मूल्यांकन (अंक)				
		आंतरिक	सत्रीय कॉलेज परीक्षा	सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा	घंटे	कुल अंक
	सैद्धांतिक					
1	बाल स्वास्थ्य नर्सिंग (1 व 2)	25 पांचवां सत्र–25 एवं छठा सत्र–25 (दोनों के औसत के साथ)		75	3	100
2	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग (1 व 2)	25 पांचवां सत्र–25 एवं छठा सत्र–25 (दोनों के औसत के साथ)		75	3	100
3	नर्सिंग प्रबंधन एवं नेतृत्व	25		75	3	100
4	मिडवाइफरी/प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग–1	*25				
	व्यावहारिक					
5	बाल स्वास्थ्य नर्सिंग (1 व 2)	50 पांचवां सत्र–25 एवं छठा सत्र–25		50		100
6	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग (1 व 2)	50 पांचवां सत्र–25 एवं छठा सत्र–25		50		100
7	मिडवाइफरी/प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग–1	*25				

***अगले सत्र में मिडवाइफरी–2 के सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक आंतरिक अंकों में क्रमानुसार जोड़ा जाएगा (कुल भारिता वही रहेगी)**

सत्र–7

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	मूल्यांकन (अंक)				
		आंतरिक	सत्रीय कॉलेज परीक्षा	सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा	घंटे	कुल अंक
	सैद्धांतिक					
1	सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2	25		75	3	100
2	नर्सिंग शोध एवं सांख्यिकी	25		75	3	100
3	मिडवाइफरी/प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग (1 व 2)	25 छठा सत्र–25 एवं सातवां सत्र–25 (दोनों के औसत के साथ)		75	3	100
	व्यावहारिक					
4	सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग–2	50		50		100
5	मिडवाइफरी/प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) नर्सिंग (1 व 2)	50 छठा सत्र–25 एवं सातवां सत्र–25		50		100

सत्र–8

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	मूल्यांकन (अंक)				
		आंतरिक	सत्रीय कॉलेज परीक्षा	सत्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा	घंटे	कुल अंक
	व्यावहारिक					
1	क्षमता मूल्यांकन	100		100		200

5. परीक्षा विनियम

नोटः

1. एप्लाइड एनाटॉमी और एप्लाइड फिजियोलॉजी – प्रश्न पत्र के भाग–अ में 37 अंकों की एप्लाइड एनाटॉमी और भाग–ब में 38 अंकों की एप्लाइड फिजियोलॉजी होगी।
2. एप्लाइड सोसियोलॉजी और एप्लाइड सायकोलॉजी – प्रश्न पत्र के भाग–अ में 37 अंकों की एप्लाइड सोसियोलॉजी और भाग–ब में 38 अंकों की एप्लाइड सायकोलॉजी होगी।
3. एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी और इंफेक्शन कंट्रोल इंक्लुडिंग सेफ्टी – प्रश्न पत्र के भाग–अ में 37 अंकों की एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी और भाग–ब में 38 अंकों की इंफेक्शन कंट्रोल इंक्लुडिंग सेफ्टी होगी।
4. एप्लाइड न्यूट्रिशन एवं डायटेटिक्स और एप्लाइड बायोकैमिस्ट्री – प्रश्न पत्र के भाग–अ में 50 अंकों की एप्लाइड न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स और भाग–ब में 25 अंकों की बायोकैमिस्ट्री होगी।
5. फार्माकोलॉजी, जेनेटिक्स और पैथोलॉजी – प्रश्न पत्र के भाग–अ में 38 अंकों की फार्माकोलॉजी और भाग–ब में 25 अंकों की पैथोलॉजी तथा 12 अंकों की जेनेटिक्स होगी।
6. नर्सिंग शोध एवं सांख्यिकी – नर्सिंग शोध 55 अंकों की और सांख्यिकी 20 अंकों की होनी चाहिए।
7. परीक्षा में बैठने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी की प्रत्येक पाठ्यक्रम/विषय के सैद्धांतिक व व्यावहारिक में कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए, चाहे अनुपस्थिति किसी भी कारण से हुई हो।
8. उपाधि मिलने से पहले प्रत्येक अभ्यर्थी को व्यावहारिक क्षेत्र में 100 प्रतिशत उपस्थिति पूरी करनी होगी।
9. निम्नलिखित परीक्षाएं कॉलेज की परीक्षा के रूप में आयोजित की जाएंगी और न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 50 प्रतिशत (सी ग्रेड) होंगे; तथा अंक पत्र में शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय को भेजे जाएंगे जिनको कुल गणना के लिए जोड़ा जाएगा।
   i. संप्रेषणपरक अंग्रेजी
   ii. स्वास्थ्य/नर्सिंग सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी
   iii. व्यावसायिकता, व्यावसायिक मूल्य और जैव–नैतिकता सहित नैतिकता
   iv. फोरेंसिक नर्सिंग का परिचय तथा भारतीय कानून

10. केवल अंग्रेजी और वैकल्पिक मॉड्यूल्स के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 40 प्रतिशत (पी ग्रेड/4 अंक) होंगे।

11. अंग्रेजी के अलावा सैद्धांतिक और व्यावहारिक परीक्षा में से प्रत्येक में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक अलग–अलग 50 प्रतिशत होंगे।

12. छात्र को पाठ्यक्रम में दिए गए सभी अनिवार्य मॉड्यूलों में उत्तीर्ण होना होगा और प्रत्येक मॉड्यूल के लिए उत्तीर्ण अंक 50 प्रतिशत (सी ग्रेड) होंगे। अंकों का आवंटित प्रतिशत कॉलेज/विश्वविद्यालय परीक्षा के आंतरिक मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा (परिशिष्ट 2 देखें)।

13. अभ्यर्थी को प्रत्येक विषय के सैद्धांतिक और व्यावहारिक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होना होगा।

14. यदि कोई अभ्यर्थी सैद्धांतिक या व्यावहारिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है, तो उसे सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों परीक्षा फिर से देनी होंगी।

15. यदि छात्र किसी एक सत्र के केवल एक पाठ्यक्रम/विषय में अनुत्तीर्ण हो गया है और अन्य सभी विषयों में उत्तीर्ण हो गया है तो केवल एक विषय में 5 अनुग्रह अंक तक जोड़े जा सकते हैं, बशर्ते कि इस तरह के अतिरिक्त अंक जोड़े जाने से छात्र सत्रीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ले।

16. अभ्यर्थी को प्रत्येक सत्रीय परीक्षा देनी होगीः

    i. अभ्यर्थी को पांचवें सत्र की परीक्षा में बैठने से पहले पिछली सभी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी। हालांकि, अभ्यर्थी को अगले सत्र में पढ़ने की अनुमति होगी।

    ii. अभ्यर्थी को सातवें सत्र की परीक्षा में बैठने से पहले पिछली सभी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी। हालांकि, अभ्यर्थी को अगले सत्र में पढ़ने की अनुमति होगी।

    iii. अभ्यर्थी को अंतिम वर्ष की परीक्षा में बैठने से पहले पिछली सभी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी।

    iv. पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने की अधिकतम अवधि 8 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

17. अभ्यर्थी को आंतरिक और बाह्य दोनों परीक्षा अलग–अलग उत्तीर्ण करनी होंगी (जोकि अंक–पत्र में प्रतिबिंबित होंगे)। किसी भी संस्थान द्वारा छात्रों को दिए गए आंतरिक अंकों का औसत 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए (अर्थात, यदि 40 छात्रों को पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया गया है, तो 40 छात्रों को दिए गए अंकों का औसत कुल आंतरिक अंकों के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

18. एप्लाइड एनाटॉमी और फिजियोलॉजी, एप्लाइड बायोकैमिस्ट्री, एप्लाइड साइकोलॉजी और सोशियोलॉजी, एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी, फार्माकोलॉजी, जेनेटिक्स, न्यूट्रीशन और डायटेटिक्स, संप्रेषणपरक अंग्रेजी और स्वास्थ्य नर्सिंग सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे गैर–नर्सिंग विषयों में से कम से कम 50 प्रतिशत विषय नर्सिंग शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने चाहिए। गैर–नर्सिंग विषयों को पढ़ाने वाले शिक्षक कार्यक्रम के लिए परीक्षक हो सकते हैं।

19. व्यावहारिक परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम संख्या प्रति दिन 20 से अधिक नहीं होनी चाहिए। एक ही वर्ष और एक ही संस्थान के एक बैच की जांच परीक्षकों के एक ही दल द्वारा की जाएगी।

20. सभी व्यावहारिक परीक्षाएं संबंधित नैदानिक क्षेत्रों में आयोजित की जानी चाहिए।

21. प्रत्येक छात्र के लिए व्यावहारिक परीक्षा का आयोजन एक आंतरिक और एक बाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से करनी चाहिए।

22. सैद्धांतिक और व्यावहारिक/ओएससीई परीक्षा के लिए परीक्षक को संबंधित विषय में एम.एससी. (नर्सिंग) और न्यूनतम 3 वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ नर्सिंग कॉलेज में एक सहायक प्रोफेसर या उससे ऊपर होना चाहिए। मौलिक नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए परीक्षक को किसी भी विशेषता में एम.एससी. (नर्सिंग) वाला संकाय सदस्य होना चाहिए।

VII. मूल्यांकन दिशानिर्देश

1. कार्य संपादन की ग्रेडिंग

कार्य संपादन के आधार पर, प्रत्येक छात्र को सत्र के अंत में प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक फाइनल ग्रेड दिया जाएगा। पूर्व निर्धारित कक्षा अंतराल के आधार पर अंकों को ग्रेड में परिवर्तित करके पूर्ण ग्रेडिंग प्रणाली का उपयोग किया जाता है।

उत्तीर्ण ग्रेड संशोधन के साथ यूजीसी 10 प्वाइंट ग्रेडिंग प्रणाली का उपयोग किया जाता है।

ग्रेड अक्षर	ग्रेड प्वाइंट	अंकों का प्रतिशत
O (सर्वोत्कृष्ट)	10	100%
A+ (उत्कृष्ट)	9	90-99.99%
A (अति उत्तम)	8	80-89.99%
B+ (उत्तम)	7	70-79.99%
B (औसत से ऊपर)	6	60-69.99%
C (औसत)	5	50-59.99%
P (उत्तीर्ण)	4	40-49.99%
F (अनुत्तीर्ण)	0	

नर्सिंग पाठ्यक्रम और अन्य सभी पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण के लिए C ग्रेड (5 ग्रेड प्वाइंट) 50 प्रतिशत और उससे अधिक है।

अंग्रेजी और ऐच्छिक पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण के लिए P ग्रेड (4 ग्रेड प्वाइंट) 40 प्रतिशत और उससे अधिक है।

सत्र ग्रेड प्वाइंट औसत (SGPA) और संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (CGPA) की संगणना

SGPA सत्र के दौरान छात्र द्वारा अंग्रेजी और ऐच्छिक पाठ्यक्रमों को छोड़कर बाकी सभी पाठ्यक्रमों में प्राप्त ग्रेड प्वाइंट्स का भारित औसत है।

डदाहरणः SGPA संगणना

पाठ्यक्रम संख्या	क्रेडिट्स	ग्रेड अक्षर	ग्रेड प्वाइंट	क्रेडिट प्वाइंट (क्रेडिट × ग्रेड)
1	3 (C1)	A	8 (G1)	3 × 8 = 24
2	4 (C2)	B+	7 (G2)	4 × 7 = 28
3	3 (C3)	B	6 (G3)	3 × 6 = 18

$$\textbf{SGPA} = \frac{C1G1+C2G2+C3G3}{C1+C2+C3}$$

$$= \frac{70}{10} = 7 \text{ (दो दशमलव बिंदुओं तक राउंड ऑफ कर)}$$

CGPA की संगणना

CGPA की संगणना सभी सत्रों के SGPA का भारित औसत है जिसे दो दशमलव बिंदुओं तक राउंड ऑफ कर निकाला जाता है और सभी 8 सत्रों और उनके पाठ्यक्रमों/विषयों के ग्रेड दर्शाते हुए अंक पत्र/ट्रांसक्रिप्ट में फाइनल ग्रेड में दर्शाया जाता है।

CGPA पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने तक अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में अनुत्तीर्ण ही दर्शाता है।

सत्र–1	सत्र–2	सत्र–3	सत्र–4
Credit – Cr Cr: 20 SGPA: 6.5 Cr × SGPA = 20 × 6.5	Cr: 22 SGPA: 7.0	Cr: 25 SGPA: 5.5	Cr: 26 SGPA: 6.0

$$\textbf{CGPA} = \frac{20\times6.5+22\times7+25\times5.5+26\times6}{93}$$

$$= \frac{577.5}{93} = 6.2$$

ट्रांसक्रिप्ट का प्रारूप

ग्रेड अक्षर, ग्रेड प्वाइंट, SGPA और CGPA पर उपरोक्त अनुशंसाओं के आधार पर, प्रत्येक सत्र के लिए एक ट्रांसक्रिप्ट जारी की जाएगी और एक समेकित ट्रांसक्रिप्ट जारी की जाएगी जो सभी सत्रों में प्रदर्शन का संकेत देगी।

उत्तीर्ण होने की घोषणा

सम्मान सहित प्रथम श्रेणी – 7.5 CGPA और उससे अधिक

प्रथम श्रेणी – 6.00–7.49 CGPA

द्वितीय श्रेणी – 5.00–5.99 CGPA

2. आंतरिक मूल्यांकन और दिशानिर्देश

आंतरिक मूल्यांकन के अंक वितरण को परिशिष्ट 1 और विशिष्ट दिशानिर्देशों को परिशिष्ट 2 में दर्शाया गया है।

3. विश्वविद्यालयी सैद्धांतिक और व्यावहारिक परीक्षा का स्वरूप

सैद्धांतिक प्रश्न पत्र के स्वरूप और व्यावहारिक परीक्षा के स्वरूप को परिशिष्ट 3 में दर्शाया गया है।

पाठ्यक्रम

संप्रेषणपरक अंग्रेजी

स्थापनः सत्र–1

सैद्धांतिकः 2 क्रेडिट (40 घंटे)

निरूपणः इस पाठ्यक्रम को छात्रों को उनके व्यावहारिक कार्य में प्रभावी संवाद के लिए आवश्यक अंग्रेजी भाषा बोलने, लिखने और उपयोग करने की क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। छात्र अध्ययन और नैदानिक अनुभव के दौरान मौखिक एवं लिखित अंग्रेजी में अपने कौशल का अभ्यास करेंगे।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगे

1. स्वास्थ्य कर्मियों के लिए संप्रेषणपरक अंग्रेजी के महत्व को पहचानना।
2. व्यावसायिक विकास जैसे कि उच्चारण, शब्दावली, व्याकरण, संक्षिप्त व्याख्या करना, स्व्र परिवर्तन, वर्तनी, ठहराव और मौन, आदि में अंग्रेजी भाषा के उपयोग की अवधारणाओं और सिद्धांतों को लागू करना।
3. विभिन्न काल्पनिक परिस्थितियों में शिष्टतापूर्वक सुनना।
4. किसी व्यक्ति या टीम से निर्दिष्ट संदर्भ में आमने–सामने या अन्य माध्यमों से संवाद करते समय, समयानुकूल प्रभावी एवं समुचित वार्तालाप करना।
5. विषय वस्तु, प्रवाह शीट, फ्रेमवर्क, आंकड़े, तालिका, रिपोर्ट, उपाख्यानों आदि में सामग्री को पढ़ना, व्याख्या करना और समझना।
6. स्थिति का विश्लेषण करना और महत्वपूर्ण विचारशील रणनीतियों को लागू करना।
7. लेखन कौशल के माध्यम से भावों को बढ़ाना।
8. अध्ययन, शिक्षण, प्रशिक्षण और जानकारी, विचार और परिणामों को साझा करने के लिए एलएसआरडब्ल्यू (सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना) कौशल को लागू करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	3 (टी)	संप्रेषणपरक अंग्रेजी के महत्व की पहचान	**संवाद** • संवाद क्या है? • स्वास्थ्य कर्मियों के रूप में श्रोताओं, वक्ताओं, पाठकों और लेखकों की संवाद भूमिकाएं क्या हैं?	• उदाहरण, चित्र और स्पष्टीकरण के साथ परिभाषाएं • एलएसआरडब्ल्यू में दक्षताओं/संवाद रणनीतियों की पहचान करना • उपरोक्त विषयों पर उद्धरणों को पढ़ना और कार्य के माध्यम से विवेचन करना	• कार्य के माध्यम से समझ की परख करना
II	5 (टी)	व्यावसायिक विकास जैसे कि उच्चारण, शब्दावली, व्याकरण, संक्षिप्त व्याख्या, वॉयस मॉड्यूलेशन, वर्तनी, ठहराव और मौन, आदि में अंग्रेजी भाषा के उपयोग की अवधारणाओं और सिद्धांतों का अनुप्रयोग	**एलएसआरजीडब्ल्यू का परिचय** • एल – सुननाः श्रवण के विभिन्न प्रकार • एस – बोलनाः व्यंजन, स्वर, शब्द और वाक्य महत्व, अंतर्ज्ञान की समझ • आर – पढ़नाः चिकित्सा शब्दावली • जीआर – व्याकरणः काल, श्रंखलक की समझ • डब्ल्यू – सरल वाक्य और छोटे पैराग्राफ लिखना – सही व्याकरण पर बल	• समाचार, घोषणा, टेलीफोन पर बातचीत और दूसरों के निर्देश सुनने का अभ्यास • ऑडियो/वीडियो और विषय वस्तु के माध्यम से इन पर आधारित कार्यों के साथ बोलने के मौलिक अधिकार – व्यंजन, स्वर, तनाव और स्वरशैली पर जानकारी • मेल खाने वाले अभ्यासों के साथ एक चिकित्सीय शब्दकोश/चिकित्सा शब्दावली का पढ़ना • खाली, सही/गलत प्रश्नों के माध्यम से सही व्याकरण के काल और बुनियादी अवधारणाओं पर जानकारी	• 'अपनी समझ के माध्यम' से अभ्यास

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
III	5 (टी)	विभिन्न काल्पनिक परिस्थितियों में शिष्टतापूर्वक श्रवण	**शिष्टतापूर्वक श्रवण** • घोषणा, विवरण, कथन, निर्देश, चर्चा, प्रदर्शन जैसी विभिन्न परिस्थितियों में सुनने पर ध्यान केंद्रित करना • शब्दशः प्रस्तुति करना • शैक्षिक वार्ता/ व्याख्यान सुनना • प्रस्तुति सुनना	• वैकल्पिक, हां/न और रिक्त स्थान भरने जैसी गतिविधियों के साथ श्रवण आधारित कार्यों की घोषणा, समाचार, वृत्तचित्र सुनना	• सही उत्तरों की व्यक्तिगत रूप से जांच करना • विशिष्ट जानकारी के लिए सुनना • समग्र अभिप्राय और निर्देशों के लिए सुनना • दृष्टिकोण और राय को सुनना • ऑडियो, वीडियो सुनना और प्रमुख बिंदुओं की पहचान करना
IV	9 (टी)	आमने–सामने या अन्य माध्यमों से संवाद करते समय, किसी व्यक्ति या टीम के रूप में निर्दिष्ट संदर्भ में उचित समय पर प्रभावी एवं उचित संवाद	**कथन – प्रभावशाली बातचीत** • बातचीत की स्थितियां – अनौपचारिक, औपचारिक और तटस्थ • कथन को प्रभावित करने वाले कारक – समायोजन, विषय, सामाजिक संबंध, मनोभाव और भाषा • अभिवादन, परिचय, अनुरोध करना, अनुमति के लिए अनुरोध करना और अनुमति देना, व्यक्तिगत बातचीत आकस्मिक वार्तालाप • सूचना के लिए अनुरोध करना और, निर्देश देना और मार्गदर्शन करना • सहमत होना और असहमत होना, राय देना • लोगों, स्थानों, घटनाओं और वस्तुओं का वर्णन करना, बताना, रिपोर्ट करना और निष्कर्ष पर पहुंचना • मूल्यांकन और तुलना • शिकायत और सुझाव • टेलीफोन पर बातचीत • प्रस्तुतीकरण देना	• विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार की बोलने की गतिविधियां • संकेत निर्देशित मुक्त चर्चा • प्रस्तुति तकनीक • साथियों और अन्य वयस्कों से बात करना • रोगियों और रोगी परिचारकों से बात करना • अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से बात करना • अध्ययन कक्ष वार्तालाप • परिदृश्य पर आधारित अध्ययन कार्य	• गतिशील वादन परीक्षणों के माध्यम से व्यक्तिगत और सामूहिक/सहकर्मी मूल्यांकन • आपातकाल और दैनिक स्तर पर स्थिति की प्रस्तुति • सौंपना • डॉक्टर/नर्स के दौरे में रिपोर्ट करना • मामले का प्रस्तुतिकरण • आमने–सामने मौखिक संवाद • नर्स का नर्स/रोगी/डॉक्टर से और समूह के अन्य व्यक्तियों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर संवाद • टेलीफोन पर बातचीत
V	5 (टी)	विषय वस्तु, प्रवाह शीट, फ्रेमवर्क, आंकड़े, तालिका, रिपोर्ट, उपाख्यानों में सामग्री का पठन, व्याख्या और समझना	**पठन** • रणनीतियों, नोट्स और संदेशों को पढ़ना • प्रासंगिक लेख और समाचार पढ़ना • रोजमर्रा की गतिविधियों और संक्षिप्त रूपों के लिए शब्दावली और चिकित्सीय शब्दावली	• सूचना, निष्कर्ष और मूल्यांकन के लिए पढ़ने पर विस्तृत कार्य और अभ्यास • चिकित्सीय शब्दावली पर खेल और पहेली • व्याकरण गतिविधियां	• मौखिक रूप से उत्तरों को पढ़ना/संक्षेपित करना/सही ठहराना • रोगी दस्तावेज • देखभाल के जिए चिकित्सीय निर्देश • जर्नल/समाचार पढ़ना और व्याख्या

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• निर्देशों पर दृश्य, रेखांकन, आंकड़ों और नोट्स को समझना • रिपोर्ट पढ़ना और व्याख्या करना • मुहावरों और वाक्यांशों का उपयोग करना, त्रुटि विश्लेषण, प्रस्तुतियों के लिए शब्दावली • उपचारात्मक व्याकरण		करना • नोट्स/रिपोर्ट
VI	5 (टी)	लेखन कौशल के माध्यम से भावों की अभिव्यक्ति	**लेखन कौशल** • रोगी का पूर्ववृत्त लेखन • नोट लेना • सारांश लेखन • उपाख्यानात्मक रिकॉर्ड • पत्र लेखन • डायरी/जर्नल लेखन • रिपोर्ट लेखन • लेख लेखन कौशल • सार लेखन	• कार्य पूर्ति, सुसंगतता और सामंजस्यता, उपयुक्त शब्दावली और सही व्याकरण पर ध्यान देने के साथ लेखन कार्य • निर्देशित और मुक्त कार्य • विभिन्न प्रकार के पत्र लेखन कार्य	• निर्धारित बैंड डिस्क्रिप्टर के खिलाफ शिक्षक–प्रशिक्षक द्वारा पेपर आधारित मूल्यांकन • स्थिति की प्रस्तुति • प्रलेखन • रिपोर्ट लेखन • लेख लेखन कौशल • शब्दशः प्रस्तुति • पत्र लेखन • सार/जीवन वृत्त
VII	8 (टी)	अध्ययन, शिक्षण, प्रशिक्षण और जानकारी, विचार और परिणामों को साझा करने के लिए एलएसआरडब्ल्यू (सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना) कौशल का अनुप्रयोग	**एलएसआरडब्ल्यू कौशल** • सुनने और पढ़ने के लिए महत्वपूर्ण वैचारिक रणनीतियां • मौखिक रिपोर्ट, प्रस्तुति • निर्देश, पत्र और रिपोर्ट लेखन • एलएसआरडब्ल्यू संबंधित त्रुटि विश्लेषण	• वैकल्पिक उत्तरों को मुल्यांकन करना और स्थितिजन्य गतिविधियों के माध्यम से निर्णयों की व्याख्या करना • प्रदर्शन – व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर • सामूहिक चर्चा • प्रस्तुतीकरण • भूमिका निर्वाह • रिपोर्ट लेखन	• मौखिक रूप से और लिखित कार्य/अभ्यास के माध्यम से समेकित मूल्यांकन

व्यावहारिक शरीर रचना विज्ञान (एप्लाइड एनाटॉमी)

स्थापनः सत्र–1

सैद्धांतिकः 3 क्रेडिट (60 घंटे)

निरूपणः पाठ्यक्रम को मानव शरीर की सामान्य संरचना के ज्ञान को याद करने और अधिक अर्जित तथा नर्सिंग अभ्यास करने के लिए नैदानिक अनुप्रयोग पर जोर देने के साथ शारीरिक संरचना में परिवर्तन की पहचान करने के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगे

1. संरचनात्मक शब्दों का वर्णन करना।
2. शरीर की प्रत्येक तंत्र की सामान्य और सूक्ष्म संरचना की व्याख्या करना।
3. शरीर के प्रमुख अंगों और साथ ही उनके सामान्य शारीरिक स्थानों के सापेक्ष स्थिति की पहचान करना।
4. संरचना में परिवर्तन के प्रभाव का अन्वेषण करना।
5. नैदानिक स्थितियों और चिकित्सीय अनुप्रयोगों का विश्लेषण करने के लिए शारीरिक संरचनाओं का ज्ञान लागू करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	8 (टी)	शारीरिक स्थिति के सापेक्ष शब्दों की परिभाषा शारीरिक सतह की व्याख्या गतिविधि की व्याख्या करने के लिए उपयोग की जाने वाली शब्दावली की व्याख्या एवं परिभाषा मानव शरीर और कोशिका, ऊतक झिल्ली और ग्रंथियों की संरचना का संगठन उपास्थि के प्रकारों की व्याख्या कंकाल, अरेखित और हृदय की मांसपेशियों की विशेषताओं की तुलना और निरूपण	**शारीरिक संरचनात्मक शब्दावली और बनावट का परिचय** • स्थिति सापेक्ष शारीरिक शब्दावली का परिचय – एंटीरियर, वेंट्रल, पोस्टीरियर, डॉर्सल, सुपिरियर, इनफिरियर, मीडियन, लेटरल, प्रेक्सिमल, डिस्टल, सुपरफिसियल, डीप, प्रोन, सपाइन, पामर और प्लांटर • शारीरिक सतह (अक्षीय / अनुप्रस्थ / क्षैतिज, अग्रपश्चक / ऊर्ध्वाधर सतह और कोरोनल / फ्रंटल / विकर्ण सतह) • गतिविधि (फ्लेक्सन, एक्सटेंशन, अब्डेक्शन, एडक्शन, मेडियल रोटेशन, लेटरल रोटेशन, इनवर्जन, एवर्जन, सुपिनेशन, प्रोनेशन, प्लांटर फ्लेक्सियन, डॉर्सल फ्लेक्सियन और सर्कमडक्शन) • कोशिका संरचना, कोशिका विभाजन • ऊतक – अभिप्राय, प्रकार, विशेषता, वर्गीकरण, स्थान • झिल्ली, ग्रंथियां – वर्गीकरण और संरचना • शरीर के प्रत्येक क्षेत्र में प्रमुख सतहों और बोनी स्थलों की पहचान करें, मानव शरीर की संरचना • हाइलिन, फाइब्रो कार्टिलेज, इलास्टिक कार्टिलेज • कंकाल, अरेखित और हृदय की मांसपेशियों की विशेषताएं • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान एवं चर्चा • मॉडल का उपयोग • वीडियो प्रदर्शन • माइक्रोस्कोपिक स्लाइड का उपयोग • व्याख्यान एवं चर्चा • वीडियो / स्लाइड • एनाटॉमिकल टोरसो	• प्रश्नोत्तरी • बहुविकल्पी प्रश्न • लघु उत्तर
II	6 (टी)	श्वसन तंत्र की संरचना की व्याख्या श्वसन मांसपेशियों की पहचान और श्वसन तंत्र में उनके योगदान का परीक्षण	**श्वसन तंत्र** • श्वसन अंगों की संरचना • श्वसन मांसपेशियां • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान एवं चर्चा • मॉडल • वीडियो स्लाइड	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
III	6 (टी)	पाचन तंत्र की संरचना की व्याख्या	**पाचन तंत्र** • आहार नली और पाचन के सहायक अंगों की संरचना • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान एवं चर्चा • वीडियो स्लाइड • एनाटॉमिकल टोरसो	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
IV	6 (टी)	रक्त संचार और लसीका तंत्र की संरचना की व्याख्या	**रक्त संचार और लसीका तंत्र** • रक्त घटकों, रक्त वाहिकाओं की संरचना – धमनी और शिरापरक तंत्र • संबंधित संरचनाओं के सापेक्ष हृदय की स्थिति • हृदय कोष्ठ, हृदय परत • हृदय के वाल्व, कोरोनरी धमनियां • तंत्रिका और हृदय की रक्त आपूर्ति	• व्याख्यान • मॉडल • वीडियो / स्लाइड	• लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• लसीका ऊतक • इंट्रावेनस इंजेक्शन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शिरा • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता		
V	4 (टी)	प्रमुख अंतःस्रावी ग्रंथियों की पहचान और अंतःस्रावी ग्रंथियों की संरचना की व्याख्या	**अंतःस्रावी तंत्र** • हाइपोथैलेमस, पीनियल ग्रंथि, पिट्यूटरी ग्रंथि, थायराइड, पैराथाइराइड, थाइमस, अग्न्याशय और अधिवृक्क ग्रंथि की संरचना	• व्याख्यान • मॉडल / चार्ट	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
VI	4 (टी)	विभिन्न संवेदी अंगों की संरचना की व्याख्या	**संवेदी अंग** • त्वचा, आंख, कान, नाक और जीभ की संरचना • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान • वीडियो / मॉडल / चार्ट की सहायता से व्याख्या करें	• लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न
VII	10 (टी)	हड्डियों और जोड़ों की शारीरिक स्थिति और संरचना की व्याख्या अक्षीय और उपांगी कंकाल बनाने वाली प्रमुख हड्डियों की पहचान जोड़ों को वर्गीकरण नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता की पहचान मांसपेशियों की संरचना की व्याख्या नर्सिंग प्रक्रिया / कौशल प्रदर्शन में जानकारी का अनुप्रयोग	**पेशी–कंकाल तंत्र** **कंकाल तंत्र** • शारीरिक स्थिति • हड्डियां – प्रकार, संरचना, वृद्धि और अस्थिकरण • अक्षीय और उपांगी कंकाल • जोड़ – वर्गीकरण, प्रमुख जोड़ और संरचना • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता **पेशी तंत्र** • मांसपेशियों के प्रकार और संरचना • मांसपेशियों के समूह – सिर, गर्दन, वक्ष, पेट, श्रोणि, ऊर्ध्व पाद और अधः पाद की मांसपेशी • प्रमुख मांसपेशियां – डेल्टॉइड, बाइसेप्स, ट्राइसेप्स, श्वसन, उदर, श्रोणि तल, श्रोणि तल की मांसपेशियां, ग्लुटियल मांसपेशियां और विशाल पार्श्वतंत्रिका • नर्सिंग प्रक्रियाओं में शामिल प्रमुख मांसपेशियां	• समीक्षा और चर्चा • व्याख्यान • चर्चा • चार्ट, स्केलेटन और ढीली हड्डियों और टॉरसों की सहायता से व्याख्या करना • प्रयोगशाला में नर्सिंग प्रक्रियाओं में अंतर्निहित मांसपेशियों की पहचान करना	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
VIII	5 (टी)	वृक्क तंत्र की संरचना की व्याख्या	**वृक्क तंत्र** • गुर्दे, मूत्रवाहिनी, मूत्राशय, मूत्रमार्ग की संरचना • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान • मॉडल / चार्ट	• बहुविकल्पी प्रश्न • लघु उत्तर
IX	5 (टी)	प्रजनन तंत्र की संरचना की व्याख्या	**प्रजनन तंत्र** • नर प्रजनन अंगों की संरचना • मादा प्रजनन अंगों की संरचना • स्तन की संरचना	• व्याख्यान • मॉडल / चार्ट	• बहुविकल्पी प्रश्न • लघु उत्तर
X	6 (टी)	नसों, तंत्रिका स्नायुजाल के वितरण सहित तंत्रिका तंत्र की संरचना की व्याख्या	**तंत्रिका तंत्र** • तंत्रिका कोषिका संरचना की समीक्षा • सीएनएस, एएनएस और पीएनएस (केंद्रीय, स्वायत्त और परिधीय)	• व्याख्यान • मॉडल की सहायता से व्याख्या करें • वीडियो स्लाइड	• बहुविकल्पी प्रश्न • लघु उत्तर

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		निलय तंत्र की व्याख्या	• मस्तिष्क, मेरु दंड, कपाल नस, मेरु तंत्रिका, परिधीय तंत्रिकाओं, प्रमस्तिष्क वल्कुट के कार्यात्मक क्षेत्रों की संरचना • निलय तंत्र – संरचना, संचालन और जल निकासी • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता		

टिप्पणी: दौरे, अवलोकन और संचालन के लिए कुछ प्रयोगशाला घंटों की योजना बनाई जा सकती है

(1 क्रेडिट प्रयोगशाला घंटे से कम को अलग से निर्दिष्ट नहीं किया जाता है)

व्यावहारिक शरीर क्रिया विज्ञान (एप्लाइड फिजियोलॉजी)

स्थापन: सत्र–1

सैद्धांतिक: 3 क्रेडिट (60 घंटे)

निरूपण: इस पाठ्यक्रम को छात्रों को शारीरिक स्वास्थ्य के आधार की समझ को सुविधाजनक बनाने, कार्यों में परिवर्तन की पहचान करने और नर्सिंग अभ्यास करने के लिए आवश्यक शारीरिक ज्ञान प्रदान करने में मानव शरीर के अंग तंत्रों के सामान्य कार्यों का व्यापक ज्ञान प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमता: पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगे

1. शरीर के विभिन्न अंग तंत्रों के सामान्य कामकाज की समझ विकसित करना।
2. होमियोस्टैसिस के रखरखाव की दिशा में प्रत्येक अंग तंत्र के सापेक्ष योगदान की पहचान करना।
3. कार्यों में परिवर्तन के प्रभाव का वर्णन करना।
4. नैदानिक स्थितियों और चिकित्सीय अनुप्रयोगों का विश्लेषण करने के लिए शारीरिक आधार का ज्ञान लागू करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	4 (टी)	कोशिका, ऊतक, झिल्ली और ग्रंथि की फिजियोलॉजी की व्याख्या	**सामान्य शरीर क्रिया विज्ञान – मूल अवधारणा** • कोशिका झिल्ली के पार परिवहन सहित कोशिका फिजियोलॉजी • शरीर के तरल पदार्थ के कक्ष, शरीर के कुल तरल पदार्थ का वितरण, अंतःकोशिकीय और कोशिकाबाह्य कक्ष, प्रमुख इलेक्ट्रोलाइट्स और होमोस्टैसिस का रखरखाव • कोशिका चक्र • ऊतक – विन्यास, मरम्मत • झिल्ली और ग्रंथियाँ – कार्य • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• समीक्षा – चर्चा • व्याख्यान एवं चर्चा • वीडियो प्रदर्शन	• प्रश्नोत्तरी • बहुविकल्पी प्रश्न • लघु उत्तर
II	6 (टी)	श्वसन तंत्र की संरचना की व्याख्या श्वसन मांसपेशियों की पहचान और श्वसन तंत्र में उनके योगदान का परीक्षण	**श्वसन तंत्र** • श्वसन अंगों के कार्य • श्वसन की फिजियोलॉजी • फुफ्फुसीय संचालन – कार्यात्मक विशेषताएं • फुफ्फुसीय संवातन, गैसों का आदान–प्रदान • ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड व्यवस्था, ऊतक में गैसों का आदान–प्रदान • श्वसन नियंत्रण	• व्याख्यान • वीडियो स्लाइड	• निबंध • लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• हाइपोक्सिया, सायनोसिस, श्वासकष्ट, आवधिक श्वसन • व्यायाम के दौरान श्वसन परिवर्तन • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता		
III	8 (टी)	पाचन तंत्र की संरचना की व्याख्या	**पाचन तंत्र** • पाचन तंत्र के अंगों के कार्य • लार – संरचना, स्राव का नियंत्रण और लार के कार्य • आमाशयी रस की संरचना और कार्य, आमाशयी स्राव की प्रक्रिया और नियंत्रण • अग्नाशयी रस की संरचना और कार्य, अग्नाशयी स्राव का नियंत्रण • जिगर, पित्ताशय और अग्न्याशय के कार्य • पित्त की संरचना और कार्य • छोटी और बड़ी आंत के स्राव और कार्य • आहार नली की गतिविधियां • मुंह, पेट, छोटी आंत, बड़ी आंत में पाचन, भोजन का अवशोषण • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान एवं चर्चा • वीडियो स्लाइड	• निबंध • लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न
IV	6 (टी)	हृदय के कार्य और रक्त संचालन की फिजियोलॉजी की व्याख्या	**रक्त संचार और लसीका तंत्र** • हृदय के कार्य, प्रवाहकत्व तंत्र, हृदय चक्र, आघात का परिमाण और कार्डियक आउटपुट • रक्तचाप और नाड़ी स्पंदन • संचार – सिद्धांत, रक्तचाप को प्रभावित करने वाले कारक, नाड़ी • चक्रीय संचार, फुफ्फुसीय संचार और दैहिक संचार • हृदय गति – हृदय गति का नियंत्रण • सामान्य मान और विचरण • व्यायाम और आसन में हृदय संबंधी होमियोस्टेसिस • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान • चर्चा • वीडियो / स्लाइड	• लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न
V	5 (टी)	रक्त की संरचना और कार्यों की व्याख्या	**रक्त** • रक्त – कार्य, भौतिक गुण • रक्त कोशिकाओं का निर्माण • एरिथ्रोपोएसिस – आरबीसी के कार्य, आरबीसी जीवन चक्र • डब्ल्यूबीसी – प्रकार, कार्य • बिंबाणु (प्लेटलेट्स) – कार्य और बिंबाणु उत्पादन • रक्त स्कंदन प्रक्रिया, स्कंदन की अवधि, रक्तस्राव की अवधि, पीटीटी • रक्तस्तंभन – वाहिका संकीर्णन की भूमिका, रक्तस्तंभन में बिंबाणु प्लग संरचना, स्कंदन के कारक, स्कंदन के आंतरिक और बाह्य मार्ग • रुधिर वर्ग और प्रकार • जलीय अंतःकला तंत्र के कार्य, प्रतिरक्षा • नर्सिंग में अनुप्रयोग	• व्याख्यान • चर्चा • वीडियो	• निबंध • लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
VI	5 (टी)	प्रमुख अंतःस्रावी ग्रंथियों की पहचान और उनके कार्यों की व्याख्या	**अंतःस्रावी तंत्र** • पीनियल ग्रंथि, पिट्यूटरी ग्रंथि, थायराइड, पैराथाइराइड, थाइमस, अग्न्याशय और अधिवृक्क ग्रंथियों के कार्य और हार्मोन • अन्य हार्मोन • रोग प्रत्यावर्तन • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान • चार्ट के माध्यम से व्याख्या	• लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न
VII	4 (टी)	विभिन्न संवेदी अंगों की संरचना की व्याख्या	**संवेदी अंग** • त्वचा के कार्य • दृष्टि, श्रवण, स्वाद और गंध • अपवर्तन त्रुटियां, उम्र के साथ बदलाव • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान • वीडियो	• लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न
VIII	6 (टी)	हड्डियों, जोड़ों, विभिन्न प्रकार की मांसपेशियों, इनके विशेष गुणों और आपूर्ति करने वाली तंत्रिकाओं की व्याख्या	**पेशी–कंकाल तंत्र** **कंकाल तंत्र** • हड्डियां – कार्य, अक्षीय और उपांगी कंकाल की हड्डियों की गतिविधियां, हड्डी चिकित्सा • जोड़ और उनकी गतिविधियां • जोड़ों के रोग का प्रत्यावर्तन • कंकाल की मांसपेशियों के गुण और कार्य – मांसपेशी संकुचन प्रक्रिया • हृदय की मांसपेशियों और तलीय मांसपेशियों की संरचना और गुण • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान • चर्चा • वीडियो प्रस्तुति	• संरचित निबंध • लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न
IX	4 (टी)	वृक्क तंत्र की फिजियोलॉजी की व्याख्या	**वृक्क तंत्र** • समस्थापन बनाए रखने में गुर्दे के कार्य • जीएफआर • मूत्रवाहिनी, मूत्राशय और मूत्रमार्ग के कार्य • पेशाब का बारबार आना • गुर्दे के कार्य का नियंत्रण • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान • चार्ट और मॉडल	• लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न
X	4 (टी)	प्रजनन तंत्र की संरचना की व्याख्या	**प्रजनन तंत्र** • महिला प्रजनन तंत्र – मासिक धर्म चक्र, अंडाशय के कार्य और हार्मोन, अंडजनन, निषेचन, आरोपण, स्तन के कार्य • पुरुष प्रजनन तंत्र – शुक्राणुजनन, हार्मोन और इसके कार्य, वीर्य • नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता	• व्याख्यान • चार्ट, मॉडल, नमूने के माध्यम से व्याख्या	• लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न
XI	8 (टी)	मस्तिष्क, तंत्रिका उत्तेजना के शरीर क्रिया विज्ञान, सजगता, कपाल और रीढ़ की हड्डी के कार्यों की व्याख्या	**तंत्रिका तंत्र** • तंत्रिका तंत्र का अवलोकन • स्नायु के प्रकार, संरचना और कार्यों की समीक्षा • तंत्रिका प्रवर्तन • ब्रेन–मेडुला, पोंस, सेरेब्रम, सेरिबैलम के कार्यों की	• व्याख्यान एवं चर्चा • वीडियो स्लाइड	• संक्षिप्त संरचित निबंध • लघु उत्तर • बहुविकल्पी प्रश्न

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			समीक्षा • संवेदी और मोटर तंत्रिका तंत्र • परिधीय तंत्रिका तंत्र • स्वचालित तंत्रिका तंत्र • लिम्बिक तंत्र और उच्च मानसिक कार्य – हिप्पोकैम्पस, थैलामस, हाइपोथैलामस • वेस्टिबुलर उपकरण • कपाल नसों का कार्य • स्वचालित कार्य • दर्द की फिजियोलॉजी – दैहिक, आंत और संदर्भित • सजगता • सीएसएफ विन्यास, संरचना, सीएसएफ संचलन, रक्त मस्तिष्क अवरोध और रक्त सीएसएफ अवरोध • नर्सिंग में अनुप्रयोग और आनुषंगिकता		• महत्वपूर्ण प्रतिबिंब

टिप्पणी: दौरे, अवलोकन और संचालन के लिए कुछ प्रयोगशाला घंटों की योजना बनाई जा सकती है

(1 क्रेडिट प्रयोगशाला घंटे से कम को अलग से निर्दिष्ट नहीं किया जाता है)

व्यावहारिक समाज विज्ञान (एप्लाइड सोशियोलॉजी)

स्थापन: सत्र–1

सैद्धांतिक: 3 क्रेडिट (60 घंटे)

निरूपण: इस पाठ्यक्रम को छात्रों को समाज विज्ञान की बुनियादी अवधारणाओं तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक जीवन, स्वास्थ्य, बीमारी और नर्सिंग में इसके आवेदन के बारे में समझ विकसित करने के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमता: पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगे

1. नर्सिंग में समाज विज्ञान के प्रयोजन और महत्व की पहचान।
2. रोगियों की सामाजिक आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए एक समाज में सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक समझ का अनुप्रयोग।
3. स्वास्थ्य और रोग पर सांस्कृतिक प्रभाव की पहचान।
4. परिवार के प्रकार, विवाह और उसके विधान के बारे में समझ का विकास।
5. विभिन्न प्रकार की जाति, वर्ग, सामाजिक परिवर्तन की पहचान और स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य अभ्यासो पर इसके प्रभाव।
6. भारत में सामाजिक व्यवस्था और अव्यवस्था तथा सामाजिक समस्याओं की समझ का विकास।
7. नैदानिक समाज विज्ञान की समझ का एकीकरण और संकट हस्तक्षेप में इसका उपयोग।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	1 (टी)	नर्सिंग में समाज विज्ञान के प्रयोजन और महत्व की व्याख्या करें	**भूमिका** • समाज विज्ञान का अभिप्राय, प्रकृति और प्रयोजन • नर्सिंग में समाज विज्ञान का महत्व	• व्याख्यान • चर्चा	• निबंध • लघु उत्तर
II	15 (टी)	वैयक्तिक, सामूहिक, सामाजीकरण की प्रक्रिया, सामाजिक परिवर्तन और	**सामाजिक संरचना** • समाज, समुदाय, संघ और संस्था की मूल अवधारणा • वैयक्तिक और सामाजिक	• व्याख्यान एवं चर्चा	• निबंध • लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		इनके महत्व की व्याख्या करें	• वैयक्तिक अव्यवस्था • सामाजिक समूह – अभिप्राय, गुण और वर्गीकरण • सामाजिक प्रक्रिया – अभिप्राय और रूप, सहयोग, प्रतियोगिता, संघर्ष, सामंजस्य, आत्मसात, अलगाव • समाजीकरण – गुण, प्रक्रिया, समाजीकरण के माध्यम • सामाजिक परिवर्तन – प्रकृति, प्रक्रिया और नर्स की भूमिका • शहरी, ग्रामीण और आदिवासी समुदाय की संरचना और विशेषताएं • शहरी, ग्रामीण और जनजातीय समुदाय की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याएं • नर्सिंग व्यवहार में सामाजिक संरचना का महत्व		
III	8 (टी)	संस्कृति और स्वास्थ्य एवं रोग पर संस्कृति के प्रभाव का वर्णन करें	**संस्कृति** • सांस्कृतिक प्रकृति, विशेषता और विकास • सांस्कृतिक विविधता और समरूपता • संस्कृति और सभ्यता में अंतर • संस्कृति और समाजीकरण • पारलौकिक समाज • संस्कृति, आधुनिकीकरण और स्वास्थ्य एवं रोग पर इसके प्रभाव	• व्याख्यान • पैनल चर्चा	• निबंध • लघु उत्तर
IV	8 (टी)	परिवार, विवाह और विवाह संबंधित विधान की व्याख्या करें	**परिवार और विवाह** • परिवार – परिवार की विशेषताएं, बुनियादी आवश्यकता, प्रकार और भूमिका • विवाह – विवाह के प्रकार, विवाह से संबंधित सामाजिक रीतिरिवाज और विवाह का महत्व • भारतीय विवाह और परिवार से संबंधित कानून • स्वास्थ्य और स्वास्थ्य प्रथाओं पर विवाह और परिवार का प्रभाव	• व्याख्यान	• निबंध • लघु उत्तर • मामले के अध्ययन पर रिपोर्ट
V	8 (टी)	समाज में विभिन्न प्रकार की जातियों और वर्गों तथा स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव की व्याख्या करें	**सामाजिक विभाजन** • परिचय – विशेषता और विभाजन के प्रकार • विभाजन की भूमिका • भारतीय जाति व्यवस्था – उत्पत्ति और विशेषताएं • समाज में जाति के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव • वर्ग तंत्र और स्थिति • सामाजिक गतिशीलता – अभिप्राय और प्रकार • प्रजाति – अवधारणा, प्रजातीय विभाजन के मानदंड • स्वास्थ्य पर वर्ग, जाति और प्रजाति तंत्र के प्रभाव	• व्याख्यान • पैनल चर्चा	• निबंध • लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
VI	15 (टी)	सामाजिक व्यवस्था, अव्यवस्था, समस्याओं, और सामाजिक समस्याओं को कम करने में नर्स की भूमिका को स्पष्ट	**सामाजिक व्यवस्था और अव्यवस्था** • सामाजिक व्यवस्था – अभिप्राय, सिद्धांत और प्रकार • स्वैच्छिक संघ • सामाजिक तंत्र – अभिप्राय, प्रकार, भूमिका और सामाजिक तंत्र के संरचनात्मक सिद्धांत के रूप में स्थिति • संस्थाओं का पारस्परिक संबंध	• व्याख्यान • सामूहिक चर्चा • अवलोकन दौरे	• निबंध • लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • दौरों की रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		करें	• सामाजिक नियंत्रण – अभिप्राय, उद्देश्य और सामाजिक नियंत्रण प्रक्रिया • सामाजिक मानदंड, नैतिक और मूल्य • सामाजिक अव्यवस्था – अभिप्राय, कारण, नियंत्रण और योजना • प्रमुख सामाजिक समस्याएं – गरीबी, आवास, खाद्य आपूर्ति, निरक्षरता, वेश्यावृत्ति, दहेज, बाल श्रम, बाल शोषण, अपचार, अपराध, मादक द्रव्यों का सेवन, एचआईवी/एड्स, कोविद–19 • कमजोर वर्ग – बुजुर्ग, दिव्यांग, अल्पसंख्यक और अन्य सीमांत वर्ग • वैयक्तिक, महिलाओं और बच्चों के मौलिक अधिकार • सामाजिक समस्या को कम करने और मुकाबला करने की शक्ति बढ़ाने में नर्स की भूमिका • भारत में सामाजिक कल्याण कार्यक्रम		
VIII	8 (टी) 2 (एल)	एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक परीक्षण, और चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, पोषण की व्याख्या तथा अंतःस्रावी विकारों का नर्सिंग प्रबंधन अंतःस्रावी अंगों की शिथिलता के आंकलन में कौशल प्रदर्शन मधुमेह आहार पर स्वास्थ्य शिक्षा की तैयारी और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना इंसुलिन प्रशासन में कौशल प्रदर्शन	**अंतःस्रावी तंत्रीय विकारों वाले रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • अंतःस्रावी तंत्र की संरचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा • नर्सिंग आंकलनः वृत्त लेखन और शारीरिक आंकलन • थायरॉयड और पैराथायराइड, अधिवृक्क और पिट्यूटरी (हाइपर, हाइपो, ट्यूमर) के विकार • मधुमेह	• व्याख्यान, चर्चा एवं प्रदर्शन • अभ्यास सत्र • मामले पर चर्चा • स्वास्थ्य शिक्षा	• स्वतः इंसुलिन लेने पर स्वास्थ्य शिक्षा की तैयारी • मधुमेह आहार योजना की प्रस्तुति
IX	8 (टी) 2 (एल)	एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक परीक्षण, और चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, पोषण की व्याख्या तथा अध्यावरणी तंत्र विकारों का नर्सिंग प्रबंधन अध्यावरणी आंकलन में कौशल प्रदर्शन औषधीय स्नान में कौशल प्रदर्शन त्वचा की देखभाल पर स्वास्थ्य शिक्षा की तैयारी	**अध्यावरणी तंत्रीय विकारों वाले रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • त्वचा की संरचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा • नर्सिंग आंकलनः वृत्त लेखन और शारीरिक मूल्यांकन • संक्रमणः जिल्द की सूजन (डर्मेटेटिस) • डर्मेटोसेस, संक्रामक और असंक्रामक • मुंहासे, एलर्जी, एक्जिमा और पेम्फिगस • सोरायसिस, घातक मेलेनोमा, एलोपेसिया • विशिष्ट चिकित्सा, वैकल्पिक चिकित्सा • अध्यावरणी तंत्रीय विकारों के उपचार में प्रयुक्त की जाने वाली औषधियां	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रदर्शन • अभ्यास सत्र • मामले पर चर्चा	• औषधि रिपोर्ट • होम केयर प्लान की तैयारी

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		और करें और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना			
X	16 (टी) 4 (एल)	एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक परीक्षण, और चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, पोषण की व्याख्या तथा अस्थि–पिंजर (मस्कुलोस्केलेटल) के विकारों का नर्सिंग प्रबंधन अस्थि–पिंजर (मस्कुलोस्केलेटल) आंकलन में कौशल प्रदर्शन रोगी को अस्थि–पिंजर तंत्र (मस्कुलोस्केलेटल) के रोगी को रेडियोलॉजिकल और गैर–रेडियोलॉजिकल जांच के लिए तैयार करना बैसाखी से चलने और घूमने में कौशल प्रदर्शन प्रतिस्थापन सर्जरी वाले रोगी की देखभाल में कौशल प्रदर्शन हड्डी की चिकित्सा पर स्वास्थ्य शिक्षा की तैयारी और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना	**अस्थि–पिंजर (मस्कुलोस्केलेटल) समस्याओं वाले रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • मस्कुलोस्केलेटल प्रणाली की संरचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा • नर्सिंग आंकलनः वृत्त लेखन और शारीरिक आंकलन, नैदानिक परीक्षण • मस्कुलोस्केलेटल आघातः अव्यवस्था, फ्रैक्चर, मोच, तनाव, संलयन, विच्छेदन • मस्कुलोस्केलेटल संक्रमण और ट्यूमरः ऑस्टियोमाइलाइटिस, सौम्य और घातक ट्यूमर • आर्थोपेडिक तौर–तरीकेः कास्ट, स्प्लिट, ट्रैक्शन, बैसाखी की सहायता से चलना • मस्कुलोस्केलेटल सूजनः बर्साइटिस, सिनोव्हाइटिस, गठिया • विशिष्ट चिकित्सा, वैकल्पिक चिकित्सा • मेटाबोलिक हड्डी विकारः ऑस्टियोपोरोसिस, ऑस्टियोमलेशिया और पेजेट की बीमारी • स्पाइनल कॉलम दोष और विकृति – ट्यूमर, प्रोलैप्सड इंटरवर्टेब्रल डिस्क, पोट्स स्पाइन • पुनर्वास, कृत्रिम अंग • प्रतिस्थापन शल्य चिकित्सा	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • मामले पर चर्चा • स्वास्थ्य शिक्षा	• नर्सिंग देखभाल योजना • कास्ट के साथ रोगी की देखभाल पर स्वास्थ्य शिक्षण तैयार करना
XI	20 (टी) 3 (एल)	एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक परीक्षण, और चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, पोषण की व्याख्या तथा संचारी रोगों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन बैरियर और रिवर्स बैरियर तकनीकों में कौशल प्रदर्शन विभिन्न अलगाव प्रोटोकॉल के निष्पादन में कौशल प्रदर्शन	**संचारी रोगों से ग्रसित रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • संक्रामक रोगों का अवलोकन, संक्रामक प्रक्रिया • नर्सिंग आंकलनः वृत्त लेखन और शारीरिक आंकलन, नैदानिक परीक्षण • क्षय रोग • डायरिया रोग, हेपेटाइटिस ए–ई, टाइफाइड • हरपीज, छोटी माता, चेचक, खसरा, कनफेड, श्लैष्मिक ज्वर (इन्फ्लुएंजा) • मस्तिष्कावरण शोथ • गैस गैंग्रीन • कुष्ठ रोग • डेंगू, प्लेग, मलेरिया, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू, फाइलेरिया • डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, पोलियोमाइलाइटिस • कोविद–19 • विशेष संक्रमण नियंत्रण उपायः अधिसूचना, अलगाव, संगरोध, टीकाकरण	• व्याख्यान, चर्चा एवं प्रदर्शन • अभ्यास सत्र • मामले पर चर्चा/संगोष्ठी • स्वास्थ्य शिक्षा • औषधि पुस्तिका/प्रस्तुति • **टीबी नियंत्रण और प्रबंधन मॉड्यूल देखें**	• विभिन्न अलगाव तकनीकों पर प्रोटोकॉल तैयार करना और प्रस्तुत करना

नैदानिक अभ्यास

नैदानिक अभ्यासः 6 क्रडिट (480 घंटे) – 18 सप्ताह × 27 घंटे

व्यावहारिक दक्षताएंः नैदानिक अभ्यास पूरा होने पर, छात्र नर्सिंग प्रक्रिया को लागू करने में सक्षम होंगे और शल्य चिकित्सीय दौर से गुजर रहे वयस्क रोगियों को, पुनर्वसन सहित सदमा और तरल पदार्थ तथा इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के साथ–साथ चयनित चिकित्सीय और शल्य चिकित्सीय स्थितियों जैसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, श्वसन, अंतःस्रावी, हड्डी रोग, त्वचा विज्ञान और हृदय संबंधी विकार में नर्सिंग देखभाल और महत्वपूर्ण सोच देने में सक्षम होंगे।

छात्र निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम होंगे :–

1. अस्पताल में वयस्क रोगियों की देखभाल करने में नर्सिंग प्रक्रिया का उपयोग करना।
   - क) गुणवत्तापरक रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए एक डेटा बेस स्थापित करने के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य आंकलन करना।
   - ख) डेटा संग्रहण प्रक्रिया में नैदानिक परीक्षणों के ज्ञान को एकीकृत करना।
   - ग) नर्सिंग निदान की पहचान करना और उन्हें प्राथमिकता के अनुसार सूचीबद्ध करना।
   - घ) समस्या समाधान दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए नर्सिंग देखभाल योजना तैयार करना।
   - ङ) रोगियों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करते समय वैज्ञानिक सिद्धांतों को लागू करना।
   - च) रोगियों पर कुशलपूर्वक नर्सिंग प्रक्रिया लागू करना।
   - छ) रोगियों और परिवारीजनों के साथ पारस्परिक संबंध स्थापित/विकसित करना।
   - ज) अपेक्षित परिणामों का मूल्यांकन करना और रोगी की आवश्यकताओं के अनुसार योजना को संशोधित करना।
2. अस्पताल में वयस्क रोगियों को आराम और सुरक्षा प्रदान करना।
3. अस्पताल में भर्ती के दौरान रोगियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाए रखना।
4. रोगियों और परिवारीजनों को नर्सिंग कार्यवाही की उचित तरीके से व्याख्या करना।
5. नर्सिंग प्रक्रिया प्रदान करते समय रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
6. चिकित्सीय और शल्य चिकित्सीय विकारों के संबंध में रोगी और उनके परिवारीजनों की शैक्षिक आवश्यकताओं का आंकलन करना और रोगियों को उचित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना।
7. रोगियों को शल्य चिकित्सा से पहले, शल्य चिकित्सा के दौरान और शल्य चिकित्सा के बाद देखभाल प्रदान करना।
8. विभिन्न चिकित्सीय और शल्य चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त रोगियों की पैथोलॉजी, पोषण और फार्माकोलॉजी की जानकारी को एकीकृत करना।
9. रोगियों को नर्सिंग देखभाल देते समय साक्ष्य–आधारित जानकारी को एकीकृत करना।
10. नर्सिंग अभ्यास में विधिक और नैतिक मुद्दों के बारे में जागरूकता का प्रदर्शन करना।

1. चिकित्सीय स्थितियों वाले रोगियों का पोषण प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- अंतःशिरा चिकित्सा
- मास्क के माध्यम से ऑक्सीजन
- नाक के माध्यम से ऑक्सीजन
- वेंचुरी मास्क
- नेबुलाइजेशन
- छाती की फिजियोथेरेपी

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
सामान्य चिकित्सा	4	अंतःशिरीय इंजेक्शन प्रशासन और अंतःशिरीय चिकित्सा में कौशल विकसित करना नैदानिक प्रक्रियाओं में सहायता करना	• अंतःशिरीय चिकित्सा ○ अंतःशिरीय कैनुलेशन ○ अंतःशिरीय रखरखाव और निगरानी ○ अंतःशिरीय दवा प्रशासन • केंद्रीय लाइन के साथ रोगी की देखभाल • थोरैसेन्टेसिस, उदरीय पेरेसेंटेसिस जैसी नैदानिक प्रक्रियाओं से गुजरने वाले रोगियों की तैयारी और सहायता तथा निगरानी	• देखभाल का अध्ययन – 1 • स्वास्थ्य शिक्षा • नैदानिक प्रस्तुति/देखभाल नोट – 1	• नैदानिक मूल्यांकन • ओएससीई • देखभाल का अध्ययन मूल्यांकन • देखभाल नोट/नैदानिक

		श्वसन रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना चयापचयी विकारों वाले रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना	**श्सवन रोगियों का प्रबंधन** • मास्क, नाक के किनारे, वेंटुरी मास्क के माध्यम से ऑक्सीजन चढ़ाना • पल्स ओक्सिमेट्री • नेबुलाइजेशन • छाती की फिजियोथेरेपी • पोस्ट्युरल ड्रेनेज • ऑरोफरीन्जियल सक्शनिंग • सीने में जलन वाले रोगियों की देखभाल • आहार योजना ○ उच्च प्रोटीन आहार ○ मधुमेह रोगी का आहार • इंसुलिन देना • जीआरबीएस निगरानी		प्रस्तुति

2. शल्यचिकित्सीय स्थितियों वाले रोगियों का पोषण प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- नसोगैस्ट्रिक एस्पिरेशन
- सर्जिकल ड्रेसिंग
- सीवन निकालना
- कोलोस्टोमी देखभाल/इलोस्टोमी देखभाल
- नलियों के माध्यम से रोगी के पेट में भोजन पहुंचाने की विधि

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
सामान्य शल्य चिकित्सीय वार्ड	4	शल्य चिकित्सा से पहले और बाद की अवधि के दौरान रोगियों की देखभाल में कौशल विकसित करना नैदानिक प्रक्रियाओं में सहायता करना जठरांत्र समस्याओं से ग्रस्त रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना घाव प्रबंधन में कौशल विकसित करना	• शल्य चिकित्सा से पहले की देखभाल • शल्य चिकित्सा के तुरंत बाद की देखभाल • शल्य चिकित्सा के बाद के व्यायाम • दर्द आंकलन • दर्द प्रबंधन • नैदानिक प्रक्रिया में सहायता करना और निम्नलिखित प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद रोगियों की देखभालः ○ कॉलोनोस्कोपी ○ ईआरसीपी ○ एंडोस्कोपी ○ लिवर बायोप्सी • नसोगैस्ट्रिक एस्पिरेशन • गैस्ट्रोस्टोमी/जेजुनोस्टॉमी फीड्स • इलियोस्टोमी/कोलोस्टोमी देखभाल • सर्जिकल ड्रेसिंग • सीवन निकालना • सर्जिकल सोक • सिट्ज स्नान • नाली की देखभाल	• देखभाल अध्ययन – 1 • स्वास्थ्य शिक्षा	• नैदानिक मूल्यांकन, ओएससीई • देखभाल अध्ययन • देखभाल नोट/नैदानिक प्रस्तुति

3. हृदय रोगियों का पोषण प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- हृदय संबंधी आंकलन
- ईसीजी का विवेचन
- बीएलएस/बीसीएलएस
- सीपीआर
- एबीजी विश्लेषण
- रक्त का नमूना लेना
- धमनीय रक्त गैस विश्लेषण – विवेचन

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
हृदय रोग (कार्डियोलॉजी) वार्ड	2	हृदय रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना रक्त संबंधी विकारों से ग्रसित रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना	• हृदय की निगरानी • ईसीजी की रिकॉर्डिंग और विवेचना • धमनीय रक्त गैस विश्लेषण – विवेचन • हृदय संबंधी दवाओं का प्रशासन • हृदय कैथीटेराइजेशन के लिए रोगियों की तैयारी और बाद की देखभाल • सीपीआर • निम्नलिखित के लिए रक्त के नमूनों का संग्रहण: • ब्लड ग्रुपिंग/ क्रॉस मैचिंग • रक्त शरकरा • सीरम इलेक्ट्रोलाइट्स • रक्ताधान में सहायता करना • बोन मेरो एस्पिरेशन में सहायता करना • एंटी–एम्बोलिज्म स्टॉकिंग्स (टीईडी नली) का अनुप्रयोग • अनुक्रमिक संपीड़न यंत्र के अनुप्रयोग/रखरखाव	• हृदय रोग आंकलन – 1 • औषधि प्रस्तुति – 1	• नैदानिक मूल्यांकन • औषधि प्रस्तुति

4. कोल प्रणाली के विकारों से ग्रसित रोगियों का पोषण प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- सामयिक औषधियों का अनुप्रयोग

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
त्वचाविज्ञान (डर्मेटोलॉजी) वार्ड	1	कोल प्रणाली के विकारों से ग्रसित रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना	• इंट्राडर्मल इंजेक्शन – स्किन एलर्जी परीक्षण • सामयिक औषधियों का अनुप्रयोग • औषधीय स्नान		• नैदानिक मूल्यांकन

5. संचारी रोगों से ग्रसित रोगियों का पोषण प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

- बैरियर नर्सिंग
- रिवर्स बैरियर नर्सिंग
- मानक सावधानियां

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
अलगाव (आइसोलेशन) वाड	1	अलगाव (आइसोलेशन) की आवश्यकता वाले रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना	• बैरियर नर्सिंग • रिवर्स बैरियर नर्सिंग • मानक सावधानियां (सार्वभौमिक सावधानियां), पीपीई का उपयोग, सुईं चुभने और तेज चोट की रोकथाम, सफाई और कीटाणुशोधन, श्वसन स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान और सुरक्षित इंजेक्शन प्रथा	• देखभाल नोट – 1	• नैदानिक मूल्यांकन • देखभाल नोट

6. अस्थि–पिंजर (मस्कुलोस्केलेटल) प्रणाली के रोगियों का पोषण प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- परिचालन व्यायाम की सीमा
- मांसपेशियों को मजबूत बनाने वाले व्यायाम
- क्रच के साथ चलना

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
आर्थोपेडिक वार्ड	2	अस्थि–पिंजर (मस्कुलोस्केलेटल) समस्याओं से ग्रसित रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना	• मायलोग्राम/सीटी/एमआरआई के लिए रोगी की तैयारी • पीओपी/कास्ट को लगाने और हटाने में सहायता करना • त्वचा कर्षण/कंकाल कर्षण वाले रोगी की तैयारी, सहायता और देखभाल • ऑर्थोटिक्स की देखभाल • मांसपेशियों को मजबूत बनाने वाले व्यायाम • क्रच के साथ चलना • पुनर्वास	• देखभाल नोट – 1	• नैदानिक मूल्यांकन • देखभाल नोट

7. शल्य चिकित्सीय कक्ष के रोगियों का पोषण प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- स्क्रबिंग, गाउनिंग और ग्लोविंग
- आम शल्य चिकित्सीय उपकरणों के लिए दिशानिर्देश
- सीवन सामग्री के लिए दिशानिर्देश
- पोजिशनिंग

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
शल्य चिकित्सीय कक्ष	4	अंतर शल्य चिकित्सीय (इंट्राऑपरेटिव) रोगियों की देखभाल करने में कौशल विकसित करना	• स्थिति और ड्रैपिंग • शल्य चिकित्सीय टेबल तैयार करना • यंत्र के साथ ट्राली व्यवस्थित करना • बड़े और छोटे ऑपरेशन में सहायता	• संचारी नर्स के रूप में सहायता करना – 4 • पोजिशनिंग और ड्रेपिंग– 5 • बड़ी शल्य चिकित्सा में स्क्रब नर्स के रूप में	• नैदानिक मूल्यांकन, ओएससीई

			करना • उपकरणों का कीटाणुशोधन और रोगाणुशोधन • स्क्रबिंग प्रक्रिया – गाउनिंग, मास्किंग और ग्लोविंग • अंतरा शल्य चिकित्सीय निगरानी	सहायता करना – 4 • छोटी शल्य चिकित्सा में स्क्रब नर्स के रूप में सहायता करना – 4	

औषध विज्ञान (फार्माकोलॉजी) II
मॉड्यूल निर्धारण के मूल सिद्धांतों सहित

स्थापनः सत्र–4

सैद्धांतिकः 3 क्रेडिट (60 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को फार्माकोडायनामिक्स, फार्माकोकाइनेटिक्स, चिकित्सा विज्ञान के सिद्धांत और नर्सिंग तात्पर्य की समझ को विकसित करने के लिए तैयार किया गया है। आगे, यह छात्रों में औषधि निर्धारण के मूल सिद्धांतों की समझ भी विकसित करता है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. कान, नाक, गले और आंखों के विकारों के उपचार में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या।
2. मूत्र प्रणाली के विकारों के उपचार में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या।
3. तंत्रिका तंत्र के विकारों के उपचार में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या।
4. हार्मोनल प्रतिस्थापन और गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसवोत्तर अवधि के दौरान प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या।
5. आपातकालीन स्थिति और प्रतिरक्षा विकारों के उपचार में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या।
6. औषध विज्ञान की बुनियादी समझ के साथ विभिन्न प्रणालियों के विकारों के उपचार में प्रयुक्त औषधियों के सुरक्षित प्रशासन में नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर चर्चा।
7. चिकित्सा की वैकल्पिक प्रणाली में प्रयुक्त औषधियों के बारे में समझ का प्रदर्शन।
8. औषधि निर्धारण के मूल सिद्धांतों के बारे में समझ का प्रदर्शन।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा
टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	4 (टी)	कान, नाक, गले और आंखों के विकारों में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या और नर्स की जिम्मेदारियां	**कान, नाक, गले और आंखों के विकारों में प्रयुक्त औषधियां** • हिस्टामिन–रोधी • आंख के लिए सामयिक अनुप्रयोग (क्लोराम्फेनिकॉल, जेंटामाइसिन आई ड्रॉप), कान (सोडा ग्लिसरीन, बोरिक स्पिरिट इयर ड्रॉप्स), नाक और बकल कैविटी–क्लोरहेक्सिडाइन माउथवॉश • संरचना, क्रिया, खुराक, मार्ग, लक्षण, अंतर्विरोध, औषधि का पारस्परिक प्रभाव, दुष्प्रभाव, प्रतिकूल प्रभाव, विषाक्तता और नर्स की भूमिका	• व्याख्यान एवं चर्चा • औषधि अध्ययन/प्रस्तुति	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
II	4 (टी)	मूत्र प्रणाली में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या और नर्स की जिम्मेदारियां	**मूत्र प्रणाली में प्रयुक्त औषधियां** • आमतौर पर प्रयुक्त औषधियों की फार्माकोलॉजी ○ रेनिन एंजियोटेंसिन प्रणाली ○ मूत्रवर्धक और एंटीडायरेक्टिक्स ○ गुर्दे के लिए विषाक्त औषधियां ○ मूत्र संबंधी रोगाणुरोधक ○ यूटीआई का उपचार – अम्लीय और क्षारीय	• व्याख्यान एवं चर्चा • औषधि अध्ययन/प्रस्तुति	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• संरचना, क्रिया, खुराक, मार्ग, लक्षण, अंतर्विरोध, औषधि का पारस्परिक प्रभाव, दुष्प्रभाव, प्रतिकूल प्रभाव, विषाक्तता और नर्स की भूमिका		
III	10 (टी)	तंत्रिका तंत्र में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या और नर्स की जिम्मेदारियां	**तंत्रिका तंत्र में प्रयुक्त औषधियां** • आमतौर पर प्रयुक्त औषधियों की मौलिक और अनुप्रयुक्त फार्माकोलॉजी • एनाल्जेसिक और एनेस्थेटिक्स ○ पीड़ानाशक (एनाल्जेसिक): नॉनस्टेरॉइडल एंटी–इंफ्लेमेटरी (एनएसएआईडी) औषधियां ○ ज्वरनाशी (एंटीपायरेटिक्स) ○ ओपियोइड्स और अन्य प्रमुख दर्द निवारक ✓ सामान्य (जीए तकनीक, पूर्व संवेदनाहारी औषधि) और स्थानीय संवेदनहीनता ✓ गैसें: ऑक्सीजन, नाइट्रस ऑक्साइड, कार्बनडाइऑक्साइड और अन्य • निद्राजनक और शामक • कंकाल की मांसपेशियों को आरामदेह • मनोविकार के प्रति प्रभावकारी (एंटीसाइकोटिक्स) ○ मनोदशा स्थिर करने वाली (मूड स्टेबलाइजर्स) • अवसादरोधी (एंटीडिप्रेसन्ट) • चिंतारोधी औषधियां • विघटनकारी (एंटीकनवलसेंट) • तंत्रिका संबंधी (न्यूरोडीजेनेरेटिव) विकारों की औषधियों और विविध औषधियां • उत्तेजक, एथिल अल्कोहल और मिथाइल अल्कोहल विषाक्तता का उपचार • संरचना, क्रिया, खुराक, मार्ग, लक्षण, अंतर्विरोध, औषधि का पारस्परिक प्रभाव, दुष्प्रभाव, प्रतिकूल प्रभाव, विषाक्तता और नर्स की भूमिका	• व्याख्यान एवं चर्चा • औषधि अध्ययन/प्रस्तुति	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
IV	5 (टी)	हार्मोनल विकार एवं पूरकता, गर्भनिरोध, तथा चिकित्सीय गर्भपात में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या और नर्स की जिम्मेदारियां	**हार्मोनल विकार एवं पूरकता, गर्भनिरोध, तथा चिकित्सीय गर्भपात में प्रयुक्त औषधियां** • एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरोन ○ मौखिक गर्भनिरोधक और हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी • योनि गर्भनिरोधकों • बांझपन और चिकित्सी गर्भपात के लिए औषधियां ○ गर्भाशय उत्तेजक और आरामदायक • संरचना, क्रिया, खुराक, मार्ग, लक्षण, अंतर्विरोध, औषधि का पारस्परिक प्रभाव,	• व्याख्यान एवं चर्चा • औषधि अध्ययन/प्रस्तुति	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			दुष्प्रभाव, प्रतिकूल प्रभाव, विषाक्तता और नर्स की भूमिका		
V	3 (टी)	प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव के पश्चात प्रयुक्त महत्वपूर्ण औषधियों की समझ का विकास	**गर्भवती महिलाओं पर प्रसव के पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव के पश्चात प्रयुक्त औषधियां** • टेटनस प्रोफिलैक्सिस • लौह और विटामिन के1 पूरक • ऑक्सीटोसिन, मिसोप्रोस्टोल • इर्गोमेट्रिन • मिथाइल प्रोस्टाग्लैंडीन एफ2–अल्फा • मैग्नीशियम सलफेट • कैल्शियम ग्लूकोनेट	• व्याख्यान एवं चर्चा • औषधि अध्ययन/प्रस्तुति	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
VI	10 (टी)	व्यसन मुक्ति, आपातकाल, विषाक्तीकरण, विटामिन और मिनरल आपूर्ति में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या; टीकाकरण एवं प्रतिरक्षा–दमन में प्रयुक्त औषधियों की व्याख्या और नर्स की जिम्मेदारियां	**विविध औषधियां** • व्यसन मुक्ति के लिए प्रयुक्त औषधियां • सीपीआर और आपातकाल में प्रयुक्त औषधियां – एड्रेनालाईन, क्लोरफेनिरमाइन, हाइड्रोकार्टिसोन, डेक्सामेथासोन • शिराभ्यंतर तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स प्रतिस्थापन • आम जहर, विषाक्तता के उपचार में प्रयुक्त औषधियां ○ सक्रिय चारकोल ○ इपेकैक ○ विषहर औषधि ○ एंटी–स्नेक वेनम (एएसवी) • विटामिन और खनिज पूरकता • टीके और सीरा (सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम अनुसूची) • एंटीकैंसर औषधिः आमतौर पर प्रयुक्त केमोथेराप्यूटिक औषधियां • इम्यूनो–सप्रेसेंट्स और इम्यूनोस्टिमुलेंट्स	• व्याख्यान एवं चर्चा • औषधि अध्ययन/प्रस्तुति	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
VII	4 (टी)	चिकित्सा की वैकल्पिक प्रणाली में प्रयुक्त सामान्य औषधियों के बारे में समझ का प्रदर्शन	**चिकित्सा की वैकल्पिक प्रणाली में प्रयुक्त औषधियों का परिचय** • आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्धा आदि • सामान्य रोगों में प्रयुक्त औषधियां	• व्याख्यान एवं चर्चा • अवलोकन हेतु दौरे	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
VIII	20 (टी)	औषधि निर्धारण के मूल सिद्धांतों के बारे में समझ का प्रदर्शन	**औषधि निर्धारण के मूल सिद्धांत** • नर्स चिकित्सकों की निर्धारित भूमिकाः परिचय • औषधि निर्धारण से संबंधित विधिक और नैतिक मुद्दे • औषधि निर्धारण के सिद्धांत • औषधि निर्धारण के चरण • औषधि निर्धारण दक्षताएं	• औषधि निर्धारण के मौलिक सिद्धांतों के मॉड्यूल का समापन	• लघु उत्तर • निहित कार्य का मूल्यांकन

विकृत विज्ञान/रोग निदान (पैथोलॉजी) II एवं आनुवांशिकी (जेनेटिक्स)

स्थापनः सत्र–4

सैद्धांतिकः 1 क्रेडिट (20 घंटे) (प्रयोगशाला घंटे भी शामिल हैं)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को रोग की विभिन्न स्थितियों के निदान, आनुवंशिकी की समझ, दोषों और रोगों के कारण और प्रबंधन में इसकी भूमिका और नर्सिंग अभ्यास में इसे लागू करने हेतु ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. विकृति के सामान्य से असामान्य विचलन को समझने में पैथोलॉजी के ज्ञान को लागू करना।
2. रोग संबंधी विकारों के निदान में विभिन्न प्रयोगशाला जांचों को तर्कसंगत बनाना।
3. विभिन्न परीक्षणों के लिए रक्त, गुह्यीय तरल पदार्थ, मूत्र और मल के संग्रहण के तरीकों की समझ का प्रदर्शन करना।
4. विभिन्न रोग विकारों को समझने में आनुवंशिकी के ज्ञान को लागू करना।
5. आनुवंशिक असामान्यताओं वाले रोगियों में विभिन्न अभिव्यक्तियों की सराहना करना।
6. आनुवंशिक असामान्यताओं का पता लगाने में विशिष्ट नैदानिक परीक्षणों को तर्कसंगत बनाना।
7. आनुवंशिकी से संबंधित विभिन्न सेवाओं की समझ का प्रदर्शन करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	5 (टी)	विभिन्न प्रणालियों की रोग स्थितियों में पैथोलॉजिकल परिवर्तन की व्याख्या	**विशिष्ट पैथोलॉजी** **चयनित प्रणालियों की रोग स्थितियों में पैथोलॉजिकल परिवर्तनः** **1. वृक्क और मूत्र मार्ग** • स्तवकवृक्कशोथ (ग्लोमेरुलोनेफ्रिटिस) • वृक्कगोणिकाशोथ (पाइलोनेफ्रिटिस) • गुर्दे की पथरी (रीनल केलकुली) • मूत्राशयशोध (सिस्टाइटिस) • वृक्क कोशिका कार्सिनोमा • वृक्क विफलता (घातक व दीर्घकालिक) **2. पुरुष जननांग प्रणाली** • गुप्तवृषणता (क्रिप्टोर्चिडिज्म) • वृषण शोष • प्रोस्टेट के तंतुओं में असामान्य वृद्धि • कार्सिनोमा जननेंद्रिय और प्रोस्टेट **3. महिला जननांग प्रणाली** • गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर • गर्भाशय अंतःस्तर का कैंसर • तंतुमय गर्भाशय (यूटिरिन फाइब्रॉएड) • वेसिक्यूलर मोल और जरायु कैंसर • डिम्बग्रंथि का अल्सर और ट्यूमर **4. स्तन** • फाइब्रोसिस्टिक परिवर्तन • फाइब्रोएडीनोमा • स्तन का कैंसर **5. केंद्रीय तंत्रिका तंत्र** • मस्तिष्कावरण शोथ (मेनिनजिटिस)	• व्याख्यान • चर्चा • स्लाइड्स, एक्स–रे और स्कैन द्वारा स्पष्टीकरण • नैदानिक प्रयोगशालाा, अंतरीक्षा इकाई और शल्य–चिकित्सा कक्ष के दौरे	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• इंसेफेलाइटिस • आघात (स्ट्रोक) • सीएनएस का ट्यूमर		
II	5 (टी)	शारीरिक गुह्य तरल पदार्थ (केविटी फ्लुयड), मूत्र और मल की जांच के लिए प्रयोगशाला परीक्षणों की व्याख्या	**नैदानिक रोग निदान (क्लीनिकल पैथोलॉजी)** • शारीरिक गुह्य तरल पदार्थों का परीक्षणः ○ सीएसएफ और अन्य शारीरिक गुह्य तरल पदार्थों (थूक, घाव का स्राव) के विभिन्न नैदानिक रोग निदान, जैव रसायनिक और सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक परीक्षणों के लिए नमूनों का संग्रहण और परीक्षण के तरीके • वीर्य का विश्लेषणः ○ शुक्राणु गणना, परिवर्तनशीलता एवं आकारिकी और बांझपन में उनकी सार्थकता • मूत्रः ○ भौतिक लक्षण, विश्लेषण, संस्कृति और संवेदनशीलता • मलः ○ लक्षण ○ मल की परीक्षाः मल में खून आना (ओकल्ट ब्लड), अंडाणु (ओवा), परजीवी व अल्सर, अपचायक पदार्थ, आदि ○ मूत्र और मल के विभिन्न परीक्षणों के लिए संग्रहण के तरीके	• व्याख्यान • चर्चा • नैदानिक प्रयोगशाला और जैव रसायन प्रयोगशाला के दौरे	• लघु उत्तरीय प्रश्न • वस्तुनिष्ठ प्रश्न

आनुवांशिकी (जेनेटिक्स)

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	2 (टी)	आनुवंशिकता की प्रकृति, सिद्धांतों और दृष्टिकोणों की व्याख्या	**परिचयः** • नर्सिंग में आनुवांशिकी का व्यावहारिक अनुप्रयोग • परिवार पर आनुवंशिक स्थिति का प्रभाव • सेलुलर डिवीजन की समीक्षाः सूत्रीविभाजन (माइटोसिस) व अर्धसूत्रीविभाजन (मीयोसिस) • जीन की विशेषताएं और संरचना • गुणसूत्रः लिंग निर्धारण • क्रोमोसोमल विपथन • वंशानुगतता के पैटर्न • वंशानुगतता का मेंडेलियन सिद्धांत	• व्याख्यान • चर्चा • स्लाइड्स द्वारा स्पष्टीकरण	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• अपवर्त्य आवंटन व रक्त समूह (ब्लड ग्रुप) • यौन आधारित वंशानुगतता • वंशानुगतता तंत्र • संचरण में त्रुटियां (उत्परिवर्तन)		
II	2 (टी)	विकारों और रोगों के विकास पर मातृ, प्रसवपूर्व और आनुवंशिक प्रभावों की व्याख्या	**विकारों और रोगों के विकास पर मातृ, प्रसवपूर्व और आनुवंशिक प्रभाव** • मां को प्रभावित करने वाली परिस्थितियां: आनुवंशिक और संक्रमण • सगोत्रता – एलर्जी उत्पन्न होने की आनुवंशिकी प्रवृत्ति (कनसेंगुइटी अटॉपी) • प्रसव पूर्व पोषण और खाद्य एलर्जी • मातृ उम्र • मातृ औषधि चिकित्सा • प्रसव पूर्व परीक्षण और निदान • विकिरण, औषधियों व रसायनों का प्रभाव • बांझपन • त्वरित गर्भपात • तंत्रिका ट्यूब दोष और जोखिम कम करने में फोलिक एसिड की भूमिका • डाउन सिंड्रोम (ट्राइसॉमी 21)	• व्याख्यान • चर्चा • स्लाइड्स द्वारा स्पष्टीकरण	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
III	2 (टी)	नवजात शिशु और बच्चों में आनुवांशिक विकार और रोगों के लिए स्क्रीनिंग के तरीकों का वर्णन	**नवजात शिशुओं और बच्चों में आनुवंशिक परीक्षण** • निम्नलिखित के लिए स्क्रीनिंग ○ जन्मजात असामान्यताएं ○ विकासात्मक देरी ○ डिस्मोर्फिज्म	• व्याख्यान • चर्चा • स्लाइड्स द्वारा स्पष्टीकरण	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
IV	2 (टी)	किशोर और वयस्कों में आनुवंशिक विकारों की पहचान	**किशोर व वयस्कों की आनुवंशिक स्थिति** • कैंसर आनुवांशिकी: पारिवारिक कैंसर • चयापचय की जन्मजात त्रुटियां • रक्त समूह जेनेटिक तत्व और हेमटोलॉजिकल विकार • आनुवंशिक हीमोक्रोमैटोसिस • हनटिंग्टन रोग • मानसिक रोग	• व्याख्यान • चर्चा • स्लाइड्स द्वारा स्पष्टीकरण	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
V	2 (टी)	आनुवंशिक सेवाओं में नर्स की भूमिका का वर्णन और परामर्श	**आनुवंशिकी से संबंधित सेवाएं** • आनुवंशिक परीक्षण • वंशाणु चिकित्सा • आनुवांशिक परामर्श • विधिक और नैतिक मुद्दे • नर्स की भूमिका	• व्याख्यान • चर्चा	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ

व्यस्क स्वास्थ्य नर्सिंग II एवं एकीकृत पैथोफिजियोलॉजी (जराचिकित्सा सहित) तथा प्रशामक देखभाल मॉड्यूल

स्थापनः सत्र–4

सैद्धांतिकः 7 क्रेडिट (140 घंटे)

व्यावहारिक : प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला – 1 क्रेडिट (40 घंटे) नैदानिक – 6 क्रेडिट (480 घंटे)

निरूपणः इस पाठ्यक्रम को नर्सिंग प्रक्रिया दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए चिकित्सीय/शल्य चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त वयस्क रोगियों की देखभाल में एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री और व्यवहार विज्ञान के अपने ज्ञान की समीक्षा करने और लागू करने के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए विकसित किया गया है। इसमें विभिन्न चिकित्सीय/शल्य चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त वयस्क रोगियों के आंकलन, निदान, उपचार, नर्सिंग प्रबंधन और सहायक/उपशामक देखभाल तथा पुनर्वास देखभाल के लिए आवश्यक दक्षताओं को विकसित करना भी शामिल है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम के समाप्ति पर छात्र चयनित चिकित्सीय/शल्य चिकित्सीय नर्सिंग परिस्थितियों में समग्र नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में नर्सिंग प्रक्रिया दृष्टिकोण और महत्वपूर्ण सोच को लागू करेंगे।

चिकित्सीय/शल्य चिकित्सीय नर्सिंग–2 पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. सामान्य चिकित्सीय और शल्य चिकित्सीय विकारों के एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, अभिव्यक्ति, नैदानिक अध्ययन, उपचार और जटिलताओं की व्याख्या करना।
2. गुणवत्तापरक रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए डेटा बेस स्थापित करने और डेटा संग्रह की प्रक्रिया में नैदानिक परीक्षणों के ज्ञान को एकीकृत करने के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य आंकलन करना।
3. निदान की पहचान करना, उन्हें प्राथमिकता के अनुसार सूचीबद्ध करना और नर्सिंग देखभाल योजना तैयार करना।
4. रोगियों को व्यापक नर्सिंग देखभाल देते हुए कुशलतापूर्वक नर्सिंग प्रक्रियाओं को निष्पादित करना और वैज्ञानिक सिद्धांतों को लागू करना।
5. विभिन्न चिकित्सीय और शल्य चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त रोगियों की देखभाल में शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान, पैथोलॉजी, पोषण और फार्माकोलॉजी के ज्ञान को एकीकृत करना।
6. नर्सिंग आंकलन और जिम्मेदारियों पर जोर देने के साथ स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित आम नैदानिक उपायों की पहचान करना।
7. नैदानिक और चिकित्सीय प्रक्रियाओं की सहायता/प्रदर्शन करने में कौशल प्रदर्शन करना।
8. चिकित्सीय शल्य चिकित्सीय विकारों के उपचार से गुजर रहे रोगियों के उपचार में दक्षता/कौशल का प्रदर्शन करना।
9. चिकित्सीय शल्य चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त रोगियों के उपचार में उपयुक्त औषधियों को पहचानना।
10. महत्वपूर्ण चिकित्सीय शल्य चिकित्सीय विषयों पर प्रासंगिक व्यक्तिगत और सामूहिक शिक्षा की योजना बनाना और प्रदान करना।
11. अस्पताल में रोगियों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाए रखना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक, एल/एसएल – प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	12 (टी) 4 (एसएल)	ईएनटी विकारों से ग्रस्त रोगियों की एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक उपाय और चिकित्सीय, शल्य चिकित्सीय, पोषण एवं नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या	**कान, नाक और गले के विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** (जिसमें एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक उपाय और चिकित्सीय, शल्य चिकित्सीय, पोषण एवं नर्सिंग प्रबंधन सम्मिलित है) • कान, नाक और गले की शारीरिक रचना तथा शरीर विज्ञान की समीक्षा • वृत्त लेखन, भौतिक आंकलन एवं नैदानिक परीक्षण • **कान** ○ कान का बाहरी भागः विकृति, कान दर्द (ओटल्गिया), विजातीय पदार्थ एवं ट्यूमर ○ कान का मध्य भागः अंतर्घटित मोम, स्पर्शक, झिल्ली वेध, मध्य कर्ण शोध (ओटिटिस मीडिया) एवं ट्यूमर ○ कान की आंतरिक भागः मेनियार रोग, लेबिरिंथाइटिस, ओटोटॉक्सिसिटी ट्यूमर • ऊपरी श्वसन वायुमार्ग संक्रमणः	• व्याख्यान एवं चर्चा • श्रवण यंत्र, नाक पैकिंग, औषधि प्रशासन का प्रदर्शन • श्रवण एवं वाक निदानशाला के दौरे	• बहुविकल्पी प्रश्न • लघु उत्तर • निबंध • ओएससीई • चेकलिस्ट का उपयोग करते हुए कौशल मूल्यांकन • प्रश्नोत्तरी • औषधि पुस्तक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			राइनाइटिस, साइनसाइटिस, टॉन्सिलिटिस, लैरिंगाइटिस • एपिस्टेक्सिस, नाक की रुकावट, लेरिंजियल बाधा • बहरापन और उसका प्रबंधन		
II	12 (टी) 4 (एसएल)	नेत्र विकार से ग्रस्त रोगियों की एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक उपाय एवं प्रबंधन की व्याख्या नेत्रदान, नेत्र बैंक एवं प्रत्यारोपण की व्याख्या	**नेत्र विकार से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • नेत्र की शारीरिक रचना तथा शरीर विज्ञान की समीक्षा • वृत्त लेखन, भौतिक आंकलन, नैदानिक आंकलन **नेत्र विकार** • अपवर्तक त्रुटियां • पलकें: संक्रमण, विकृति • कंजाक्तिवा: सूजन एवं संक्रमण के कारण रक्तस्राव • कॉर्नियाः सूजन एवं संक्रमण • लेंसः मोतियाबिंद • नेत्र रोग (ग्लूकोमा) • रेटिना का अलग होना • दृष्टिहीनता • नेत्र दान, बैंक तथा प्रत्यारोपण	• व्याख्यान एवं चर्चा • विजुअल एड्स, लेंस, औषधि प्रशासन का प्रदर्शन • नेत्र बैंक के दौरे	• बहुविकल्पी प्रश्न • लघु निबंध • ओएससीई • औषधि पुस्तक
III	15 (टी) 4 (एल/एसएल)	किडनी एवं मूत्र प्रणाली के विकारों की एटियलजि, पैथोफिजियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक परीक्षण, और चिकित्सीय, शल्य चिकित्सीय, पोषण एवं नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या जननांग आंकलन में कौशल प्रदर्शन जननांग जांच के लिए रोगी की तैयारी वृक्क की पथरी (रीनल केलकुली) की रोकथाम पर स्वास्थ्य शिक्षा तैयार करना और उपलब्ध कराना	**वृक्क और मूत्र समस्याओं से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • मूत्र प्रणाली की शारीरिक रचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा • वृत्त लेखन, भौतिक आंकलन, नैदानिक परीक्षण • मूत्र पथ के संक्रमणः तीव्र, जीर्ण, निचले भाग में, ऊपरी भाग में • नेफ्रैटिस, नेफ्रोटिक सिंड्रोम • गुर्दे की पथरी • तीव्र और जीर्ण गुर्दे की विफलता • मूत्रवाहिनी, मूत्राशय और मूत्रमार्ग के विकार • पुरुस्थ ग्रंथि अतिवृद्धि (प्रोस्टेट) के विकारः सूजन, संक्रमण, अवक्षेप, रुकावट और सौम्य पुरुस्थ ग्रंथि अतिवृद्धि (बिनाइन प्रोस्टेट हाइपरट्रॉफी)	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रदर्शन • मामले की चर्चा • स्वास्थ्य शिक्षा • औषधि पुस्तक • क्षेत्रीय दौरे एवं हेमोडायलिसिस इकाई के दौरे	• बहुविकल्पी प्रश्न • लघु टिप्पणी • दीर्घ निबंध • मामले की रिपोर्ट • मूत्र पथरी की रोकथाम पर स्वास्थ्य शिक्षण की प्रस्तुति
IV	6 (टी)	पुरुष प्रजनन विकारों की एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक परीक्षण और चिकित्सीय, शल्य चिकित्सीय, पोषण एवं नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या	**पुरुष प्रजनन प्रणाली के विकारों का नर्सिंग प्रबंधन** • पुरुष प्रजनन प्रणाली की शारीरिक रचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा • वृत्त लेखन, भौतिक आंकलन, नैदानिक परीक्षण • वृषण, लिंग और आसन्न संरचनाओं के संक्रमणः फिमोसिस, एपिडीडिमाइटिस एवं	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले की चर्चा • स्वास्थ्य शिक्षा	• लघु निबंध

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			ऑर्काइटिस • यौन रोग, बंध्यता, गर्भनिरोध • पुरुष स्तन विकारः पुंस्तनवृद्धि, ट्यूमर, संकटकालीन परिवर्तन		
V	10 (टी) 4 (एसएल)	जलने के घाव या कॉस्मेटिक शल्य चिकित्सा वाले रोगियों की एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, प्रकार, नैदानिक उपाय एवं प्रबंधन की व्याख्या और इसके महत्व	**जलने के घाव, पुनर्निर्माण और कॉस्मेटिक शल्य चिकित्सा वाले रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • त्वचा और संयोजी ऊतकों की शारीरिक रचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा • वृत्त लेखन, भौतिक आंकलन, जलने तथा द्रव का आंकलन और इलेक्ट्रोलाइट नुकसान • जलने के घाव • जलने के घावों, जन्मजात विकृतियों, चोटों और कॉस्मेटिक उद्देश्यों, लिंग पुनःनिर्धारण के लिए पुनर्निर्माण और कॉस्मेटिक शल्य चिकित्सा • कानूनी और विधिक पहलू • विशेष चिकित्साः एलएडी, वैक्यूम ड्रेसिंग, लेजर, लिपोसक्शन, त्वचीय स्वास्थ्य कायाकल्प, डर्मा फिल्टर का उपयोग	• व्याख्यान एवं चर्चा • जलने के जख्म का आंकलन, वैक्यूम ड्रेसिंग और द्रव की गणना का प्रदर्शन • पुनर्वास केंद्र के दौरे	• ओएससीई • लघु टिप्पणी
VI	16 (टी) 4 (एल / एसएल)	न्यूरोलॉजिकल विकारों से ग्रस्त रोगियों की एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक उपाय एवं प्रबंधन की व्याख्या	**न्यूरोलॉजिकल विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • तंत्रिका तंत्र की शारीरिक रचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा • वृत्त लेखन, भौतिक एवं न्यूरोलॉजिकल आंकलन, नैदानिक परीक्षण • सिर दर्द, सिर की चोट • रीढ़ की हड्डी की चोटः पैराप्लेजिया, हेमिप्लेजिया, क्वाड्रिप्लेजिया • रीढ़ की हड्डी का संकुचनः कशेरुक डिस्क में हर्नियेशन • इंट्राक्रेनियल और मस्तिष्क धमनीविस्फार • मेनिनजाइटिस, एन्सेफलाइटिस, मस्तिष्क, फोड़ा, न्यूरो–सिस्टिकर्कोसिस • गमनागमन विकारः नर्तन रोग, दौरे और मिर्गी • सेरेब्रोवास्कुलर विकारः सीवीए • कपाल, रीढ़ की हड्डी की न्यूरोपैथीः बेल पक्षाघात, त्रिपृष्ठी तंत्रिकाशूल • परिधीय न्यूरोपैथी • अपक्षयी रोगः अल्जाइमर रोग, पार्किंसंस रोग • गुइलेन–बर्रे सिंड्रोम, मायस्थेनिया ग्रेविस और मल्टीपल स्केलेरोसिस • न्यूरोलॉजिकल कमियों वाले रोगियों का पुनर्वास	• व्याख्यान एवं चर्चा • फिजियोथेरेपी, न्यूरो आंकलन, ट्रेकियोस्टोमी देखभाल का प्रदर्शन • पुनर्वास केंद्र, दीर्घकालिक देखभाल क्लीनिक, ईईजी, एनसीवी अध्ययन इकाई के दौरे	• ओएससीई, लघु टिप्पणी, निबंध • औषधि पुस्तक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
VII	12 (टी) 4 (एल/एसएल)	प्रतिरक्षा संबंधी विकारों की एटियलजि, पैथोफिजियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक परीक्षण और चिकित्सीय, शल्य चिकित्सीय, पोषण एवं नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या एचआईवी संक्रमण की रोकथाम पर स्वास्थ्य शिक्षा तैयार करना और उपलब्ध कराना तथा पुनर्वास राष्ट्रीय संक्रमण नियंत्रण कार्यक्रमों की व्याख्या	**प्रतिरक्षा संबंधी समस्याओं से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • प्रतिरक्षा प्रणाली की समीक्षा • नर्सिंग आंकलनः वृत्त लेखन और भौतिक आंकलन • एचआईवी एवं एड्सः महामारी विज्ञान, संचरण, संचरण की रोकथाम तथा एचआईवी एवं एड्स का प्रबंधन • नर्स की भूमिका; परामर्श, स्वास्थ्य शिक्षा और घरेलू देखभाल पर विचार तथा पुनर्वास • राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम – NACO, संक्रमण नियंत्रण के लिए विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले की चर्चा/संगोष्ठी • एचआईवी/ एड्स पर मॉड्यूल का संदर्भ लें	
VIII	12 (टी) 4 (एल/एसएल)	कैंसर से ग्रस्त रोगियों की एटियलजि, पैथोफिजियोलॉजी, प्रकार, नैदानिक अभिव्यक्ति, चरण, नैदानिक उपाय एवं प्रबंधन की व्याख्यां, नए उपचारों सहित उपचार के तरीके	**कैंसर से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • सामान्य कोशिकाओं और कैंसर कोशिकाओं की संरचना एवं विशेषताएं • वृत्त लेखन, भौतिक आंकलन, नैदानिक परीक्षण • निवारण स्क्रीनिंग, जल्दी पता लगाना, कैंसर की चेतावनी वाले लक्षण • महामारी विज्ञान, एटियलजि वर्गीकरण, पैथोफिज़ियोलॉजी, चरण, नैदानिक अभिव्यक्ति, निदान, उपचार के तौर–तरीके और ऑन्कोलॉजिकल स्थितियों में चिकित्सीय एवं शल्य चिकित्सीय नर्सिंग प्रबंधन • विभिन्न शारीरिक प्रणालियों जैसे नेत्र, कान, नाक, स्वरयंत्र, स्तन, गर्भाशय, ग्रीवा, अंडाशय, सार्कोमा, वृक्क, मूत्राशय, गुर्दे, प्रोस्टेट मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी की आम अस्वस्थता • ऑन्कोलॉजिकल आपातस्थिति • उपचार के तौर–तरीकेः कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपीः विकिरण सुरक्षा, एईआरबी विनियम, शल्य चिकित्सीय हस्तक्षेप, स्टेम सेल एवं अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण, इम्यूनोथेरेपी, जीन थेरेपी • कैंसर के मनोवैज्ञानिक पहलूः चिंता, अवसाद, अनिद्रा, क्रोध • सहायक देखभाल • आतिथ्य देखभाल	• व्याख्यान एवं चर्चा • कीमोथेरेपी की तैयारी और प्रशासन का प्रदर्शन • बीएमटी, रेडियोथेरेपी इकाई (रैखिक त्वरक, ब्रैकीथेरेपी, आदि), नाभिकीय चिकित्सा इकाई के दौरे • नैदानिक घंटों (20 घंटे) के अंदर उपशामक देखभाल मॉड्यूल का समापन	• ओएससीई • निबंध • प्रश्नोत्तरी • औषधि पुस्तक • परामर्श, स्वास्थ्य शिक्षण
IX	15 (टी) 4 (एल/एसएल)	आपदा के प्रकार, नीतियां, दिशानिर्देश, रोकथाम एवं प्रबंधन और गहन आपात स्थिति वाले रोगियों की एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी,	**आपातकालीन और आपदा स्थितियों में रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** **आपदा नर्सिंग** • आपदा नर्सिंग की संकल्पना और सिद्धांत, संबंधित नीतियां • आपदा के प्रकारः प्राकृतिक और मानव	• व्याख्यान एवं चर्चा • आपदा तैयारियों (मॉक ड्रिल) का प्रदर्शन एवं ट्राइएजिंग • स्थानीय आपदा प्रबंधन केंद्र के दौरे या	• ओएससीई • मामले की प्रस्तुति और मामले का अध्ययन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक उपाय एवं प्रबंधन की व्याख्या	निर्मित • आपदा की तैयारीः दल, दिशानिर्देश, प्रोटोकॉल, उपकरण, संसाधन • एटिओलॉजी, वर्गीकरण, पैथोफिज़ियोलॉजी, चरण, नैदानिक प्रकटीकरण, निदान, उपचार के तौर–तरीके और चिकित्सीय एवं शल्य चिकित्सीय आपात स्थिति वाले रोगियों का चिकित्सीय एवं शल्य चिकित्सीय नर्सिंग प्रबंधन – पॉली ट्रॉमा, काटने, जहर और थर्मल आपात स्थिति • आपातकालीन प्रबंधन के सिद्धांत • मेडिको कानूनी पहलू	अग्निशामक यंत्रों द्वारा प्रदर्शन • विभिन्न आपातकालीन देखभाल पर सामूहिक प्रस्तुति (रोल प्ले, स्किट, अवधारणा मानचित्रण) • **ट्रोमा देखभाल प्रबंधन/एटीसीएन मॉड्यूल का संदर्भ लें** • राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशानिर्देशों पर निर्देशित पठन	
X	10 (टी)	उम्र बढ़ने की अवधारणा, फिजियोलॉजिकल बदलाव एवं मनोसामाजिक समस्याओं की व्याख्या बुजुर्गों के नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या	**बुजुर्गों की देखभाल नर्सिंग** • वृत्त लेखन एवं भौतिक आंकलन • उम्र बढ़ने की प्रक्रिया और उम्र से संबंधित शरीर में परिवर्तन तथा मनोसामाजिक पहलू • बुजुर्ग रोगियों में तनाव और उससे मुकाबला करना • बुजुर्गों का मनोसामाजिक एवं यौन शोषण • परिवार और औपचारिक और गैर–औपचारिक देखभालकर्ताओं की भूमिका • उपकरणों और कृत्रिम अंगों का उपयोग (श्रवण यंत्र, कृत्रिम दांत) • कानूनी और विधिक मुद्दे • बुजुर्गों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम, विशेषाधिकार, सामुदायिक कार्यक्रम और स्वास्थ्य सेवा • घरेलू और संस्थागत देखभाल	• व्याख्यान एवं चर्चा • दृश्य और श्रवण बाधित रोगियों के साथ संवाद का प्रदर्शन • वृद्धाश्रम के क्षेत्रीय दौरे	• ओएससीई • मामले की प्रस्तुति • बुजुर्गों की जनसंख्या पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय पारिवारिक प्रणालियों पर निहित कार्य
XI	15 (टी) 8 (एल/एसएल)	गहन देखभाल इकाइयों में भर्ती रोगियों की एटियलजि, पैथोफिजियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक उपाय एवं प्रबंधन की व्याख्या	**गहन देखभाल इकाइयों में रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • गहन देखभाल नर्सिंग के सिद्धांत • व्यवस्थाः भौतिक सेट–अप, नीतियां, स्टाफिंग मानदंड • प्रोटोकॉल, उपकरण एवं आपूर्ति • गहन देखभाल में बायोमेडिकल उपकरणों का उपयोग तथा आवेदनः वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर, इन्फ्यूजन पंप, रिससिटेशन उपकरण तथा कोई अन्य • उन्नत कार्डियक लाइफ सपोर्ट • गंभीर रूप से बीमार रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन • संक्रमणकालीन देखभाल • नैतिक और विधिक पहलू • रोगियों और/या उनके परिवारीजनों को बुरी खबर सुनानाः रोगी एवं परिवार के साथ संवाद • अंतकालीन देखभाल	• व्याख्यान एवं चर्चा • मैकेनिकल वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटर आदि के प्रयोग पर प्रदर्शन • विभिन्न प्रकार के आईसीयू में नैदानिक अभ्यास	• वस्तुनिष्ठ • लघु टिप्पणी • मामले की प्रस्तुति • आईसीयू में रोगियों की निगरानी पर कौशल का आंकलन • गहन देखभाल में नैतिक और विधिक मुद्दों पर लिखित कार्य

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
XII	5 (टी)	व्यावसायिक/औद्योगिक स्वास्थ्य विकारों से ग्रस्त रोगियों की एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक उपाय एवं प्रबंधन की व्याख्या	**व्यावसायिक एवं औद्योगिक विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • वृत्त लेखन, शारीरिक परीक्षण, नैदानिक परीक्षण • व्यावसायिक रोग और प्रबंधन • व्यावसायिक रोग एवं प्रबंधन	• व्याख्यान एवं चर्चा • औद्योगिक संस्थानों के दौरे	• औद्योगिक स्वास्थ्य संबधी खतरों पर निहित कार्य

नैदानिक अभ्यास

नैदानिक अभ्यासः 6 क्रडिट (480 घंटे) – 20 सप्ताह × 24 घंटे

व्यावहारिक दक्षताएंः नैदानिक अभ्यास पूरा होने पर, छात्र गहन देखभाल इकाइयों में भर्ती वयस्क/जराचिकित्सीय रोगियों के पुनर्वास के साथ–साथ कॉस्मेटिक एवं पुनर्संरचनात्मक शल्य चिकित्सा पाने वाले और कान, नाक, गले, नेत्र, जननांग, प्रजनन, प्रतिरक्षाविज्ञानी, तंत्रिका तंत्र तथा आपातकालीन या आपदा स्थितियों में चयनित चिकित्सीय एवं शल्य चिकित्सीय विकारों में गहन महत्वपूर्ण नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में नर्सिंग प्रक्रिया और गहन सोच को लागू करने में प्रवीणता विकसित करने में सक्षम होंगे।

छात्र निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम होंगे :–

1. अस्पताल में वयस्क रोगियों की देखभाल करने में नर्सिंग प्रक्रिया का उपयोग करना।
   - क) गुणवत्तापरक रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए एक डेटा बेस स्थापित करने के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य आंकलन करना।
   - ख) रोगी की प्रक्रियाओं में नैदानिक परीक्षणों के ज्ञान को एकीकृत करना।
   - ग) नर्सिंग निदान की पहचान करना और उन्हें प्राथमिकता के अनुसार सूचीबद्ध करना।
   - घ) समस्या समाधान दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए नर्सिंग देखभाल योजना तैयार करना।
   - ङ) रोगियों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करते समय वैज्ञानिक सिद्धांतों को लागू करना।
   - च) वैज्ञानिक सिद्धांत लागू करने वाली नर्सिंग प्रक्रियाओं को करने में कौशल विकसित करना।
   - छ) रोगियों और परिवारीजनों के साथ पारस्परिक संबंध स्थापित/विकसित करना।
   - ज) अपेक्षित परिणामों का मूल्यांकन करना और रोगी की आवश्यकताओं के अनुसार योजना को संशोधित करना।
2. अस्पताल में वयस्क रोगियों को आराम और सुरक्षा प्रदान करना।
3. अस्पताल में भर्ती के दौरान रोगियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाए रखना।
4. रोगियों और परिवारीजनों को नर्सिंग कार्यवाही की उचित तरीके से व्याख्या करना।
5. नर्सिंग प्रक्रिया प्रदान करते समय रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
6. चिकित्सीय और शल्य चिकित्सीय विकारों के संबंध में रोगी और उनके परिवारीजनों की शैक्षिक आवश्यकताओं का आंकलन करना और रोगियों को उचित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना।
7. रोगियों को शल्य चिकित्सा से पहले, शल्य चिकित्सा के दौरान और शल्य चिकित्सा के बाद देखभाल प्रदान करना।
8. विभिन्न चिकित्सीय और शल्य चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त रोगियों की पैथोलॉजी, पोषण और फार्माकोलॉजी की जानकारी को एकीकृत करना।
9. रोगियों को नर्सिंग देखभाल देते समय साक्ष्य–आधारित जानकारी को एकीकृत करना।
10. नर्सिंग अभ्यास में विधिक और नैतिक मुद्दों के बारे में जागरूकता का प्रदर्शन करना।

1. ईएनटी विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- ट्रेकियोस्टोमी देखभाल
- कान और नाक में औषधि डालना
- पट्टी बांधना

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
ईएनटी वार्ड	2	ईएनटी विकारों से	• कान, नाक, गले का परीक्षण और वृत्त लेखन	• ईएनटी आंकलन	• नैदानिक

और बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी)		ग्रस्त रोगियों को देखभाल प्रदान करना रोगियों और उनके परिवारों का प्रशिक्षण	• कान, नाक पर पट्टी बांधना • ट्रेकियोस्टोमी देखभाल • रोगी को तैयारी करना, नैदानिक प्रक्रियाओं से गुजरने वाले रोगियों की सहायता और निगरानी ○ श्रवण स्क्रीनिंग परीक्षण ○ ऑडियोमीट्रिक परीक्षण • रोगी को तैयार करना, नाक के अग्र भाग/पृष्ठ भाग की पैकिंग, कान की पैकिंग और सिरिंज लगाने जैसी विशेष प्रक्रियाओं में सहायता करना • ईएनटी शल्य चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरने वाले रोगियों की तैयारी और बाद में देखभाल • दवा की बूंद डालना	–1 • मामले का अध्ययन/ नैदानिक प्रस्तुति – 1	मूल्यांकन • ओएससीई • मामले की रिपोर्ट का अध्ययन/ नैदानिक प्रस्तुति

2. नेत्र विकार से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- नेत्र में दवा डालना
- नेत्र सिंचन
- नेत्र की पट्टी

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
नेत्र विज्ञान इकाई	2	नेत्र विकार से ग्रस्त रोगियों को देखभाल प्रदान करने में कौशल विकसित करना रोगियों और उनके परिवारीजनों का प्रशिक्षण देना	• वृत्त लेखन, नेत्र परीक्षण और व्याख्या • सहायक प्रक्रियाएं ○ दृश्य तीक्ष्णता ○ फंडोस्कोपी, रेटिनोस्कोपी, ऑप्थेल्मोस्कोपी, टोनोमेट्री, ○ अपवर्तन परीक्षण • शल्यचिकित्सा से पूर्व एवं पश्चात प्री देखभाल • औषधि की बूंद डालना • नेत्र सिंचन • नेत्र पर पट्टी बांधना • विजातीय पदार्थ हटाने में सहायता करना	• नेत्र आंकलन – 1 • स्वास्थ्य प्रशिक्षण • मामले का अध्ययन/ नैदानिक प्रस्तुति – 1	• नैदानिक मूल्यांकन • ओएससीई • नैदानिक प्रस्तुति

3. वृक्क एवं मूत्र तंत्र के विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- आंकलनः गुर्दे और मूत्र प्रणाली
- तैयारीः डायलिसिस
- कैथीटेराइजेशन और देखभाल

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
वृक्क वार्ड/ नेफ्रोलॉजी वार्ड जिसमें	2	मूत्र, पुरुष प्रजनन समस्याओं से ग्रस्त रोगियों के प्रबंधन	• वृक्क और मूत्र प्रणाली का आंकलन ○ वृत्त लेखन	• आंकलन – 1 • औषधि प्रस्तुति –	• नैदानिक मूल्यांकन • देखभाल

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
डायलिसिस इकाई शामिल है		में कौशल विकसित करना	○ भौतिक परीक्षण ○ वृषण की स्व–परीक्षण ○ डिजिटल रेक्टल परीक्षण • नैदानिक और चिकित्सीय प्रक्रियाओं की तैयारी और इनमें सहायता ○ सिस्टोस्कोपी, सिस्टोमेट्रोग्राम, ○ विषम अध्ययनः आईवीपी आदि ○ पेरिटोनियल डायलिसिस ○ हीमोडायलिसिस ○ लिथोट्रिप्सी ○ विशिष्ट परीक्षणः वीर्य विश्लेषण, गोनोरीआ परीक्षण, रीनल/प्रोस्टेट बायोप्सी आदि • कैथीटेराइजेशनः देखभाल • मूत्राशय सिंचन • आई/ओ रिकॉर्डिंग एवं निगरानी • अंग संचालन एवं व्यायाम	1 • मामले का अध्ययन/नैदानिक प्रस्तुति – 1 • हीमोडायलिसिस के लिए तैयार करना और सहायता करना	योजना • ओएससीई • प्रश्नोत्तरी • औषधीय प्रस्तुति

4. जलने के घाव एवं पुनर्संरचना हेतु शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- जले के घाव का आंकलन
- घाव की मरहम पटटी

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
जलने के घाव की एवं पुनर्निमाण शल्य चिकित्सा इकाई	2	जलने के आंकलन में कौशल विकसित करना और विभिन्न प्रकार के जले हुए रोगियों की देखभाल करना विभिन्न प्रकार की कॉस्मेटिक और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सीय रोगियों के देखभाल प्रदान करने में कौशल विकसित करना	• जलने का आंकलन • जलने का प्राथमिक उपचार • द्रव और इलेक्ट्रोलाइट प्रतिस्थापन चिकित्सा • त्वचा की देखभाल • जलने केघावों की देखभाल • स्नान • ड्रेसिंग • रोगियों की शल्य चिकित्सा से पूर्व एवं पश्चात देखभाल • स्किन ग्राफ्ट की देखभाल और कॉस्मेटिक शल्य चिकित्सा के पश्चात देखभाल • पुनर्वास	• जलने के घाव का आंकलन – 1 • मामले का अध्ययन/नैदानिक प्रस्तुति – 1	• नैदानिक मूल्यांकन • देखभाल अध्ययन/मामले की रिपोर्ट

5. तंत्रिका तंत्र के विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- गति व्यायामों की सीमा
- मांसपेशियों को मजबूत बनाने वाले व्यायाम
- क्रच की सहायता से चलना

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
तंत्रिका तंत्र – चिकित्सीय/ शल्य चिकित्सीय वार्ड	3	न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से ग्रस्त रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना	• वृत्त लेखनः न्यूरोलॉजिकल परीक्षण • रोगी की निगरानी • विभिन्न इनवेसिव और गैर–इनवेसिव नैदानिक प्रक्रियाओं के लिए तैयार करना और उनमें सहायता करना • गति व्यायामों की सीमा, मांसपेशियों का सुदृढ़ीकरण • चिकित्सीय, शल्य चिकित्सीय और पुनर्वास रोगियों की देखभाल	• तंत्रिका तंत्र का आंकलन • मामले का अध्ययन/ नैदानिक प्रस्तुति – 1 • औषधीय प्रस्तुति – 1	• नैदानिक मूल्यांकन • न्यूरो आंकलन • ओएससीई • मामले की रिपोर्ट/ प्रस्तुति

6. प्रतिरक्षात्मक विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

- बैरियर नर्सिंग
- रिवर्स बैरियर नर्सिंग

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
आइसोलेशन वार्ड/ चिकित्सीय वार्ड	1	प्रतिरक्षात्मक विकारों से ग्रस्त रोगियों के प्रबंधन में कौशल विकसित करना	• वृत्त लेखन • एचआईवी जैसी प्रतिरक्षात्मक स्थितियों का आंकलन एवं विशिष्ट परीक्षणों का विवेचन • कम प्रतिरक्षा वाले रोगियों की देखभाल • मानक सुरक्षा उपायों, सावधानियों, बाधा नर्सिंग, रिवर्स बैरियर, अलगाव कौशल का अभ्यास	• प्रतिरक्षात्मक स्थिति का आंकलन • रोगी और पारिवारिक देखभालप्रदाताओं को अलगाव के बारे में प्रशिक्षण • पोषण प्रबंधन • देखभाल टिप्पणी – 1	• देखभाल टिप्पणी • प्रनोत्तरी • स्वास्थ्य प्रशिक्षण

7. कैंसर सें संबंधित विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- सामयिक दवा का अनुप्रयोग
- कीमोथेरेपी का प्रशासन

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
कैंसर वार्ड (रेडियोलॉजी की दिवसकालीन देखभाल इकाई सहित)	3	कैंसर के विकारों से ग्रस्त रोगियों की देखभाल करने में कौशल विकसित करना	• वृत्त लेखन और कैंसर रोगियों का भौतिक परीक्षण करना • आम कैंसर के लिए स्क्रीनिंगः टीएनएम वर्गीकरण • नैदानिक प्रक्रियाओं से गुजरने वाले रोगियों की तैयारी, सहायता और बाद की देखभाल – बायोप्सी/एफएनएसी – पैप स्मीयर – बोन मेरा एस्पिरेशन • उपचार के विभिन्न तरीके	• आंकलन – 1 • मामले का अध्ययन/ नैदानिक प्रस्तुति – 1 • कैंसर उपचार के विभिन्न तरीकों से गुजरने वाले रोगियों की शल्य चिकित्सा के पूर्व और पश्चात की देखभाल	• नैदानिक मूल्यांकन • देखभाल अध्ययन • प्रनोत्तरी • औषधि पुस्तिका

			– कीमोथेरेपी – रेडियोथेरेपी – दर्द प्रबंधन – स्टोमा थेरेपी – हार्मोनल थेरेपी – इम्यूनो थेरेपी – जीन थेरेपी – वैकल्पिक चिकित्सा • स्टोमा की देखभाल और भोजन • नाभिकीय चिकित्सा से उपचारित रोगियों की देखभाल • पुनर्वास	• परिवार के सदस्यों को बीएसई पर प्रशिक्षण • प्रशामक देखभाल इकाई का दौरा	

8. आपातकालीन परिस्थितियों में रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- आंकलनः प्राथमिक और माध्यमिक सर्वेक्षण
- ट्रोमा देखभालः मरहम पट्टी, घाव की देखभाल, खपच्ची लगाना, अंग विन्यास

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र / इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता / नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
आपातकाल कक्ष / आपातकाल इकाई	2	आपातकालीन स्वास्थ्य समस्याओं वाले रोगियों की देखभाल करने में कौशल विकसित करना	• 'ट्राइएज' का अभ्यास • आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक और द्वितीयक सर्वेक्षण • आपातकालीन और आपदा स्थितियों में परीक्षण, जांच और उनका विवेचन • चिकित्सीय एवं दर्दनाक चोटों से ग्रस्त रोगियों की आपातकालीन देखभाल • दस्तावेजीकरण, आपातकालीन इकाई में कानूनी प्रक्रियाओं में सहायता करना • भीड़ प्रबंधन • शोक और वियोग से निपटने में रोगी और परिवार को सलाह लेना	• ट्राइएज • तात्कालिक देखभाल • आपातकालीन ट्राली का उपयोग	• नैदानिक मूल्यांकन • प्रनोत्तरी

9. बुजुर्ग रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- सहायक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र / इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता / नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
बुजुर्ग वार्ड	1	जराचिकित्सीय आंकलन करने में कौशल विकसित करना और जराचिकित्सीय रोगियों को देखभाल प्रदान करना	• वृद्ध रोगियों का वृत्त लेखन और आंकलन	• जराचिकित्सीय मूल्यांकन – 1 • सामान्य वृद्ध व्यक्तियों और वृद्ध रोगियों की देखभाल • गिरने की जोखिम का मूल्यांकन – 1 • क्रियाशील स्थिति का मूल्यांकन – 1	• नैदानिक मूल्यांकन • देखभाल अध्ययन

10. गहन देखभाल इकाई में रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन

अ) कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

- गहन बीमारी का आंकलन
- ईटी ट्यूब व्यवस्था – सक्शन
- टीटी सक्शन
- वेंटीलेटर व्यवस्था
- सीने में जलन
- बैग मास्क वेंटिलेशन
- केंद्रीय और परिधीय रेखा
- पेसमेकर

ब) नैदानिक पदस्थापन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
		संचारी रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन के विभिन्न तरीकों और जांच, निदान, प्राथमिक प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधा के संदर्भ में नर्सों की भूमिका की व्याख्या	रोग की निम्नलिखित शीर्षों के तहत जांच की जाएगी) • निम्नलिखित वेक्टर जनित रोगों की जानपदिक विज्ञान • रोकथाम और नियंत्रण के उपाय • निम्न स्थितियों की जांच एवं निदान, प्राथमिक प्रबंधन, निर्देशन और अनुवर्ती चिकित्सा ○ मलेरिया ○ फाइलेरिया ○ कालाजार ○ जापानी इंसेफेलाइटिस ○ डेंगू ○ चिकनगुनिया 2. संचारी रोग – संक्रामक रोग (प्रत्येक रोग की निम्नलिखित शीर्षों के तहत जांच की जाएगी) • निम्नलिखित संक्रामक रोगों की जानपदिक विज्ञान • रोकथाम और नियंत्रण के उपाय • निम्न स्थितियों की जांच एवं निदान, प्राथमिक प्रबंधन, निर्देशन और अनुवर्ती चिकित्सा ○ कुष्ठ रोग ○ यक्ष्मा/तपैदिक ○ टीकाकरण से रोके जाने योग्य रोग – डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, पोलियोमाइलाइटिस और खसरा ○ आंत्र ज्वर ○ वायरल हेपेटाइटिस ○ एचआईवी/एड्स/ आरटीआई संक्रमण ○ एचआईवी/एड्स और यौन संचारित रोग/ प्रजनन पथ संक्रमण (एसटीआई/ आरटीआई) ○ दस्त/अतिसार ○ श्वास नलिका में संक्रमण ○ कोविद–19 ○ हेल्मिथिक – मृदा एवं खाद्य जनित तथा परजीवी संक्रमण – खुजली तथा पेडीकुलोसिस 3. संचारी रोगः प्राणीजन्य रोग • प्राणीजन्य रोगों की जानपदिक विज्ञान • रोकथाम और नियंत्रण के उपाय • निम्न स्थितियों की जांच एवं निदान, प्राथमिक प्रबंधन, निर्देशन और अनुवर्ती चिकित्सा	• प्रदर्शन • रोल प्ले • प्रस्तावित क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास • संचारी रोगों से पीड़ित ग्राहकों का आंकलन	• पारिवारिक मामले के अध्ययन का आंकलन • ओएससीई आंकलन • लघु उत्तर • निबंध

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		संचारी रोगों के प्रासंगिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की पहचान और इन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में नर्सों की भूमिका की व्याख्या	○ जलांतक (रेबीज): पहचान, संदिग्ध, प्राथमिक प्रबंधन और स्वास्थ्य सुविधा केंद्र को निर्देशन • संचारी रोगों के नियंत्रण में नर्स की भूमिका **राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम** 1. यूआईपी: सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, पोलियोमाइलाइटिस, खसरा और हेपेटाइटिस बी) 2. राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी) 3. संशोधित राष्ट्रीय तपैदिक नियंत्रण कार्यक्रम (आरएनटीसीपी) 4. एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी): आंत्र ज्वर, दस्त/अतिसार, श्वसन संक्रमण और खुजली 5. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नैको) 6. राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम 7. राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम 8. कोई अन्य नया जोड़ा गया कार्यक्रम		
X	15 (टी)	राष्ट्रीय गैर–संचारी रोग नियंत्रण स्वास्थ्य कार्यक्रम की व्याख्या और जांच, पहचान, प्राथमिक प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधा को संदर्भित करने में में नर्स की भूमिका	**गैर–संचारी रोग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनसीडी)** • गैर–संचारी रोगों के प्रति राष्ट्रीय प्रतिक्रिया (प्रत्येक रोग की निम्नलिखित शीर्षों के तहत जांच की जाएगी) • विशिष्ट रोगों की जानपदिक विज्ञान • रोकथाम और नियंत्रण के उपाय • निम्न स्थितियों की जांच एवं निदान/पहचान, प्राथमिक प्रबंधन, निर्देशन और अनुवर्ती चिकित्सा **एनसीडी–1** ○ मधुमेह ○ उच्च रक्तचाप ○ हृदय संबंधी रोग ○ आघात/स्ट्रोक एवं मोटापा ○ **दृष्टिहीनता**: दृष्टिहीनता की श्रेणियां और राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम ○ **बधिरता**: राष्ट्रीय बधिरता निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम ○ **थायराइड रोग** ○ **चोट एवं दुर्घटनाएं**: सड़क यातायात चोटों के जोखिम कारक और राजमार्ग पर चोटों की देखभाल सुविधा के लिए परिचालन दिशानिर्देश **एनसीडी–2 कैंसर** ○ ग्रीवा का (सर्वाइकल) कैंसर	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • प्रस्तावित क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास • गैर–संचारी रोगों से पीड़ित ग्राहकों का आंकलन	• क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट • पारिवारिक मामले के अध्ययन का आंकलन • ओएससीई आंकलन • लघु उत्तर • निबंध

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			○ स्तन कैंसर ○ मुंह का कैंसर ○ विशिष्ट कैंसर रोगों की जानपदिक विज्ञान, जोखिम कारक/कारण, निवारण, जांच, निदान – संकेत, प्रतीक एवं लक्षण, और प्रारंभिक प्रबंधन तथा निर्देशन ○ उपशामक देखभाल ○ गैर–संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में नर्स की भूमिका **राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम** • राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग एवं स्ट्रोक निवारण तथा नियंत्रण कार्यक्रम, (एनपीसीडीसीएस) • राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम • राष्ट्रीय बधिरता निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम • राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम • राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उपयोग किए जाने वाले मानक उपचार प्रोटोकॉल	• राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भागीदारी	
XI	3 (टी)	स्कूली स्वास्थ्य गतिविधियों की गणना और स्कूली स्वास्थ्य नर्स की भूमिका एवं कार्यों की व्याख्या	**स्कूली स्वास्थ्य सेवाएं** • उद्देश्य • स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य समस्याएं • स्कूली स्वास्थ्य सेवाओं के घटक • स्कूली स्वास्थ्य रिकॉर्ड का रखरखाव • स्कूली स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत और योजना • स्कूल स्वास्थ्य नर्स की भूमिका	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • प्रस्तावित क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास	• लघु उत्तर • निबंध • स्कूली बच्चों को दिए गए स्वास्थ्य परामर्श का मूल्यांकन • स्कूली बच्चों की जांच, निदान, प्रबंधन और निर्देशन • ओएससीई आंकलन

टिप्पणी: 1 घंटे से कम प्रयोगशाला घंटों को अलग से नहीं दर्शाया जाता है।

नैदानिक व्यावहारिक

नैदानिक: 2 क्रेडिट (160 घंटे)

नैदानिक पदस्थापन (4 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह)

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक कौशल/नैदानिक दक्षता	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
शहरी ग्रामीण	2 सप्ताह 2 सप्ताह	तालमेल बनाना और बनाए रखना ग्रामीण और शहरी समुदाय की सामाजिक– जनसांख्यिकीय विशेषताओं, स्वास्थ्य निर्धारकों और संसाधनों की पहचान करना	• संवाद और पारस्परिक संबंध का उपयोग करते हुए साक्षात्कार कौशल • सामुदायिक आवश्यकताओं का आंकलन/सामुदायिक स्वास्थ्य निर्धारकों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण	• सामुदायिक आवश्यकताओं का आंकलन/सर्वेक्षण – ग्रामीण/शहरी – 1 क्षेत्रीय दौरे: • एससी/एचडब्ल्यूसी, पीएचसी और सीएचसी • जल संसाधन और शुद्धिकरण स्थल –	• सर्वेक्षण रिपोर्ट का मूल्यांकन • क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट और अवलोकन रिपोर्ट का मूल्यांकन

नैदानिक क्षेत्र / इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक कौशल / नैदानिक दक्षता	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
		कार्यप्रणाली का अवलोकन करना और महत्वपूर्ण अवलोकनों का दस्तावेजीकरण	• अवलोकन कौशल	जल गुणवत्ता मानक • वर्षा के पानी का संग्रहण • मलजल निस्तारण निम्नलिखित का अवलोकन • दूध के डेयरी • कसाईखाना – मांस स्वच्छता • पोषण कार्यक्रमों का अवलोकन • बाजार जाना • वयस्क व्यक्ति का पोषण संबंधी मूल्यांकन – 1	
		पोषण संबंधी मूल्यांकन करना और वयस्कों के लिए आहार योजना तैयार करना	• पोषण मूल्यांकन कौशल	• स्वास्थ्य शिक्षण (वयस्क) – 1	• स्वास्थ्य वार्ता का मूल्यांकन
		वैयक्तिक / पारिवारिक / सामुदायिक स्तर पर प्रशिक्षण – पोषण – स्वच्छता – खानपान की स्वच्छता – स्वस्थ जीवनशैली – स्वास्थ्य संवर्धन	• निम्नलिखित पर वैयक्तिक / पारिवारिक प्रशिक्षण कौशलः ○ पोषण के साथ–साथ खाद्य स्वच्छता एवं सुरक्षा ○ स्वस्थ जीवन शैली ○ स्वास्थ्य संवर्धन	• ऑडियो–विजुअल एड्स का उपयोग ○ फ्लैश कार्ड ○ पोस्टर ○ फलालैन ग्राफ ○ फ्लिप चार्ट	
		विभिन्न आयु वर्ग के ग्राहकों के स्वास्थ्य का मूल्यांकन करना	• विभिन्न आयु वर्ग के ग्राहकों के स्वास्थ्य आंकलन के साथ–साथ पोषण आंकलन	• महिला का स्वास्थ्य मूल्यांकन – 1, शिशु / 5 वर्ष से कम – 1, किशोर – 1, वयस्क – 1 • 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के विकास की निगरानी – 1	• नैदानिक प्रदर्शन का आकलन
		रिकॉर्ड और रिपोर्ट का रखरखाव	• दस्तावेजीकरण कौशल	**दस्तावेज़ और रखरखावः** • व्यक्तिगत रिकॉर्ड • पारिवारिक रिकॉर्ड • स्वास्थ्य केंद्र का रिकॉर्ड • महामारी की जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण – 1	• रिपोर्ट और रिकॉर्ड का मूल्यांकन
		संचारी रोग की महामारी की जांच करना	• जानपदिक जांच – सामुदायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण	**जांच, निदान व प्राथमिक प्रबंधन और रेफरलः** • संचारी रोग – 1	
		प्रचलित संचारी और गैर–संचारी रोगों की पहचान करना		• गैर–संचारी रोग – 1	

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक कौशल/नैदानिक दक्षता	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
		समुदाय के सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं वाले ग्राहकों की जांच, निदान, प्रबंधन करना और स्थायी आदेश/ प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उन्हें रेफर करना तथा उच्च जोखिम वाले ग्राहकों को रेफर करना राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में भाग लेना स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम में भाग लेना	• समुदाय में सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच, निदान, और प्रबंधन तथा उच्च जोखिम वाले ग्राहकों को एफआरयू को रेफर करना • घरेलू दौरे • राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में भागीदारी • स्कूली स्वास्थ्य कार्यक्रम में भागीदारी	• घरेलू दौरे – 2 • किन्हीं दो राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भागीदारी • स्कूली स्वास्थ्य कार्यक्रम में भागीदारी – 1	• नैदानिक प्रदर्शन मूल्यांकन • ओएससीई • अंतिम नैदानिक परीक्षणा • घरेलू दौरों का मूल्यांकन

प्रशिक्षण तकनीकी/नर्सिंग प्रशिक्षण

स्थापनः सत्र–5

सैद्धांतिकः 2 क्रेडिट (40 घंटे)

व्यावहारिकः प्रयोगशाला/प्रायोगिकः 1 क्रेडिट (40 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को शैक्षिक और नैदानिक दोनों स्थापनाओं में वैयक्तिक एवं सामूहिक शिक्षण और अध्ययन के बुनियादी सिद्धांतों को लागू करने के लिए आवश्यक ज्ञान, दृष्टिकोण और प्रारंभिक क्षमता विकसित करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें पाठ्यक्रम योजना और व्यवस्थापन की मूल बातें भी पेश की गई हैं। यह छात्रों को दलीय और सहयोगी शिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने में भी सक्षम बनाता है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. शिक्षा और अध्ययन की सैद्धांतिक नींव और सिद्धांतों की बुनियादी समझ विकसित करना
2. शिक्षा और अध्ययन के नवीनतम दृष्टिकोणों को पहचानना
3. स्वयं की अध्ययन शैली को पहचानने के लिए स्व–मूल्यांकन प्रारंभ करना
4. प्रशिक्षुओं की तत्परता और पीढ़ीगत आवश्यकताओं के आधार पर, विभिन्न शिक्षण शैलियों की समझ का उपयोग करना
5. पाठ्यक्रम योजना की मूल बातें, और आयोजन की समझ विकसित करना
6. छात्र वर्ग और स्थापनाओं के लिए प्रासंगिक विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रभावी ढंग से विश्लेषण और उपयोग करना
7. बुनियादी सिद्धांतों को एकीकृत करते हुए शिक्षण अध्ययन गतिविधियों के चयन में उचित निर्णय लेना
8. विवेचनात्मक सोच, दलीय अध्ययन और सहयोग को बढ़ाने वाली सक्रिय शिक्षण रणनीतियों का उपयोग करना
9. अंतःव्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से दलीय अध्ययन और सहयोग में संलग्न होना
10. शैक्षिक मीडिया/प्रौद्योगिकी के चयन और उपयोग में शिक्षण और अध्ययन सिद्धांतों को एकीकृत करना
11. आंकलन और मूल्यांकन रणनीतियों के चयन और उपयोग में आंकलन के सिद्धांतों को लागू करना
12. छात्रों के ज्ञान और क्षमता को मापने के लिए अध्ययन के संज्ञानात्मक, मनःप्रेरक और भावात्मक विचार सीमा को एकीकृत करने वाले सरल मूल्यांकन उपकरण/परीक्षण का निर्माण करना
13. सलाह और शैक्षिक सलाह के माध्यम से छात्रों में मार्गदर्शन की बुनियादी समझ विकसित करना
14. छात्रों द्वारा अनुभव की जाने वाली कठिन परिस्थितियों, संकट और अनुशासनात्मक/शिकायत के मुद्दों को पहचानना और उचित परामर्श देना
15. शैक्षिक एवं नैतिक मूल्यों, सिद्धांतों और नैतिक मानकों के आधार पर नैदानिक स्थापनाओं में नैतिक अभ्यास में संलग्न होना
16. साक्ष्य–आधारित शिक्षण प्रथाओं की बुनियादी समझ विकसित करना

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक, पी – व्यावहारिक (प्रयोगशाला)

इकाई	समय (घंटे)		अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
	टी	पी				
I	6	3	शैक्षिक प्रौद्योगिकी की परिभाषा, उद्देश्य, प्रकार, दृष्टिकोण और कार्यक्षेत्र की व्याख्या करना विभिन्न शैक्षिक सिद्धांतों की समता एवं विषमताओं की तुलना करना प्रशिक्षण अध्ययन की प्रक्रिया, प्रकृति, विशेषताओं और सिद्धांतों की व्याख्या करना	**परिचय और सैद्धांतिक बुनियादः** शिक्षा और शैक्षिक प्रौद्योगिकी • परिभाषा, उद्देश्य • शैक्षिक प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण और कार्यक्षेत्र • शिक्षा के नवीनतम दृष्टिकोणः ○ परिवर्तनीय शिक्षा ○ संबंध आधारित शिक्षा ○ योग्यता आधारित शिक्षा शैक्षिक सिद्धांतः • सिद्धांत, शिक्षा और सिद्धांत की परिभाषा • शैक्षिक सिद्धांतों की तुलना • नर्सिंग शिक्षा के सिद्धांत शिक्षण अध्ययन प्रक्रियाः • परिभाषाएं • एक प्रक्रिया के रूप में शिक्षण व अध्ययन • शिक्षण और अध्ययन की प्रकृति और विशेषताएं • शिक्षण और अध्ययन के सिद्धांत • शिक्षण और अध्ययन में आने वाली बाधाएं • अध्ययन के सिद्धांत • अध्ययन नवीनतम दृष्टिकोण ○ प्रायोगिक अध्ययन ○ चिंतनशील अध्ययन ○ परिदृश्य आधारित अध्ययन ○ सिमुलेशन आधारित अध्ययन ○ मिश्रित अध्ययन	• व्याख्यान एवं चर्चा **सामूहिक अभ्यासः** • परिदृश्य–आधारित अभ्यास तैयार करना/चर्चा करना	• प्रश्नोत्तरी **निहित कार्य का आंकलनः** • अध्ययन के सिद्धांत – किसी एक का विश्लेषण
II	6	6	शिक्षक के आवश्यक गुणों/विशेषताओं को पहचानना संकाय की शिक्षण शैलियों की व्याख्या अध्ययन निर्धारकों की व्याख्या करना और स्वयं की अध्ययन की शैली की पहचान करने के लिए आत्म–मूल्यांकन शुरू करना प्रशिक्षु को प्रेरित करने वाले कारकों की	**मूल्यांकन और योजना** शिक्षक का आंकलन • एक शिक्षक के आवश्यक गुण • शिक्षण शैली – औपचारिक प्राधिकारी, प्रदर्शनकारी, सूत्रधारक, प्रतिनिधि शिक्षार्थी का आंकलन • शिक्षार्थियों के प्रकार • अध्ययन के निर्धारक – अध्ययन की आवश्यकता, अध्ययन हेतु तत्परता, अध्ययन की शैली • आज के पीढ़ी के शिक्षार्थी तथा उनके कौशल और गुण	• व्याख्यान एवं चर्चा **स्व–मूल्यांकन अभ्यासः** • किसी भी अध्ययन शैली सूची का उपयोग करके अपनी अध्ययन शैली की पहचान (जैसे कोल्ब अध्ययन शैली सूची) • व्याख्यान एवं चर्चा	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ

इकाई	समय (घंटे)		अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
	टी	पी				
			पहचान करना पाठ्यक्रम की परिभाषा और प्रकारों का वर्गीकरण पाठ्यक्रम विकास को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान अध्ययन परिणामों और पाठ योजना लेखन में कौशल का विकास	• प्रशिक्षु की भावनात्मक प्रतिभा • प्रेरक कारक – व्यक्तिगत कारक, पर्यावरणीय कारक और समर्थन प्रणाली **पाठ्यक्रम योजना** • पाठ्यक्रम – परिभाषा, प्रकार • पाठ्यक्रम डिजाइन – घटक, दृष्टिकोण • पाठ्यक्रम विकास – पाठ्यक्रम विकास को प्रभावित करने वाले कारक, सहायक और अवरोधक • अध्ययन परिणामों/व्यवहारिक उद्देश्यों का लेखन • पाठ्यक्रम योजना, इकाई योजना और पाठ योजना लेखन के मूल सिद्धांत	**वैयक्तिक/ सामूहिक अभ्यासः** • अध्ययन परिणामों का लेखन • पाठ योजना तैयार करना	**निहित कार्य का आंकलनः** • वैयक्तिक/ सामूहिक
III	8	15	अध्ययन कक्ष प्रबंधन के सिद्धांतों और रणनीतियों की व्याख्या शिक्षण के विभिन्न तरीकों/ रणनीतियों की व्यख्या और विभिन्न शिक्षण विधियों का उपयोग करके कौशल विकास की शुरुआत सक्रिय शिक्षण रणनीतियों की व्याख्या करना और दलीय एवं सहयोगी शिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेना	**कार्यान्वयन** अध्ययन कक्ष और कौशल प्रयोगशाला में शिक्षण – शिक्षण विधियां • अध्ययन कक्ष प्रबंधन – सिद्धांत और रणनीति • अध्ययन कक्ष संवाद ○ अध्ययन कक्ष संवाद में सहायक एवं अवरोधक ○ सूचना संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) – शिक्षा में प्रयुक्त आईसीटी शिक्षण विधियां – सुविधाएं, लाभ और नुकसान • व्याख्यान, सामूहिक चर्चा, सुक्ष्म प्रशिक्षण • कौशल प्रयोगशाला – सिमुलेशन, प्रदर्शन और पुनःप्रदर्शन • संगोष्ठी, पैनल चर्चा, संगोष्ठी, वैज्ञानिक कार्यशाला, प्रदर्शनियां • रोल प्ले, परियोजना • क्षेत्रीय दौरे • स्व–निर्देशित अध्ययन (एसडीएल) • कम्प्यूटर की सहायता से अध्ययन • प्रत्यक्ष निर्देशन (एक से एक निर्देश) सक्रिय अध्ययन रणनीतियां • दलीय अध्ययन • समस्या–आधारित अध्ययन • सहपाठी/सहकर्मी के साथ अध्ययन • मामले के अध्ययन का विश्लेषण • जर्नल तैयार करना (जर्नलिंग) • वादविवाद	• व्याख्यान एवं चर्चा • अभ्यासात्मक प्रशिक्षण/सूक्ष्म प्रशिक्षण • अभ्यास (सहकर्मी प्रशिक्षण) • रोगी प्रशिक्षण सत्र • खेल का निर्माण – पहेली • सामूहिक प्रशिक्षण – अंतर्विषयक	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • सूक्ष्म प्रशिक्षण का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)		अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
	टी	पी				
				• गेमिंग • अंतःव्यावसायिक शिक्षा		
IV	3	3	नैदानिक अध्ययन अनुभवों के चयन को प्रभावित करने वाले कारकों की गणना करना विभिन्न नैदानिक शिक्षण रणनीतियों का उपयोग करने में कौशल विकसित करना	**नैदानिक स्थापनाओं में प्रशिक्षणः प्रशिक्षण विधियां** • नैदानिक अध्ययन – वातावरण • नैदानिक अध्ययन अनुभवों के चयन को प्रभावित करने वाले कारक • अभ्यास मॉडल • प्रभावी नैदानिक शिक्षक के लक्षण • नैदानिक अध्ययन के परिणामों/ अभ्यास दक्षताओं का लेखन • नैदानिक शिक्षण रणनीतियां – नैदानिक सम्मेलन, नैदानिक प्रस्तुति/बेडसाइड क्लिनिक, मामले का अध्ययन/देखभाल अध्ययन, नर्सिंग दौरे, अवधारणा मानचित्रण, परियोजना, वादविवाद, खेल, रोल प्ले, पीबीएल, पूछताछ, लिखित निहित कार्य, प्रक्रिया रिकॉर्डिंग में रोगी निहित कार्य	• व्याख्यान एवं चर्चा • नैदानिक परिणाम लेखन – जोड़े में निहित कार्य	• लघु उत्तर • लिखित कार्य का आंकलन
V	5	5	मीडिया के उपयोग के उद्देश्य, सिद्धांतों और चरणों की व्याख्या करना विभिन्न प्रकार के मीडिया को वर्गीकृत करें और इसके लाभ एवं नुकसान का वर्णन करें मीडिया को तैयार करने और उसका उपयोग करने में कौशल विकसित करना	**शैक्षिक/शिक्षण मीडिया** • मीडिया का उपयोग – उद्देश्य, घटक, सिद्धांत और कदम • मीडिया के प्रकार अचल दृश्य ○ अप्रक्षेपित – रेखाचित्र एवं आरेख, चार्ट, ग्राफ़, पोस्टर, कार्टून, बोर्ड सामग्री (चॉक/व्हाइट बोर्ड, बुलेटिन बोर्ड, फ़लालीन बोर्ड, फ्लिप चार्ट, फ़्लैश कार्ड, अचल चित्र/तस्वीरें, मुद्रित सामग्री – हैंडआउट, लीफलेट, ब्रोशर, फ्लायर ○ प्रक्षेपित – फिल्म स्ट्रिप्स, माइक्रोस्कोप, पावर प्वाइंट स्लाइड, ओवरहेड प्रोजेक्टर चल दृश्य ○ वीडियो अध्ययन संसाधन – वीडियो टेप और डीवीडी, ब्लू–रे, यूएसबी फ्लैश ड्राइव ○ मोशन पिक्चर्स/फिल्में रीअलिया और मॉडल ○ वास्तविक वस्तु और मॉडल ऑडियो एड्स/ऑडियो मीडिया ○ ऑडियो टेप्स/कॉम्पैक्ट डिस्क ○ रेडियो और टेप रिकॉर्डर ○ सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली ○ डिजिटल ऑडियो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/कंप्यूटर सीखने के संसाधन ○ कंप्यूटर	• व्याख्यान एवं चर्चा • विभिन्न शैक्षिक सहायक सामग्री तैयार करना – (अभ्यासात्मक प्रशिक्षण सत्र के साथ एकीकृत)	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • तैयार किए गए प्रशिक्षण सामग्री का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)		अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
	टी	पी				
				○ वेब आधारित वीडियोकांफ्रेंसिंग ○ ई–लर्निंग, स्मार्ट अध्ययन कक्ष दूरसंचार (दूरस्थ शिक्षा) ○ केबल टीवी, सेटेलाइट ब्रोडकास्टिंग, वीडियोकांफ्रेंसिंग, टेलीफोन, टेलीहेल्थ/टेलिनर्सिंग मोबाइल तकनीक		
VI	5	3	मूल्यांकन के तरीकों और मूल्यांकन में आने वाली बाधाओं के चयन में उद्देश्य, गुंजाइश, सिद्धांतों की व्याख्या मूल्यांकन परीक्षणों को विकसित करने के लिए दिशानिर्देशों की व्याख्या विभिन्न परीक्षणों के निर्माण में कौशल विकसित करना विभिन्न नैदानिक मूल्यांकन उपकरणों की पहचान करना और चयनित परीक्षणों में कौशल प्रदर्शन करना	**आंकलन/मूल्यांकन के तरीके/ रणनीतियां** • उद्देश्य, अभिप्राय और आंकलन विधियों के चयन के सिद्धांत तथा प्रकार • आंकलन में आने वाली बाधाएं • आंकलन परीक्षण विकसित करने के लिए दिशानिर्देश ज्ञान का आंकलनः • निबंध • लघु उत्तरीय प्रश्न (एसएक्यू) • बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू – एकल प्रतिक्रिया और एकाधिक प्रतिक्रिया) कौशल का आंकलनः • नैदानिक मूल्यांकन • अवलोकन (चेकलिस्ट, रेटिंग तराजू, वीडियो टेप) • लिखित संवाद – प्रगति नोट, नर्सिंग देखभाल योजना, प्रक्रिया रिकॉर्डिंग, लिखित कार्य • मौखिक संवाद (मौखिक परीक्षा) • सिमुलेशन • उद्देश्य संरचित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई) • स्वमूल्यांकन • नैदानिक पोर्टफोलियो, नैदानिक लॉग दृष्टिकोण का आंकलनः • रवैया मापन उच्च शिक्षा के लिए आंकलन परीक्षणः • व्याख्यात्मक प्रश्न, हॉट स्पॉट प्रश्न, ड्रैग एंड ड्रॉप और आदेशित प्रश्न	• व्याख्यान एवं चर्चा • आंकलन उपकरण के निर्माण पर अभ्यास	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • तैयार किए गए उपकरणों का आंकलन
VII	3	3	मार्गदर्शन के दायरे, उद्देश्य और सिद्धांतों की व्याख्या मार्गदर्शन और परामर्श के बीच अंतर परामर्श प्रक्रिया के सिद्धांतों एवं प्रकारों की व्याख्या परामर्श और मार्गदर्शन के बुनियादी कौशल का	**मार्गदर्शन/शैक्षिक सलाह, परामर्श और अनुशासन** मागदर्शन • परिभाषा, उद्देश्य, कार्यक्षेत्र, प्रयोजन और सिद्धांत • मार्गदर्शन में शैक्षिक सलाहकार/ संकाय की भूमिका परामर्श • मार्गदर्शन और परामर्श में अंतर	• व्याख्यान एवं चर्चा • विभिन्न परिस्थितियों में छात्र परामर्श पर	• रोल प्ले परिदृश्य में

इकाई	समय (घंटे)		अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
	टी	पी				
			विकास करना निवारक परामर्श के महत्व को पहचानना और छात्रों के बीच अनुशासनात्मक समस्याओं और शिकायतों का जवाब देने के लिए कौशल विकसित करना	• परिभाषा, उद्देश्य, कार्यक्षेत्र, सिद्धांत, प्रकार, प्रक्रिया और परामर्श के चरण • मूल परामर्श कौशल/तकनीक • परामर्शदाता की भूमिका • परामर्श सेवाओं का संगठन • नर्सिंग छात्रों में परामर्श के लिए मुद्दे छात्रों में अनुशासन और शिकायत • अनुशासनात्मक/शिकायत समस्याओं का प्रबंधन – निवारक मार्गदर्शन और परामर्श • छात्रों की शिकायत निवारण सेल/ समिति की भूमिका	भूमिका निभाना • परामर्श की आवश्यकता वाली स्थितियों की पहचान करने पर निहित कार्य	प्रदर्शन का आंकलन • निहित कार्य का मूल्यांकन
VIII	4	2	मूल्य आधारित शिक्षा के महत्व को पहचानना नैतिक निर्णय लेने में कौशल विकसित करना और छात्रों के लिए नैतिक मानकों को बनाए रखना साक्ष्य आधारित प्रशिक्षण (ईबीटी) का परिचय दें और नर्सिंग शिक्षा में इसका अनुप्रयोग	**नर्सिंग शिक्षा में नैतिकता और साक्ष्य आधारित शिक्षण (ईबीटी)** नैतिकता – समीक्षा • शब्दों की परिभाषा • नर्सिंग में मूल्य आधारित शिक्षा • मूल्य विकास रणनीतियां • नैतिक निर्णय लेना • छात्रों के लिए नैतिक मानक • छात्र–संकाय संबंध साक्ष्य आधारित शिक्षण – परिचय • साक्ष्य आधारित शिक्षण प्रक्रिया और नर्सिंग शिक्षा में इसका अनुप्रयोग	• मूल्य स्पष्टीकरण अभ्यास • छात्र द्वारा सामना किए गए परिदृश्य में मामले के अध्ययन का विश्लेषण और नैतिक निर्णय लेने के चरणों का सुझाव देना • व्याख्यान एवं चर्चा	• लघु उत्तर • मामले के अध्ययन के विश्लेषण का मूल्यांकन • प्रश्नोत्तरी – बहुविकल्पीय

फोरेंसिक नर्सिंग का परिचय और भारतीय कानून

स्थापनः सत्र–5

सैद्धांतिकः 1 क्रेडिट (20 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को रोगी की संपूर्ण देखभाल में फोरेंसिक विज्ञान के महत्व को जानने और पेशेवर नर्सिंग अभ्यास में एक विशेष अनुशासन के रूप में फोरेंसिक नर्सिंग को पहचानने के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. स्वास्थ्य और नर्सिंग अभ्यास में एक उभरती हुई विशेषता के रूप में फोरेंसिक नर्सिंग की पहचान करना
2. फोरेंसिक नर्सिंग अभ्यास के इतिहास और दायरे का पता लगाना
3. हिंसा के शिकार व्यक्ति और साक्ष्यों के संरक्षण में फोरेंसिक टीम, फोरेंसिक नर्स की भूमिका और उत्तरदायित्वों को पहचानना
4. भारतीय न्यायिक प्रणाली और कानूनी प्रक्रियाओं की बुनियादी समझ विकसित करना

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	3 (टी)	फोरेंसिक विज्ञान की प्रकृति की व्याख्या और हिंसा विषयक मुद्दों पर परिचर्चा	**फोरेंसिक विज्ञान** • परिभाषा • इतिहास • चिकित्सा विज्ञान में महत्व	• व्याख्यान एवं चर्चा • क्षेत्रीय फोरेंसिक	• प्रश्नोत्तरी – बहुविकल्पी प्रश्न • दौरे की रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला **हिंसा** • परिभाषा • महामारी विज्ञान • विवरण का स्रोत **यौन शोषण – बच्चे एवं महिलाएं**	विज्ञान प्रयोगशाला के दौरे	लेखन
II	2 (टी)	फोरेंसिक नर्सिंग की अवधारणा और फोरेंसिक नर्स के अभ्यासात्मक दायरे को स्पष्टीकरण	**फोरेंसिक नर्सिंग** • परिभाषा • इतिहास और विकास • व्यापकता – अभ्यास की स्थापना, अभ्यास क्षेत्र और उप–विशिष्टताएं • नैतिक मुद्दे • नर्स की भूमिकाएं और उत्तरदायित्व • भारतीय उपचया परिषद् अधिनियम और राज्य उपचर्या परिषद् अधिनियम	• व्याख्यान एवं चर्चा	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
III	7 (टी)	फोरेंसिक टीम के सदस्यों की पहचान करना और फोरेंसिक नर्स की भूमिका की व्याख्या	**फोरेंसिक टीम** • सदस्य और उनकी भूमिका **पीड़ित और परिवार की व्यापक फोरेंसिक नर्सिंग देखभाल** • भौतिक पहलू • मनोसामाजिक पहलू • सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहलू • कानूनी पहलु • फोरेंसिक टीम की अपने अभ्यास के दायरे से परे देखभाल में सहायता करना • हिंसा के शिकार व्यक्ति का प्रवेश और निर्वहन/रेफरल/मौत • एक गवाह के रूप में नर्स के उत्तरदायित्व **साक्ष्य संरक्षण – नर्सों की भूमिका** • समीक्षा • मान्यता • संग्रहण • संरक्षण • आपराधिक/दर्दनाक घटना से संबंधित जैविक और अन्य साक्ष्यों का दस्तावेजीकरण • फॉरेंसिक जांच के लिए जैविक नमूनों को अग्रेषित करना	• व्याख्यान एवं चर्चा • काल्पनिक/वास्तविक मामले की प्रस्तुति • शव परीक्षा (पोस्टमार्टम) की समीक्षा • फोरेंसिक चिकित्सा विभाग के दौरे	• वस्तुनिष्ठ • लघु उत्तर • रिपोर्ट लेख
IV	3 (टी)	मौलिक अधिकारों और मानवाधिकार आयोग का वर्णन	**भारतीय संविधान का परिचय** **मौलिक अधिकार** • पीड़ित के अधिकार • आरोपी के अधिकार **मानवाधिकार आयोग**	• व्याख्यान एवं चर्चा • लिखित कार्य • जेल के दौरे	• लघु उत्तर • लिखित कार्य का मूल्यांकन • दौरे का रिपोर्ट लेखन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
V	5 (टी)	भारतीय न्यायिक प्रणाली और कानूनों की व्याख्या	**विधिक स्रोत और कानून बनाने के अधिकार** **भारतीय न्यायिक प्रणाली की समीक्षा** • जेएमएफसी (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी) • जिला • राज्य • सर्वोच्च **दीवानी और आपराधिक मामले की प्रक्रिया** • आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) • आईसीपीसी • आई.ई. अधिनियम (भारतीय साक्ष्य अधिनियम)	• व्याख्यान एवं चर्चा • निर्देशित पठन • व्याख्यान एवं चर्चा	• प्रश्नोत्तरी • लघु उत्तर
		पोस्को अधिनियम के महत्व पर चर्चा करना	**पोस्को अधिनियम की समीक्षा**		

बाल स्वास्थ्य नर्स II

स्थापनः सत्र–6

सैद्धांतिकः 2 क्रेडिट (40 घंटे)

व्यावहारिकः नैदानिकः 1 क्रेडिट (80 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम नवजात शिशुओं और बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में शिशु देखभाल, पहचान, रोकथाम और नर्सिंग प्रबंधन के लिए आधुनिक दृष्टिकोण की समझ विकसित करने के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. पैथोफिज़ियोलॉजी के समझ को लागू करना और हृदय एवं रक्तवाहिका संबंधी विकार, जठरांत्र, जननांग, तंत्रिका तंत्र, हड्डी, आंख, कान एवं त्वचा के विकार और संचारी रोगों से पीड़ित बच्चों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना
2. सामान्य व्यावहारिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं से ग्रस्त बच्चों की देखभाल करना
3. मानसिक रूप से विकलांग बच्चों को संभालना
4. मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए सामाजिक एवं कल्याणकारी सेवाओं की पहचान करना

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	20 (टी)	हृदय एवं रक्तकोशिका तंत्र, जठरांत्र, जननांग, और तंत्रिका तंत्र के विकारों से ग्रस्त बच्चों की एटियलजि, पैथोफिजियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति और नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या	**हृदय एवं रक्तकोशिका तंत्र प्रणाली** • जन्मजात विकृतियों की पहचान और नर्सिंग प्रबंधन • **जन्मजात हृदय रोगः** सियानोटिक और एसियानोटिक (एएसडी, वीएसडी, पीडीए, टीओएफ) • अन्यः आमवाती बुखार और आमवाती हृदय रोग, हृदय संबंधी विफलता • **हेमटोलॉजिकल स्थितिः** अ) जन्मजातः हेमोफिलिया, थैलेसीमिया ब) अन्यः एनीमिया, ल्यूकेमिया, इडियोपैथिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिक पुरपुरा, हॉजकिन्स और गैर–हॉजकिन्स लिंफोमा **जठरांत्र प्रणाली**	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रदर्शन एवं अभ्यास सत्र	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • चेकलिस्ट के साथ कौशल आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• जन्मजात विकृतियों की पहचान और नर्सिंग प्रबंधन • जन्मजातः क्लेफ्ट लिप, क्लेफ्ट तालु, जन्मजात हाइपरट्रॉफिक पाइलोरिक स्टेनोसिस, हिर्स्चस्प्रुंग्स रोग (मेगैकोलोन), एनोरेक्टल विकृति, कुअवशोषण सिंड्रोम, पेट की दीवार के दोष, हर्निया • अन्यः आंत्रशोथ, दस्त, उल्टी, प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण, आंतों में रुकावट, यकृत संबंधी रोग, आंत्र परजीवी रोग **जननांग एवं मूत्र प्रणाली** • जन्मजात विकृतियों की पहचान और नर्सिंग प्रबंधन • जन्मजातः विल्म्स ट्यूमर, मूत्राशय की अतिवृद्धि, हाइपोस्पेडियास, एपिस्पेडियास, ऑब्स्ट्रक्टिव यूरोपैथी • अन्यः नेफ्रोटिक सिंड्रोम, एक्यूट ग्लोमेरुलोनेफ्रैटिस, गुर्दे की विफलता **तंत्रिका प्रणाली** • जन्मजात विकृतियों की पहचान और नर्सिंग प्रबंधन अ) जन्मजातः स्पिना बिफिडा, हाइड्रोसिफ़लस ब) अन्यः मेनिनजाइटिस, एन्सेफलाइटिस, संवेदी विकार (ऐंठन और दौरे), सेरेब्रल पाल्सी, सिर की चोट		
II	10 (टी)	हड्डी रोग, आंख, कान एवं त्वचीय विकारों से ग्रस्त बच्चों की एटियलजि, पैथोफिजियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति और नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या संक्रामक रोगों से ग्रस्त बच्चों के निवारक उपायों और रणनीतियों की व्याख्या	**हड्डी संबंधी विकार** • सहजपादवक्रता (क्लब फुट) • कूल्हे का अव्यवस्थित होना (हिप डिस्लोकेशन) • अंग–भंग (फ्रैक्चर) **आंख, कान एवं त्वचा के विकार** • अपवर्तन (रिफ्रेक्टरी) त्रुटियां • ओटिटिस मीडिया • एटॉपिक डर्मेटाइटिस **बच्चों में संचारी रोग,** उनकी पहचान/निदान, अस्पताल अथवा/और घर में नर्सिंग प्रबंधन, नियंत्रण और रोकथाम • यक्ष्यमा (तपैदिक) • डिप्थीरिया • टेटनस • पर्टुसिस • पोलियोमाइलिटिस • खसरा • कण्ठमाला • छोटी माता • एचआईवी/एड्स	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रदर्शन • अभ्यास सत्र • नैदानिक अभ्यास	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • चेकलिस्ट के साथ कौशल आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• डेंगू बुखार • कोविद–19		
III	10 (टी)	व्यावहारिक और सामाजिक समस्याओं से ग्रस्त बच्चों के प्रबंधन की व्याख्या मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए सामाजिक एवं कल्याणकारी सेवाओं की पहचान करना	**बच्चों की व्यावहारिक और सामाजिक समस्याओं का प्रबंधन** • बाल मार्गदर्शन क्लिनिक • बच्चों के सामान्य व्यावहारिक विकार और प्रबंधन ○ एनरसिस और एनकोपेरेसिस ○ घबराहट ○ नाखून खाना ○ अगूंठा चूसना ○ गुस्सा एवं चिड़चिडाहट ○ चोरी करना ○ आक्रामकता ○ किशोरावस्था अपराध ○ स्कूल जाने से डरना ○ विकलांगता अध्ययन • बच्चों के मानसिक विकार और प्रबंधन ○ चाइल्डहुड सिज़ोफ्रेनिया ○ बचपन का अवसाद ○ रूपांतरण प्रतिक्रिया ○ पोस्टट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर ○ ऑटिस्टिक स्पेक्ट्रम विकार • बच्चों के भोजन संबंधी विकार और प्रबंधन ○ मोटापा ○ एनोरेक्सिया नर्वोसा ○ ब्युलिमिया • मानसिक रूप से विकलांग बच्चों का प्रबंधन ○ मानसिक रूप से ○ शारीरिक रूप से ○ सामाजिक रूप से ○ बाल शोषण, ○ मादक द्रव्यों का सेवन • भारत में विकलांग बच्चों के लिए कल्याणकारी सेवाएं	• व्याख्यान एवं चर्चा • बाल मार्गदर्शन क्लीनिक और मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक रूप से विकलांग बच्चों के स्कूल के क्षेत्रीय दौरा	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट का आंकलन

बाल स्वास्थ्य नर्सिंग II – नैदानिक कार्यक्रम (1 क्रेडिट – 80 घंटे)

बाल स्वास्थ्य नर्सिंग I के तहत I और II के रूप में दिया गया है

मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग II

स्थापनः सत्र–5

सैद्धांतिक – 3 क्रेडिट (60 घंटे)

नैदानिक – 1 क्रेडिट (80 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम मनोरोग संबंधी आपात स्थितियों से निपटने और सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य नर्स की भूमिका निभाने के लिए के लिए आवश्यक बुनियादी समझ और कौशल विकास के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. मादक द्रव्यों के सेवन, व्यक्तित्व और यौन विकारों से ग्रस्त रोगियों को देखभाल प्रदान करने में नर्सिंग प्रक्रिया का अनुप्रयोग।
2. बचपन और किशोरावस्था के दौरान होने वाले व्यावहारिक और भावनात्मक विकारों से ग्रस्त रोगियों को देखभाल प्रदान करने में नर्सिंग प्रक्रिया का अनुप्रयोग।
3. जैविक मस्तिष्क विकारों से ग्रस्त रोगियों को देखभाल प्रदान करने में नर्सिंग प्रक्रिया का अनुप्रयोग।
4. मनोरोग संबंधित आपात स्थितियों की पहचान और प्रत्युत्तर।
5. आपात स्थितियों के दौरान पर्यवेक्षित संकट प्रबंधन।
6. एमएचसीए 2017 के अनुसार प्रवेश और निर्वहन प्रक्रिया।
7. सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य नर्स की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों का पता लगाएं।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	6 (टी)	मादक द्रव्य सेवन संबंधित विकारों से ग्रस्त रोगियों की एटियलजि, मनोगतिशीलता, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड और प्रबंधन की व्याख्या	**मादक द्रव्य सेवन संबंधित विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • व्यापकता और विस्तार • आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले मादक द्रव्यः वर्गीकरण, रूप, मार्ग, क्रिया, नशा और प्रतिकार • मादक द्रव्य सेवन संबंधित विकारों की एटियलजि/मनोगतिशीलता (शब्दावलीः मादक द्रव्यों का सेवन, शोषण, सहिष्णुता, निर्भरता, प्रतिकार) • नैदानिक मानदंड/सूत्रीकरण • नर्सिंग आंकलनः वृत्त (मादक द्रव्यों का वृत्त), भौतिक, मानसिक आंकलन और मादक द्रव्य और मादक द्रव्य की परख • उपचार (डिटॉक्सीफिकेशन, एंटाब्यूज़ तथा नार्कोटिक एंटागोनिस्ट थेरेपी और नुकसान में कमी, संक्षिप्त हस्तक्षेप, एमईटी, इंकार कौशल, रखरखाव चिकित्सा) और मादक द्रव्य सेवन विकार से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन • कमजोर लोगों का विशेष ध्यान • अनुवर्ती तथा घर पर देखभाल और पुनर्वास	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर चर्चा • मामले की प्रस्तुति • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • रोगी प्रबंधन समस्याओं का आंकलन
II	6 (टी)	व्यक्तित्व तथा यौन संबंधी विकारों से ग्रस्त रोगियों की एटियलजि, मनोगतिशीलता, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड और प्रबंधन की व्याख्या	**व्यक्तित्व और यौन विकार से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • व्यापकता और विस्तार • विकारों का वर्गीकरण • एटियोलॉजी, साइकोपैथोलॉजी, विशेषताएं, निदान • नर्सिंग आंकलनः वृत्त, भौतिक एवं मानसिक स्वास्थ्य आंकलन • व्यक्तित्व तथा यौन संबंधी विकारों से ग्रस्त रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर चर्चा • मामले की प्रस्तुति • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • रोगी प्रबंधन समस्याओं का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• जराचिकित्सीय मीमांसा • अनुवर्ती तथा घर पर देखभाल और पुनर्वास		
III	8 (टी)	बचपन और किशोरावस्था संबंधित विकारों (जिसमें मानसिक विकारों भी शामिल हैं) से ग्रस्त रोगियों की एटियलजि, मनोगतिशीलता, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड और प्रबंधन की व्याख्या	**बचपन और किशोरावस्था के दौरान होने वाले मानसिक और भावनात्मक विकारों का नर्सिंग प्रबंधन** (बौद्धिक अक्षमता, स्वलीनता, मनोयोग की कमी, अतिसक्रियता विकार, खाद्य विकार, अध्ययन कालीन विकार) • व्यापकता और विस्तार • वर्गीकरण • एटियलजि, मनोगतिशीलता, लक्षण, नैदानिक मानदंड/सूत्रीकरण • नर्सिंग आंकलनः वृत्त, भौतिक एवं मानसिक स्थिति का परीक्षण और बौद्धिक स्तर का आंकलन • बौद्धिक अक्षमता सहित बचपन के विकारों के उपचार के तौर–तरीके और नर्सिंग प्रबंधन • अनुवर्ती तथा घर पर देखभाल और पुनर्वास	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर चर्चा • मामले की प्रस्तुति • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • रोगी प्रबंधन समस्याओं का आंकलन
IV	5 (टी)	जैविक मस्तिष्क विकारों (ऑर्गेनिक ब्रेन डिसऑर्डर) की एटियलजि, मनोगतिशीलता, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड और प्रबंधन की व्याख्या	**जैविक मस्तिष्क विकारों (ऑर्गेनिक ब्रेन डिसऑर्डर) का नर्सिंग प्रबंधन** (उन्माद, पागलपन, भूलने का रोग) • व्यापकता और विस्तार • वर्गीकरण • एटियलजि, मनोगतिशीलता, नैदानिक लक्षण, निदान एवं विभेदक निदान • नर्सिंग आंकलनः वृत्त, भौतिक, मानसिक और तंत्रिका संबंधी आंकलन • जैविक मस्तिष्क विकारों (ऑर्गेनिक ब्रेन डिसऑर्डर) के उपचार के तरीके और नर्सिंग प्रबंधन • अनुवर्ती तथा घर पर देखभाल और पुनर्वास	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर चर्चा • मामले की प्रस्तुति • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • रोगी प्रबंधन समस्याओं का आंकलन
V	6 (टी)	मनोरोग से संबंधित आपात स्थितियों को पहचानना और संकट में हस्तक्षेप करना	**मनोरोग से संबंधित आपात स्थितियां और संकटकालीन हस्तक्षेप** • मनोरोग से संबंधित आपात स्थितियों के प्रकार (आत्महत्या की कोशिश, हिंसा/आक्रामकता, मूर्छा, प्रलाप, कांपना और अन्य मनोरोग आपात संबंधित स्थितियां) और उनका प्रबंधन • वैयक्तिक और सामूहिक घातक व्यवहार, तनाव, संकट और आपदाएं • संकट के प्रकार • संकट हस्तक्षेपः सिद्धांत, तकनीक और प्रक्रिया – तनाव अनुकूलन मॉडल के अनुसार तनाव में कमी – मुकाबला करने की शक्ति बढ़ाना – परामर्श तकनीकें	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर चर्चा • मामले की प्रस्तुति • नैदानिक अभ्यास	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
VI	4 (टी)	मानसिक स्वास्थ्य स्थापनाओं में लागू विधिक पहलुओं का स्पष्टीकरण और नर्स की भूमिका	**मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग से संबंधित विधिक कानूनी मुद्दे** • भारतीय उन्माद (लूनेटिक्स) अधिनियम और मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987 की समीक्षा • (यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण) पोस्को	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर चर्चा	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			अधिनियम • मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम (एमएचसीए) 2017 • मानसिक रूप से बीमार ग्राहकों के अधिकार • फोरेंसिक मनोरोग तथा नर्सिंग • मादक और नशीले पदार्थों और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित अधिनियम • एमएचसीए 2017 के अनुसार प्रवेश और निर्वहन प्रक्रिया • एमएचसीए 2017 को लागू करने में नर्सों की भूमिका और उत्तरदायित्व		
VII	5 (टी)	निवारक मनोरोग के मॉडल की व्याख्या सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की व्याख्या और नर्स की भूमिका	**सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग** • सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विकास • राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति अर्थात राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति • राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम • संस्थागतीकरण बनाम असंस्थागतीकरण • निवारक मनोरोग का मॉडल • प्राथमिक, माध्यमिक, तृतीयक स्तर पर उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं तथा पुनर्वास और नर्सों के उत्तरदायित्व • मानसिक स्वास्थ्य एजेंसियां: सरकारी तथा स्वैच्छिक, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय • बच्चे, किशोर, महिला, बुजुर्ग, हिंसा और शोषण के शिकार, विकलांग, एचआईवी/एड्स आदि से पीड़ित विशेष लोगों से संबंधित मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग मुद्दे	• व्याख्यान एवं चर्चा • नैदानिक/क्षेत्रीय अभ्यास • मानसिक स्वास्थ्य सेवा एजेंसियों के क्षेत्रीय दौरे	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट का आंकलन

नैदानिक प्रक्रिया – 2 क्रेडिट (80 घंटे)

मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग I और II के लिए नैदानिक प्रक्रिया मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग I नैदानिक प्रक्रिया के तहत दी गई है।

नर्सिंग प्रबंधन और नेतृत्व

स्थापनः सत्र–6

सैद्धांतिकः 3 क्रेडिट (60 घंटे), इसमें प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला घंटे भी शामिल हैं

व्यावहारिकः नैदानिक – 1 क्रेडिट (80 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को प्रशासन, नर्सिंग सेवाओं के प्रबंधन और शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान और दक्षता प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। आगे यह छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और एक संगठन में प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाने में भी सक्षम बनाता है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. भारत में नर्सिंग सेवाओं और शिक्षा के विकास को प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य देखभाल के रुझानों का विश्लेषण करें।
2. नर्सिंग के लिए लागू प्रबंधन के सिद्धांतों, कार्यों और प्रक्रिया का वर्णन करें।
3. एक अस्पताल में नर्सिंग सेवाओं की योजना बनाने और व्यवस्थित करने में बुनियादी समझ और शुरुआती क्षमता विकसित करना।
4. मानव संसाधन प्रबंधन की अवधारणा को लागू करें और सेवाकालीन शिक्षा सहित सभी श्रेणियों के नर्सिंग कर्मियों के कार्य विवरण को पहचानें।
5. किसी विशिष्ट अस्पताल/नर्सिंग इकाई में कर्मचारी भर्ती और पदस्थापन के सिद्धांतों और तरीकों पर चर्चा करें।

6. मालसूची नियंत्रण सहित सामग्रियों और आपूर्ति के प्रबंधन में कौशल विकसित करना।
7. दलीय कार्य और अंतर–व्यावसायिक सहयोगी दक्षताओं का विकास करना।
8. प्रभावी नेतृत्व शैली को पहचानें और नेतृत्व क्षमता विकसित करें।
9. सिद्धांतों और नियंत्रण रेखा के ज्ञान का उपयोग करें और गुणवत्ता प्रबंधन और मूल्यांकन गतिविधियों में भाग लें।
10. बजटीय प्रक्रिया के दौरान नर्सिंग सेवाओं और शिक्षा में वित्तीय नियोजन से संबंधित ज्ञान का उपयोग करें।
11. रोगी की जानकारी, नर्सिंग देखभाल और प्रगति के प्रासंगिक रिकॉर्ड और रिपोर्ट के रखरखाव में नर्सिंग सूचना विज्ञान के ज्ञान को लागू करें।
12. संकाय मानदंडों, भौतिक अवसंरचना और नैदानिक सुविधाओं के संदर्भ में शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और मान्यता के लिए भारतीय उपचर्या परिषद् के दिशानिर्देशों की समझ का प्रदर्शन।
13. पाठ्यक्रम के कार्यान्वयन और मूल्यांकन सहित कॉलेज में नियोजन, आयोजन और कर्मचारियों की भर्ती में शुरुआती क्षमताओं का प्रदर्शन।
14. नर्सिंग अभ्यास और शिक्षा के लिए प्रासंगिक विधिक मुद्दों और कानूनों की पहचान करें।
15. व्यावसायिक प्रगति के लिए ज्ञान को लागू करें और विभिन्न अवसरों का उपयोग करें।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	1 (टी)	भारत में स्वास्थ्य देखभाल, नर्सिंग सेवाओं और शिक्षा के विकास और प्रवृत्तियों का अन्वेषण करना	**स्वास्थ्य देखभाल और भारत में नर्सिंग सेवाओं का विकास** • भारत की वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली – समीक्षा • वैश्विक और राष्ट्रीय परिदृश्य में नर्सिंग सेवाओं और शिक्षा की योजना तथा विकास • नर्सिंग सेवा और प्रबंधन के हालिया रुझान और मुद्दे	• व्याख्यान एवं चर्चा • निर्देशित पढ़ने और लिखित कार्य	• लघु उत्तर • निहित कार्य का आंकलन
II	2 (टी)	नर्सिंग के लिए लागू प्रबंधन के सिद्धांतों और कार्यों की व्याख्या प्रक्रिया के रूप में प्रबंधन की परिचयात्मक अवधारणाओं की व्याख्या	**नर्सिंग से संबंधित प्रबंधन की मूल तत्व** • परिभाषा, अवधारणा और प्रबंधन के सिद्धांत • प्रबंधन का महत्व, सुविधाएं और स्तर • प्रबंधन और प्रशासन • प्रबंधन के कार्य • प्रबंधन के सिद्धांत • प्रबंधक के रूप में नर्स की भूमिका **प्रबंधन प्रक्रिया का परिचय** • योजना बनाना • आयोजन • स्टाफिंग • निर्देशन/रहनुमाई • नियंत्रण	• व्याख्यान एवं चर्चा	• बहुविकल्पी प्रश्न • लघु उत्तर
			नर्सिंग सेवाओं का प्रबंधन		
III	4 (टी)	योजना के आवश्यक तत्वों की व्याख्या	**नर्सिंग सेवा की योजना तैयार करना** • परिकल्पना, लक्ष्य, दर्शन, उद्देश्य • नर्सिंग सेवा नीतियां, प्रक्रिया और नियमावली • कार्यात्मक और परिचालन योजना • रणनीतिक योजना • कार्यक्रम की योजना – गैंट चार्ट और	• व्याख्यान एवं चर्चा • विशिष्ट अस्पताल/रोगी देखभाल इकाइयों का दौरा • संबंधित स्थापनाओं में आपदा कवायद (ड्रिल) का प्रदर्शन	• नर्सिंग विभाग/इकाई के लिए लक्ष्य एवं परिकल्पना वक्तव्य तैयार करना • समस्या हल करने वाले अभ्यासों का

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			मुश्किल कार्यों का चार्ट • बजट – अवधारणा, सिद्धांत, प्रकार, • बजट प्रस्ताव, लागत लाभ विश्लेषण • अस्पताल की योजना तैयार करना और रोगी देखभाल इकाई (वार्ड) • आपातकाल और आपदा की योजना तैयार करना		आंकलन • दौरे की रिपोर्ट
IV	4 (टी)	अस्पताल संगठन सहित संयोजन की अवधारणाओं पर परिचर्चा	**आयोजन** • एक प्रक्रिया के रूप में आयोजन – निहित कार्य, प्रतिनिधिमंडल और समन्वय • अस्पताल – प्रकार, कार्य और संगठन • संगठनातमक विकास • संगठनात्मक संरचना • संगठनात्मक चार्ट • संगठनात्मक प्रभावशीलता • अस्पताल प्रशासन, नियंत्रण और अधिकारों की सीमा • अस्पताल उपयोग सूचकांक सहित अस्पताल के आंकड़े • नर्सिंग देखभाल वितरण प्रणाली और रुझान • प्रभावी संगठनात्मक वातावरण के रखरखाव में नर्स की भूमिका	• व्याख्यान एवं चर्चा • विभिन्न संगठनों की संगठनात्मक संरचना की तुलना • नर्सिंग देखभाल वितरण प्रणाली – निहित कार्य • अस्पताल/ नर्सिंग सेवाओं के संगठनात्मक चार्ट तैयार करना	• लघु उत्तर • निहित कार्य का आंकलन
V	6 (टी)	मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम) और सामग्री प्रबंधन के महत्व को पहचानना और इसके तत्वों पर परिचर्चा सामग्री प्रबंधन के	**कर्मचारियों की भर्ती (मानव संसाधन प्रबंधन)** • परिभाषा, उद्देश्य, घटक और कार्य **कर्मचारियों की भर्ती और नियत करना** • भर्ती – दर्शन, भर्ती गतिविधियां • भर्ती, चयन, तैनाती • प्रशिक्षण, विकास, परिचय देना, पक्का करना, पदोन्नति करना, तबादला करना, सेवा से बेदखल करना, सेवानिवृत्त करना • कर्मचारी भर्ती इकाइयां – कर्मचारियों की आवश्यकता का अनुमान लगाना/कर्मचारियों की आवश्यकता की गणना करना, नर्स रोगी अनुपात , एसआईयम/आईपीएच मानदंडों के अनुसार नर्स जनसंख्या अनुपात, और रोगी वर्गीकरण प्रणाली • सभी स्तरों के कार्य विवरण सहित नर्सिंग कर्मियों की श्रेणियां • निहित कार्य और नर्सिंग देखभाल उत्तरदायित्व • आवर्त और अनुपस्थिति • कर्मचारी कल्याण • अनुशासन और शिकायतें **सेवाकालीन शिक्षा** • सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम की प्रकृति और कार्यक्षेत्र	• व्याख्यान एवं चर्चा • भूमिका निभाना • खेल – स्व–मूल्यांकन, मामले पर चर्चा और अभ्यास सत्र • किसी निर्दिष्ट वार्ड के लिए आवश्यक कर्मियों की गणना	• देखभाल के विभिन्न स्तरों पर कार्य विवरण तैयार करना और मौजूदा प्रणाली के साथ तुलना करना • ड्यूटी रोस्टर तैयार करना • एमएमएफ/

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		प्रक्रियात्मक चरणों की व्याख्या मालसूची नियंत्रण में प्रबंधकीय कौशल विकसित करना और खरीद प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना	• वयस्क अध्ययन के सिद्धांत – समीक्षा • सेवाकालीन शैक्षिक कार्यक्रम की योजना और आयोजन • तरीके, तकनीक और मूल्यांकन • रिपोर्ट तैयार करना **सामग्री संसाधन प्रबंधन** • खरीद, खरीद प्रक्रिया, माल सूची नियंत्रण और नर्स की भूमिका • अस्पताल और रोगी देखभाल इकाई में लेखा परीक्षा और रखरखाव	• संस्थान के भण्डार–गृह का दौरा	रिकॉर्ड तैयार करना • लॉग बुक तथा निराकरण दस्तावेजों की तैयारी • दौरे की रिपोर्ट
VI	5 (टी)	पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन के महत्वपूर्ण तरीकों की व्याख्या	**संचालन और रहनुमाई** • परिभाषा, सिद्धांत, संचालन के तत्व • पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन • भागीदारी प्रबंधन • अंतर–पेशेवर सहयोग • उद्देश्यों के द्वारा प्रबंधन • टीम प्रबंधन • निहित कार्य, रोटेशन • अनुशासन का रखरखाव • प्रबंधन में नेतृत्व	• व्याख्यान एवं चर्चा • विशिष्ट वार्डों/विभागों में रिकॉर्ड और रिपोर्ट रखरखाव का प्रदर्शन	• नर्सिंग विभाग में संधृत रिपोर्ट तथा रिकॉर्ड पर निहित कार्य • प्रोटोकॉल तथा नियमावली तैयार करना
VII	4 (टी)	नर्सिंग नेतृत्व के महत्व और बदलते रुझानों पर परिचर्चा विभिन्न नेतृत्व शैलियों का विश्लेषण और नेतृत्व क्षमता विकास	**नेतृत्व** • परिभाषा, अवधारणा एवं सिद्धांत • नेतृत्व सिद्धांत एवं दक्षताएं • नेतृत्व शैली – परिस्थितिजन्य नेतृत्व, परिवर्तनकारी नेतृत्व • नेतृत्व विकास के तरीके • नर्सिंग में मेंटरशिप/ प्रीसेप्टरशिप • प्रत्यायोजन, अधिकार एवं राजनीति, सशक्तिकरण, सलाह तथा अनुशिक्षण • निर्णय लेना और समस्या समाधान करना • मतभेद प्रबंधन और समझौता वार्ता • योजनाबद्ध परिवर्तन लागू करना	• व्याख्यान एवं चर्चा • स्व–आंकलन • किसी स्थापना में स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न स्तरों पर अपनाए गए नेतृत्व के प्रकारों पर रिपोर्ट • समस्या समाधान/ मतभिन्नता प्रबंधन अभ्यास • विभिन्न स्तरों पर प्रबंधकीय भूमिकाओं की समीक्षा (मध्य–स्तरीय प्रबंधक – वार्ड प्रभारी, एएनएस)	• लघु उत्तर • निबंध • अभ्यास/रिपोर्ट का आंकलन
VIII	4 (टी)	नियंत्रण की प्रक्रिया और उसकी गतिविधियों को समझाइए	**नियंत्रण** • मानकों, नीतियों, प्रक्रियाओं, प्रोटोकॉल और प्रथाओं को लागू करना • नर्सिंग प्रदर्शन लेखा परीक्षा, रोगी संतुष्टि • नर्सिंग दौरे, प्रलेखन – रिकॉर्ड और रिपोर्ट • कुल गुणवत्ता प्रबंधन – गुणवत्ता आश्वासन, गुणवत्ता और सुरक्षा • प्रदर्शन की समीक्षा	• व्याख्यान एवं चर्चा • नर्सिंग इकाइयों/ विभाग के लिए नीतियां/ प्रोटोकॉल तैयार करना	• तैयार किए गए प्रोटोकॉल का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• कार्यक्रम मूल्यांकन समीक्षा तकनीक (पीईआरटी) • बेंच मार्किंग, कार्यकलाप योजना (गैंट चार्ट) • निर्णायक पथ विश्लेषण		
IX	4 (टी)	संगठनात्मक व्यवहार और सामूहिक गतिशीलता की अवधारणाओं की व्याख्या	**संगठनात्मक व्यवहार और मानवीय संबंध** • संगठनात्मक व्यवहार की अवधारणा और सिद्धांत • सामूहिक गतिशीलता • समीक्षा – पारस्परिक संबंध • मानवीय संबंध • नर्सिंग के संदर्भ में सार्वजनिक संबंध • पेशेवर संघों और कर्मचारी यूनियनों के साथ संबंध • सामूहिक सौदेबाजी • समीक्षा – प्रेरणा और मनोबल निर्माण • कार्यस्थल में संवाद – मुखर संवाद • समितियां – संगठन में महत्व, कामकाज	• व्याख्यान और चर्चा • रोल प्ले/अभ्यास – सामूहिक गतिशीलता और मानवीय संबंध	• लघु उत्तर • ओएससीई
X	2 (टी)	नर्सिंग सेवाओं से संबंधित वित्तीय प्रबंधन की व्याख्या	**वित्तीय प्रबंधन** • वित्तीय प्रबंधन की परिभाषा, उद्देश्य, तत्व, कार्य, सिद्धांत और कार्यक्षेत्र • वित्तीय योजना (नर्सिंग विभाग का बजट तैयार करना) • अस्पताल, रोगी देखभाल इकाइयों और आपातकालीन एवं आपदा इकाइयों के लिए प्रस्ताव, कर्मियों, उपकरण और आपूर्ति की आवश्यकता का अनुमान • बजट और बजटीय प्रक्रिया • वित्तीय लेखा परीक्षा	• व्याख्यान एवं चर्चा • बजट प्रस्ताव की समीक्षा • किसी विशिष्ट विभाग के लिए बजट प्रस्ताव तैयार करना	• लघु उत्तर • निबंध • निहित कार्य का आंकलन
XI	1 (टी)	नर्सिंग सूचना विज्ञान की अवधारणाओं, सिद्धांतों और विधियों और उपयोग की समीक्षा	**नर्सिंग सूचना विज्ञान/सूचना प्रबंधन – समीक्षा** • रोगी रिकॉर्ड • नर्सिंग रिकॉर्ड • अस्पताल, कॉलेज और समुदाय में कंप्यूटर का उपयोग • टेलीमेडिसिन और टेलीनर्सिंग • इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड (ईएमआर), ईएचआर	• समीक्षा • अभ्यास सत्र • विभागों के दौरे	• लघु उत्तर
XII	1 (टी)	भावनाओं, तनाव और लचीलापन के प्रबंधन के संदर्भ में व्यक्तिगत प्रबंधन की समीक्षा	**वैयक्तिक प्रबंधन – समीक्षा** • भावनात्मक ज्ञान • लचीलापन निर्माण • तनाव और समय प्रबंधन – तनावमुक्त होना • आजीविका की योजना	• समीक्षा • चर्चा	
XIII	4 (टी)	शिक्षण संस्थानों की स्थापना और इसकी मान्यता संबंधी	**नर्सिंग शैक्षिक संस्थानों का प्रबंधन** **नर्सिंग शैक्षिक संस्थानों की स्थापना**	• व्याख्यान एवं चर्चा • किसी एक नियामक	• दौरे की रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		दिशानिर्देशों की प्रक्रिया की व्याख्या	• भारतीय उपचर्या परिषद् के मानदंड और दिशानिर्देश – संकाय मानदंड, भौतिक सुविधाएं, नैदानिक सुविधाएं, पाठ्यक्रम कार्यान्वयन और मूल्यांकन / परीक्षा दिशानिर्देश • नियामक निकायों के साथ समन्वय – भारतीय उपचर्या परिषद् और राज्य उपचर्या परिषद् • प्रत्यायन – निरीक्षण • विश्वविद्यालय / राज्य परिषद / परीक्षा बोर्ड के साथ संबद्धता	निकाय का दौरा	
XIV	4 (टी)	नर्सिंग कॉलेज के नियोजन और संयोजन कार्यकलापों की व्याख्या	**योजना और संगठन** • कॉलेज के दर्शन, उद्देश्य और मिशन • स्कूल / कॉलेज की संगठनात्मक संरचना • समीक्षा – पाठ्यक्रम योजना • शिक्षण और अध्ययन के अनुभवों, नैदानिक सुविधाओं की योजना बनाना – मास्टर प्लान, समय सारणी तथा नैदानिक रोटेशन • बजट योजना – संकाय, कर्मचारी, उपकरण एवं आपूर्ति, श्रव्य–दृश्य सामग्री, प्रयोगशाला उपकरण, पुस्तकालय पुस्तक, जर्नल, कंप्यूटर तथा रखरखाव • अवसंरचनात्मक सुविधाएं – कॉलेज, अध्ययन कक्ष, हॉस्टल, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कंप्यूटर प्रयोगशाला, परिवहन सुविधा • छात्रों, कर्मचारियों, संकाय और प्रशासनिक कर्मियों के रिकॉर्ड और रिपोर्ट • समितियां और उनकी कार्यप्रणाली • नैदानिक अनुभव	• निर्देशित पठन – भारतीय उपचर्या परिषद् पाठ्यक्रम • कॉलेज की संगठनात्मक संरचना की तैयारी • लिखित कार्य – किसी शिक्षण विभाग के दर्शन का लेखन • मास्टर प्लान, समय सारणी और नैदानिक रोटेशन की तैयारी	• लघु उत्तर • निबंध • निहित कार्य का आंकलन
XV	4 (टी)	कॉलेज के कर्मचारियों की भर्ती की समझ विकसित करना और छात्रों का चयन करना	**कर्मचारी एवं और छात्रों का चयन** • संकाय / कर्मचारियों का चयन, भर्ती और पदस्थापन, कार्य विवरण • प्रदर्शन मूल्यांकन • संकाय विकास • संकाय / कर्मचारी कल्याण • छात्रों की भर्ती, प्रवेश, नैदानिक पदस्थापन	• संकाय मानदंडों पर निर्देशित पठन • संकाय कल्याण गतिविधियों पर रिपोर्ट • ट्यूटर के कार्य विवरण का लेखन	• लघु उत्तर • गतिविधि रिपोर्ट • कार्य के निरूपण का आंकलन
XVI	4 (टी)	शैक्षिक संगठन में नेतृत्व और प्रबंधन गतिविधियों का विश्लेषण	**निर्देशन एवं नियंत्रण** • समीक्षा – पाठ्यक्रम कार्यान्वयन और मूल्यांकन • नेतृत्व और प्रेरणा, पर्यवेक्षण – समीक्षा • मार्गदर्शन एवं परामर्श • गुणवत्ता प्रबंधन – शैक्षिक लेखा परीक्षा • कार्यक्रम मूल्यांकन, प्रदर्शन का मूल्यांकन • अनुशासन बनाए रखना • संस्थागत रिकॉर्ड और रिपोर्ट – प्रशासनिक, संकाय, कर्मचारी और छात्र	• मूल्यांकन के सिद्धांतों की समीक्षा • निहित कार्य – छात्रों के बीच अनुशासनात्मक समस्याओं की पहचान • छात्रों के रिकॉर्ड लिखना	• लघु उत्तर • निहित कार्य और रिकॉर्ड का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
XVII	4 (टी)	नर्सिंग अभ्यास के लिए प्रासंगिक विभिन्न विधिक मुद्दों और कानूनों की पहचान	**व्यावसायिक मीमांसा** **समीक्षा – विधिक एवं नैतिक मुद्दे** • एक व्यवसाय के रूप में नर्सिंग – व्यावसायिक नर्स की विशेषताएं • नर्सिंग अभ्यास – दर्शन, उद्देश्य तथा लक्ष्य • नियामक निकाय – भारतीय उपचर्या परिषद् (आईएनसी) और राज्य उपचर्या परिषद् (एसएनसी) संरचना और कार्य **समीक्षा – व्यावसायिक नैतिकता** • आचार संहिता और पेशेवर आचरण – आईएनसी एवं आईसीएन • नर्सिंग अभ्यास मानक – आईएनसी • अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् (आईसीएन) **नर्सिंग के विधिक पहलू:** • उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, रोगी अधिकार • अभ्यास से संबंधित विधिक शब्दावली, विधिक प्रणाली – विधि के प्रकार, यातना कानून और दायित्व • नर्सिंग अभ्यास से संबंधित कानून – लापरवाही, कदाचार, उल्लंघन, दंड, • गोपनीयता का उलंघन, चारित्रिक मानहानि • नर्सिंग नियामक तंत्र – पंजीकरण, लाइसेंस, नवीकरण, मान्यता, नर्स अभ्यास अधिनियम, नर्स व्यवसायी/ विशेषज्ञ नर्सिंग अभ्यास विनियम		
XVIII	2 (टी)	व्यावसायिक प्रगति के विभिन्न अवसरों की व्याख्या	**व्यावसायिक प्रगति** • सतत नर्सिंग शिक्षा • आजीविका के अवसर • पेशेवर संगठनों की सदस्यता – राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय • शोध गतिविधियों में भागीदारी • प्रकाशन – पत्रिकाएं, समाचार पत्र	• भारत में उपलब्ध पत्रिकाओं की सूची तैयार करना • अनुसंधान/ नैदानिक लेख लिखना	• निहित कार्य का आंकलन

टिप्पणी: 1 क्रेडिट प्रयोगशाला घंटे से कम को निर्दिष्ट नहीं किया जाता है

नैदानिक व्यावहारिक

नैदानिक: 2 क्रेडिट (80 घंटे) 2 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह = 80 घंटे

अभ्यास क्षमताएं:

अस्पताल

1. अस्पताल/नर्सिंग सेवाओं/नर्सिंग विभाग का संगठनात्मक चार्ट तैयार करना
2. किसी विशिष्ट नर्सिंग इकाई/वार्ड के लिए आवश्यक कर्मियों की गणना करना
3. देखभाल के विभिन्न स्तरों पर कार्य विवरण तैयार करना
4. विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों/छात्रों के लिए ड्यूटी रोस्टर तैयार करना
5. उपकरण और आपूर्ति की खरीद प्रक्रिया में भाग लेना
6. विशिष्ट उपकरण/सामग्री के लिए लॉग बुक/एमएमएफ तैयार करना
7. भण्डार–गृह में वस्तुओं की पर्याप्त मात्रा बनाए रखना और दैनिक रिकॉर्ड रखना

8. स्थापना के – घटना रिपोर्ट/प्रतिकूल रिपोर्ट/ऑडिट रिपोर्ट जैसे विभिन्न रिकॉर्ड और रिपोर्ट तैयार करना और अद्यतन रखना
9. प्रोटोकॉल और नियमावली तैयार करना और उनको कार्यान्वित करना
10. कर्मचारियों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के पर्यवेक्षण, मूल्यांकन और संचालन में भाग लेना

कॉलेज एवं छात्रावास

1. कॉलेज का संगठनात्मक चार्ट तैयार करना
2. ट्यूटर का कार्य विवरण तैयार करना
3. मास्टर प्लान, समय सारणी और नैदानिक रोटेशन तैयार करना
4. छात्र उपाख्यान तैयार करना
5. नैदानिक प्रशिक्षण की योजना, संचालन और मूल्यांकन में भाग लेना
6. छात्रों के नैदानिक अनुभव के मूल्यांकन में भाग लेना
7. व्यावहारिक परीक्षा, ओएससीई की योजना और संचालन में भाग लेना – पदस्थापन का अंत

नैदानिक पदस्थापनः अस्पताल तथा कॉलेज में प्रबंधन का अनुभव

दाई/प्रसूति और स्त्रीरोग (ओबीजी) नर्सिंग I
एसबीए मॉड्यू सहित

स्थापनः सत्र–6

सैद्धांतिक – 3 क्रेडिट (60 घंटे)

व्यावहारिकः कौशल प्रयोगशालाः 1 क्रेडिट (40 घंटे) नैदानिकः 3 क्रेडिट (240 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को दाई के सिद्धांतों पर ज्ञान और दक्षता विकसित करने के लिए तैयार किया गया है। यह उन्हें अस्पतालों और सामुदायिक स्थापनाओं में प्रसवपूर्व, प्रसवकालीन और प्रसवोत्तर अवधि के दौरान महिला को सम्मानजनक मातृत्व देखभाल प्रदान करने में ज्ञान और कौशल प्राप्त करने में मदद करता है। और सामान्य नवजात शिशुओं के प्रबंधन में कौशल विकसित करने और परिवार कल्याण कार्यक्रमों में भाग लेने में भी मदद करता है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. भारतीय उपचर्या परिषद् (आईएनसी) मानकों/आईसीएम दक्षताओं के अनुसार नर्सिंग देखभाल के वितरण के लिए व्यावसायिक उत्तरदायित्व का प्रदर्शन करना जो दाई के व्यवहार में सदाचारी, परोपकारी, कानूनी, नैतिक, विनियामक और मानवतावादी सिद्धांतों के अनुरूप हो।
2. स्वास्थ्य परिणामों को बढ़ाने के लिए वैयक्तिक, पारिवारिक और व्यावसायिक सहयोगियों के साथ पारस्परिक सम्मान और साझा निर्णय लेने को प्रभावी ढंग से संवाद।
3. दाई तथा प्रसूति नर्सिंग की प्रवृत्तियों और मुद्दों को पहचानना।
4. मानव प्रजनन प्रणाली और गर्भाधान की शारीरिक रचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा तथा वर्णन करना।
5. सामान्य गर्भावस्था, जन्म और प्यूपरियम के प्रबंधन में शरीर विज्ञान का वर्णन करें और लागू करें।
6. प्रसवपूर्व, प्रसवकालीन और प्रसवोत्तर अवधि के दौरान महिलाओं को सम्मानजनक तथा साक्ष्य आधारित मातृत्व देखभाल प्रदान करने में सक्षमता प्रदर्शित करना।
7. दाई की देखभाल प्रदान करते समय व्यक्ति के मौलिक मानवाधिकारों को बनाए रखना।
8. दैहिक प्रसव और जन्म को बढ़ावा देना, और सामान्य प्रसव का संचालन करना।
9. साक्ष्य आधारित आवश्यक नवजात देखभाल प्रदान करना।
10. महिला और उनके परिवारों की देखभाल में नर्सिंग प्रक्रिया दृष्टिकोण लागू करना।
11. गर्भनिरोधक विधियों की व्याख्या करना और परिवार कल्याण सेवाओं में नर्स/दाई की भूमिका।
12. परिवार कल्याण कार्यक्रमों के महत्व को पहचानना और उनमें सक्रिय रूप से भाग लेना।
13. लिंग आधारित हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए युवा अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं और देखभाल प्रदान करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा
टी – सैद्धांतिक, एसएल/एस – कौशल प्रयोगशाला/प्रयोगशाला, सी – नैदानिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	8 (टी)	भारत में मिडवाइफरी का इतिहास और	**मिडवाइफरी का परिचय** • भारत में मिडवाइफरी का इतिहास	• चर्चा	• लघु उत्तर

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		वर्तमान परिदृश्य की व्याख्या करनां महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतकों की समीक्षा करना आरएमएनसीएच+एसे संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की व्याख्या करना मिडवाइफरी के रुझान और मुद्दों का पहचानना मिडवाइफरी अभ्यास के लिए प्रासंगिक विधिक और नैतिक मुद्दों पर चर्चा करना	• वर्तमान परिदृश्यः ○ भारत में मातृत्व देखभाल के रुझान ○ भारत में मिडवाइफरी – भारत में संबंध आधारित और परिवर्तनकारी मिडवाइफरी अभ्यास के लिए रूपांतरणीय शिक्षा • महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतक – मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, नवजात मृत्यु दर, प्रसवकालीन मृत्यु दर, प्रजनन दर ○ मातृ मृत्यु आंकलन • आरएमएनसीएच+ए (प्रजननीय मातृ नवजात शिशु और बाल स्वास्थ्य + किशोर स्वास्थ्य) से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम **मिडवाइफरी एवं ओबीजी नर्सिंग के वर्तमान रुझानः** • सम्मानजनक मातृत्व एवं नवजात देखभाल (आरएमएनसी) • मिडवाइफ की अगुवाई वाली देखभाल इकाइयां (एमएलसीयू) • महिला आधारित देखभाल, दैहिक प्रसव और जन्म का विकेंद्रीकरण • प्रसव केंद्र, जल जन्म, कमल जन्म • मिडवाइफरी अभ्यास के लिए आवश्यक दक्षता (आईसीएम) • गर्भवती महिलाओं के सार्वभौमिक अधिकार • यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकार • महिला की अपेक्षाएं और देखभाल प्राथमिकताएं **भारत में मिडवाइफरी अभ्यास के विधिक प्रावधानः** • भारतीय उपचर्या परिषद्/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय विनियम • आईसीएम आचार संहिता • मातृ और नवजात देखभाल के नैतिक मुद्दे • दत्तक कानून, एमटीपी अधिनियम, प्रसवपूर्व नैदानिक परीक्षण (पीएनडीटी) अधिनियम, सरोगेट माताएं • विभिन्न स्थापनाओं (अस्पताल/ समुदायिक) में मिडवाइफ/नर्स प्रक्टिशनर मिडवाइफ की भूमिकाएं तथा उत्तरदायित्व • मिडवाइव्स के लिए अभ्यास का दायरा	• प्रदर्शन • रोल प्ले • निर्देशित पठन और निहित कार्यः आईसीएम दक्षताएं • परिदृश्य आधारित शिक्षा	• वस्तुनिष्ठ • निबंध • प्रश्नोत्तरी
II	6 (टी) 3 (एल)	मानव प्रजनन प्रणाली की एनाटॉमी और फिजियोलॉजी की समीक्षा करना	**मानव प्रजनन प्रणाली तथा गर्भाधान की एनाटॉमी और फिजियोलॉजी (मातृ, भ्रूण और नवजात शिशु फिजियोलॉजी)** **समीक्षाः** • महिला के प्रजनन अंग • महिला श्रोणि – हड्डियां, जोड़, स्नायु, प्लेन, मोटाई, लेंडमार्क, झुकाव, श्रोणि में बदलाव • भ्रूण खोपड़ी – हड्डियां, टांके, तालू, मोटाई,	• व्याख्यान • चर्चा • स्व–निर्देशन अध्ययन • मॉडल • वीडियो और फिल्में	• प्रश्नोत्तरी • लघु उत्तर • निबंध

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			मोल्डिंग • भ्रूण–श्रोणि संबंध • मासिक धर्म चक्र की फिजियोलॉजी, मासिक धर्म स्वच्छता • निषेचन, गर्भाधान और प्रत्यारोपण • भ्रूण का विकास • अपरा विकास और कार्य, अपरा अवरोध • भ्रूण की वृद्धि और विकास • भ्रूण परिसंचरण और पोषण		
III	12 (टी) 10 (एल) 40 (सी)	योग्य दंपतियों को गर्भाधान–पूर्व देखभाल प्रदान करना सामान्य गर्भावस्था की फिजियोलॉजी, आंकलन और प्रबंधन की व्याख्या करना पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही के पूरे समय मिडवाइफरी अभ्यास के ज्ञान, व्यवहार और कौशल का प्रदर्शन करना	**सामान्य गर्भावस्था का आंकलन और प्रबंधन (प्रसवपूर्व):** **गर्भावस्था से पूर्व देखभाल** • यौन विकास की समीक्षा (स्व–अध्ययन) • मानव लैंगिकता के सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहलू (स्व–अध्ययन) • गर्भधान–पूर्व देखभाल • गर्भाधान–पूर्व परामर्श (सामान्य जन्म के बारे में जागरूकता सहित), आनुवांशिकी परामर्श (स्व–अध्ययन) • योजनाबद्ध पितृत्व **गर्भावस्था का आंकलन और प्रसवपूर्व देखभाल (पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही)** **सामान्य गर्भावस्था** • गर्भावस्था के दौरान शारीरिक परिवर्तन • गर्भावस्था का आंकलन और पुष्टिः गर्भावस्था का निदान – संकेत, विभेदक निदान और पुष्टिकरण परीक्षण • मातृ पोषण और कुपोषण की समीक्षा • आरएमसी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए महिलाओं के साथ साझेदारी स्थापित करना • मातृत्व देखभाल में पिता की वचनबद्धता **प्रसवपूर्व देखभाल** **पहली तिमाही** • प्रसवपूर्व आंकलनः वृत्त लेना, शारीरिक परीक्षण, स्तन परीक्षण, प्रयोगशाला जांच • गर्भावस्था की छोटी–मोटी असहजताओं की पहचान और प्रबंधन • प्रसवपूर्व देखभालः भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार • प्रसवपूर्व परामर्श (जीवन शैली मे परिवर्तन, पोषण, साझा निर्णय लेना, जोखिम भरा व्यवहार, गर्भावस्था के दौरान यौन जीवन, टीकाकरण, आदि) • गर्भावस्था के दौरान खतरे के संकेत	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • स्व–अध्ययन • स्वास्थ्य चर्चा • रोल प्ले • परामर्श सत्र • मामले पर चर्चा/प्रस्तुति • सिमुलेशन • पर्यवेक्षित नैदानिक अभ्यास • एसबीए मॉड्यूल और सुरक्षित मातृत्व पुस्तिका का संदर्भ लें • प्रयोगशाला परीक्षण – प्रदर्शन और विवेचना • प्रदर्शन • रोल प्ले	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • चेक लिस्ट के साथ कौशल का आंकलन • मामले के अध्ययन का मूल्यांकन • ओएससीई

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• शिष्ट देखभाल और सहानुभूतिपूर्वक संवाद • रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंगः भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार • दौला/आशा की भूमिका **दूसरी तिमाही** • प्रसवपूर्व आंकलनः पेट टटोलना, भ्रूण आंकलन, भ्रूण हृदय गति नापना, डॉपलर और पिनार्ड स्टेथोस्कोप • भ्रूण की सेहत का आंकलनः डीएफएमसी, बायोफिजिकल प्रोफाइल, नॉन स्ट्रेस टेस्ट, कार्डियो–टॉकोग्राफी, यूएसजी, विब्रोएकॉस्टिक स्टिमुलेशन, जैव रासायनिक परीक्षण • प्रसवपूर्व देखभाल • महिला केंद्रित देखभाल • शिष्ट देखभाल और सहानुभूतिपूर्वक संवाद • आईएफए पर स्वास्थ्य शिक्षा, कैल्शियम और विटामिन डी पूरकता, ग्लूकोज सहिष्णुता परीक्षण, आदि • दूसरी तिमाही में शारीरिक परिवर्तनों और असहजताओं की शिक्षा और प्रबंधन • आरएच नकारात्मक और रोगनिरोधी एंटी–डी • निर्देशन और सहयोग, सशक्तिकरण • निरंतर जोखिम आंकलन • मातृ मानसिक स्वास्थ्य **तीसरी तिमाही** • प्रसवपूर्व आंकलनः पेट टटोलना, भ्रूण आंकलन, भ्रूण हृदय गति नापना, डॉपलर और पिनार्ड स्टेथोस्कोप • तीसरी तिमाही में शारीरिक परिवर्तनों और असहजताओं की शिक्षा और प्रबंधन • तीसरी तिमाही के परीक्षण और स्क्रीनिंग • देरी से होने वाले गर्भधारण में भ्रूण के साथ वचनबद्धता • बच्चा जनने की तैयारी से संबंधित कक्षाएं • प्रसव की तैयारी और जटिलताओं का सामना करने की तैयारी, माइक्रो–बर्थ योजना सहित • गर्भावस्था के दौरान खतरे के संकेत – टूटी हुई झिल्ली की पहचान • जन्म देने की वैकल्पिक स्थितियों पर प्रशिक्षण – महिलाओं की पसंदीदा स्थिति, बर्थ कम्पेनियन • निरंतर जोखिम आंकलन • सांस्कृतिक जरूरतें • महिला केंद्रित देखभाल • शिष्ट एवं सहानुभूतिपूर्वक संवाद • अनन्य स्तनपान पर स्वास्थ्य शिक्षा	• प्रसवपूर्व आंकलन का प्रदर्शन • परिदृश्य आधारित शिक्षा • व्याख्यान • सिमुलेशन • रोल प्ले • भारत सरकार के दिशानिर्देश का संदर्भ लेना • स्वास्थ्य चर्चा • परामर्श सत्र • जन्म देने की स्थितियों का प्रदर्शन • जन्म देने की वैकल्पिक स्थितियों पर कार्यशाला	

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• दौला/आशा की भूमिका		
IV	12 (टी) 12 (एल) 80 (सी)	सामान्य जन्म को बढ़ावा देने के लिए प्रसव की फिजियोलॉजी को लागू करना प्रसव के दौरान प्रबंधन और देखभाल की व्याख्या करना प्रसव के लिए सुरक्षित वातावरण बनाए रखने पर चर्चा करना प्रसव के दौरान दर्द प्रबंधन पर प्रभावी ढंग से काम करना चर्चा करें कि मिडवाइफ जन्म के दौरान महिलाओं को दैहिक जन्म और सामान्य जन्म को बढ़ावा देने के लिए कैसे देखभाल और सहायता प्रदान करती है जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशु की देखभाल और मूल्यांकन करना	**प्रसव के दौरान फिजियोलॉजी, प्रबंधन और देखभाल** • सामान्य प्रसव और जन्म • जन्म/प्रसव की शुरुआत • प्रति योनि परीक्षण (यदि आवश्यक हो) • प्रसव के चरण • प्रसव कक्ष का व्यवस्थापन – ट्राइएज, प्रसव की तैयारी • सकारात्मक प्रसव वातावरण • शिष्ट देखभाल एवं सहानुभूतिपूर्वक संवाद • भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रसव के दौरान उपयोग की जाने वाली औषधियां **पहला चरण** • सामान्य प्रसव की फिजियोलॉजी • पार्टोग्राफ का उपयोग करते हुए प्रसव में हुई प्रगति की निगरानी/प्रसव देखभाल गाइड • भ्रूण की सेहत का आंकलन और निगरानी • प्रसव के पहले चरण के दौरान साक्ष्य आधारित देखभाल • प्रसव के दौरान दर्द का प्रबंधन (गैर–औषधीय) • मनोवैज्ञानिक सहायता – भय प्रबंधन • प्रसव के पहले चरण के दौरान गतिविधि और अंग–संचालन • प्रसव के दौरान पोषण • महिलाओं के लिए सकारात्मक शिशु जन्म अनुभव को बढ़ावा देना • जन्म के समय साथी • दौला/आशा की भूमिका **दूसरा चरण** • फिजियोलॉजी (प्रसव तंत्र) • आसन्न प्रसव के संकेत • प्रसव के दौरान निगरानी • पसंदीदा प्रसव स्थिति • योनि परीक्षण • मनोवैज्ञानिक समर्थन • गैर–निर्देशित प्रशिक्षण • दैहिक प्रसव का साक्ष्य आधारित प्रबंधन/सामान्य शिशु जन्म का संचालन • आवश्यक नवजात शिशु देखभाल (ईएनबीसी) • नवजात शिशु का तुरंत आंकलन और देखभाल	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • बेडसाइड क्लीनिक • मामले पर चर्चा/प्रस्तुति • कृत्रिम अभ्यास • पर्यवेक्षित नैदानिक अभ्यास – प्रति योनि परीक्षण, सामान्य शिशु जन्म का संचालन • एसबीए मॉड्यूल का संदर्भ लें • लक्ष्य दिशानिर्देश • दक्षिता दिशानिर्देश • ईएनबीसी, एनएसएसके मॉड्यूल का संदर्भ लें • प्रदर्शन • दलीय कार्य • परिदृश्य आधारित शिक्षा	• निबंध • लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • मामले के अध्ययन का मूल्यांकन • चेक लिस्ट के साथ कौशल का आंकलन • ओएससीई

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• दौला/आशा की भूमिका **तीसरा चरण** • फिजियोलॉजी – नाल काटना और निकालना, रक्तस्तम्भन • प्रसव के तीसरे चरण का शारीरिक प्रबंधन • प्रसव के तीसरे चरण का सक्रिय प्रबंधन (अनुशंसित) • नाल, झिल्ली और वाहिकाओं की जांच • यदि आवश्यक हो तो मूलाधार, योनि फटने/चोटों और टांकों का आंकलन • प्रसवोत्तर आईयूसीडी लगाना • तात्कालिक मूलाधार देखभाल • स्तनपान की शुरुआत • त्वचीय संपर्क • नवजात पुनर्जीवन (होश में लाना) **चौथा चरण** **मां और नवजात शिशु का अवलोकन, जटिल विश्लेषण तथा प्रबंधन** • मातृ आंकलन, अवलोकन मौलिक ऊंचाई, गर्भाशय स्थिरता, मूत्र उत्पादन, रक्त की हानि • जन्म दस्तावेजीकरण और रिकॉर्ड • स्तनपान और लैचिंग • गर्भाशय की ऐंठन का प्रबंधन • वैकल्पिक/पूरक चिकित्सा • दौला/आशा की भूमिका • विभिन्न प्रसव अभ्यास • मां और नवजात शिशु के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षित वातावरण • रिकॉर्ड और रिपोर्ट तैयार करना	• सिमुलेशन • रोल प्ले • प्रदर्शन • वीडियो	
		महिला के जीवन में प्रसव और जन्म के प्रभाव पर परिवर्तनशील घटना के रूप में चर्चा करना स्तनपान और पर्याप्त लैचिंग की पहल सुनिश्चित करना			
V	7 (टी) 6 (एल) 40 (सी)	सूतिकावस्था की फिजियोलॉजी, प्रबंधन और सामान्य देखभाल की व्याख्या	**प्रसवोत्तर देखभाल/महिलाओं की निरंतर देखभाल** • सामान्य सूतिकावस्था – फिजियोलॉजी, अवधि • प्रसवोत्तर आंकलन और देखभाल – सुविधा और घरेलू देखभाल • परिधीय स्वच्छता और देखभाल • मूत्राशय और आंत्र के कार्य • सूतिकावस्था के मामूली विकार और इनका प्रबंधन • दुग्धपान की फिजियोलॉजी और दुग्धपान प्रबंधन • प्रसवोत्तर परामर्श और मनोवैज्ञानिक सहायता • सामान्य प्रसव के बाद के बच्चे का जन्म और प्रसवोत्तर अवसाद की पहचान	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • स्वास्थ्य चर्चा • कृत्रिम अभ्यास • पर्यवेक्षित नैदानिक अभ्यास • एसबीए मॉड्यूल का संदर्भ लें	• निबंध • लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • चेक लिस्ट के साथ कौशल का आंकलन • ओएससीई

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• पितृत्व परिवर्तन • शिशु जन्म से 6 सप्ताह तक महिला की देखभाल • सांस्कृतिक क्षमता (जन्म के बाद के आहार और प्रथाओं से संबंधित भ्रम) • स्तनपान के दौरान आहार – समीक्षा • प्रसवोत्तर परिवार नियोजन • प्रसवोत्तर माताओं की अनुवर्ती चिकित्सा • प्रसवोत्तर अवधि में इस्तेमाल की जाने वाली औषधियां • रिकॉर्ड और रिपोर्ट		
VI	7 (टी) 7 (एल) 40 (सी)	नवजात शिशु की करुणामयी, परिवार पर केंद्रित मिडवाइफरी देखभाल आवश्यकताओं पर चर्चा और प्रावधान सामान्य नवजात की देखभाल और आंकलन की व्याख्या	**सामान्य नवजात शिशुओं का आंकलन और निरंतर देखभाल** • परिवार पर केंद्रित देखभाल • शिष्ट नवजात देखभाल और संवाद • सामान्य नवजात – शारीरिक अनुकूलन • नवजात आंकलन • जन्मजात विसंगतियों की जांच • शिशु जन्म से 6 सप्ताह तक नवजात शिशु की देखभाल (नवजात शिशु की नियमित देखभाल) • त्वचीय संपर्क और तापमान लेना • संक्रमण रोकथाम • टीकाकरण • नवजात शिशु के मामूली विकार और उनका प्रबंधन	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • कृत्रिम अभ्यास सत्र • पर्यवेक्षित नैदानिक अभ्यास • सुरक्षित प्रजनन एप मॉड्यूल – नवजात प्रबंधन का संदर्भ लें • एसबीए मॉड्यूल का आंशिक संपादन	• निबंध • लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • चेक लिस्ट के साथ कौशल का आंकलन • ओएससीई

VII	8 (टी)
	2 (एल)
	40 (सी)
		परिवार नियोजन के विभिन्न तरीके और परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने में नर्स/दाई की भूमिका की व्याख्या करना	**परिवार नियोजन सेवाएं**
			• जल्दी/बार–बार प्रसव का प्रभाव
			• परिवार नियोजन के तरीकों के व्यापक प्रकार
			  ○ अस्थायी तरीके – हार्मोनल, गैर–हार्मोनल और बाधा तरीके
			  ○ स्थायी तरीके – पुरुष नसबंदी और महिला नसबंदी
			• विभिन्न परिवार नियोजन तरीकों को अपनाने की कार्रवाई, प्रभावशीलता, फायदे, नुकसान, मिथक, गलत धारणा और चिकित्सा पात्रता मानदंड (एमईसी)
			• आपातकालीन गर्भ निरोधक
			• गर्भनिरोध के बारे में हालिया रुझान और शोध
			• संतुलित परामर्श रणनीति (बीसीएस) का उपयोग करके परिवार नियोजन परामर्श
			• परिवार नियोजन के कानूनी पहलू और अधिकार
			• परिवार नियोजन के बारे में किशोरों के मानवाधिकार पहलू
				• व्याख्यान
				• पर्यवेक्षित अभ्यास
				• क्षेत्रीय दौरे
				• परिदृश्य आधारित शिक्षा
				• चर्चा
				• भारत सरकार के दिशानिर्देश – इंजेक्टैबल गर्भ निरोधक, मौखिक गर्भ निरोधक, आईयूसीडी, पुरुष और महिला नसबंदी
					• निबंध
					• लघु उत्तर
					• वस्तुनिष्ठ
					• क्षेत्रीय दौरों की रिपोर्ट
					• विगनेट्स

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		युवानुकूल सेवाओं और नर्स/दाई की भूमिका की व्याख्या करना लिंग आधारित हिंसा में नर्स/दाई की भूमिका को पहचानना	• युवानुकूल सेवाएं – एसआरएचआर सेवाएं, एसआरएचआर को प्रभावित करने वाली नीतियां और सेवाओं के प्रावधान में नर्सों और दाइयों का रवैया (समीक्षा) • अनुवर्ती और अनुशंसित समय का महत्व **एसआएच में लिंग संबंधी मुद्दे** • लिंग आधारित हिंसा – शारीरिक, यौन और दुर्व्यवहार, जीबीवी को प्रभावित करने वाले कानून और नर्स/दाई की भूमिका • प्रताड़ित लोगों के लिए विशेष अदालतें • परिवार नियोजन सहित संवेदनशील लैंगिक स्वास्थ्य सेवाएं		

व्यावहारिक

पदस्थापनः सत्र 6 एवं 7

सत्र–6ः दाई/प्रसूति और स्त्रीरोग (ओबोजी) नर्सिंग I

कौशल प्रयोगशाला और नैदानिकः कौशल प्रयोगशाला – 1 क्रेडिट (40 घंटे); नैदानिक – 3 क्रेडिट (240 घंटे)

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. महिला और उनके परिवार को गर्भाधान से पहले की देखभाल पर परामर्श देना
2. प्रयोगशाला परीक्षणों का प्रदर्शन, उदाहरण के लिए मूत्र गर्भावस्था परीक्षण
3. गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व आंकलन करना
4. सामान्य प्रसवपूर्व माताओं का आंकलन और देखभाल
5. प्रसवपूर्व माताओं के लिए विशिष्ट जांच में सहायता और प्रदर्शन करना
6. माताओं और उनके परिवार को प्रसवपूर्व देखभाल और पितृत्व की तैयारी पर परामर्श देना
7. बच्चे के जन्म (प्रसव) से संबंधित प्रशिक्षण कक्षाओं का संचालन करना
8. प्रसव कक्ष व्यवस्थित करना
9. प्रसव के दौरान माताओं को सम्मानजनक मातृत्व देखभाल प्रदान करने के लिए तैयारी करना एवं प्रदान करना
10. यदि संकेत दिया गया है, तो प्रसव के दौरान महिला का प्रति–योनि परीक्षण करना
11. आवश्यक नवजात देखभाल के साथ सामान्य शिशु जन्म का संचालन करना
12. नवजात शिशु को पुनर्जीवित करने में कौशल का प्रदर्शन
13. मातृत्व में परिवर्तन हेतु महिलाओं की सहायता करना
14. प्रसवोत्तर और नवजात शिशु का आंकलन
15. प्रसवोत्तर माताओं और उनके नवजात शिशु की देखभाल
16. प्रसवोत्तर और नवजात शिशु देखभाल पर माताओं को परामर्श
17. पीपीआईयूसीडी प्रविष्ट करना और निष्कासन करना
18. महिलाओं को परिवार नियोजन पर परामर्श देना और परिवार कल्याण सेवाओं में भाग लेना
19. युवानुकूल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना
20. यौन हिंसा से प्रभावित महिलाओं की पहचान, आंकलन, देखभाल और संदर्भित करना

कौशल प्रयोगशालाः प्रदर्शन और वापसी प्रदर्शन के लिए प्रक्रिया/कौशलः

1. मूत्र गर्भावस्था परीक्षण
2. ईडीडी की गणना, प्रसूति स्कोर, गर्भावधि सप्ताह
3. प्रसवपूर्व आंकलन
4. प्रसवपूर्व माताओं का परामर्श
5. सूक्ष्म जन्म योजना
6. पीवी परीक्षण

7. प्रसव के पहले चरण में निगरानी – पार्टोग्राफ की प्लॉटिंग और व्याख्या
8. प्रसव के लिए तैयारी – प्रसव कक्ष, सामग्री, उपकरणों का व्यवस्थापन
9. प्रसव प्रक्रिया – सामान्य
10. आवश्यक नवजात देखभाल के साथ सामान्य शिशु जन्म का संचालन
11. प्रसव के तीसरे चरण का सक्रिय प्रबंधन
12. नाल का परीक्षण
13. नवजात पुनर्जीवन (होश में लाना)
14. प्रसव के चौथे चरण के दौरान निगरानी
15. प्रसवोत्तर आंकलन
16. नवजात आंकलन
17. कंगारू मातृत्व देखभाल
18. परिवार नियोजन पर परामर्श देना
19. पीपीआईयूसीडी प्रविष्ट करना और निष्कासन करना

नैदानिक पदस्थापन (6 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह = 240 घंटे)

नैदानिक क्षेत्र	अवधि (सप्ताह)	नैदानिक अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
प्रसवपूर्व बाह्यरोगी विभाग (ओपीडी) और प्रसवपूर्व वार्ड	1 सप्ताह	प्रसवपूर्व आंकलन करना महिलाओं के प्रसवपूर्व प्रयोगशाला परीक्षण करना और चयनित प्रसवपूर्व नैदानिक प्रक्रियाओं में सहायता करना महिलाओं को प्रसवपूर्व परामर्श देना	• वृत्त लेखन • शारीरिक परीक्षा • प्रसूति परीक्षा • गर्भावस्था पुष्टि परीक्षण • मूत्र परीक्षण • हीमोग्लोबिन के लिए रक्त परीक्षण, ग्रुपिंग तथा टाइपिंग • मलेरिया के लिए रक्त परीक्षण • किक चार्ट • यूएसजी/एनएसटी • प्रसवपूर्व परामर्श • शिशु जन्म की तैयारी • जन्म की तैयारी और जटिलताओं का सामना करने की तैयारी	• प्रसवपूर्व टटोलना • स्वास्थ्य चर्चा • मामले का अध्ययन	• ओएससीई • मामले की प्रस्तुति
प्रसूति कक्ष	3 सप्ताह	पार्टोग्राफ का उपयोग करते हुए प्रसव की निगरानी करना प्रसव के दौरान महिलाओं को देखभाल प्रदान करना सामान्य शिशु जन्म का संचालन करना, मां की देखभाल और नवजात शिशु की तात्कालिक देखभाल करना	• प्रसवकाल में महिला का आंकलन • पार्टोग्राफ • इंगित किए जाने पर प्रति–योनि परीक्षण • प्रसव के पहले चरण के दौरान देखभाल • दर्द प्रबंधन तकनीक • प्रसव के दौरान सीधी और वैकल्पिक अंगस्थतियां • प्रसव के लिए तैयारी – सामग्री, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक • सामान्य शिशु जन्म का संचालन • नवजात शिशु की आवश्यक	• पार्टोग्राफ रिकॉर्डिंग • पीवी परीक्षण • सामान्य शिशु जन्म में सहायता/ संचालन करना • मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति • भगछेदन और टांके लगाना, यदि इंगित किया जाए • नवजात पुनर्जीवन (होश में लाना)	• निहित कार्य • मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति • ओएससीई

नैदानिक क्षेत्र	अवधि (सप्ताह)	नैदानिक अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
			देखभाल • नवजात पुनर्जीवन (होश में लाना) • प्रसव के तीसरे चरण का सक्रिय प्रबंधन • प्रसव के चौथे चरण के दौरान निगरानी और देखभाल		
प्रसवोत्तर क्लिनिक तथा प्रसवोत्तर वार्ड, परिवार नियोजन इकाई के साथ	2 सप्ताह	प्रसवोत्तर आंकलन करना सामान्य प्रसवोत्तर महिलाओं और नवजात शिशु की देखभाल करना प्रसवोत्तर परामर्श देना परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान करना	• प्रसवोत्तर आंकलन • सामान्य प्रसवोत्तर माताओं की देखभाल करना • सामान्य नवजात शिशु की देखभाल करना • स्तनपान प्रबंधन • प्रसवोत्तर परामर्श • प्रसवोत्तर और नवजात देखभाल पर स्वास्थ्य शिक्षण • परिवार कल्याण परामर्श	• प्रसवोत्तर आंकलन • नवजात आंकलन • मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति • पीपीआईयूसीडी प्रविष्ट करना और निष्कासन करना	• निहित कार्य • मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति

टिप्पणीः छटे सत्र के दौरान एसबीए मॉड्यूल का आंशिक संपादन

व्यावहारिक

सत्र–7: दाई/प्रसूति और स्त्रीरोग (ओबीजी) नर्सिंग II

कौशल प्रयोगशाला और नैदानिकः कौशल प्रयोगशाला – 1 क्रेडिट (40 घंटे); नैदानिक – 4 क्रेडिट (320 घंटे)

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. महिलाओं की प्रसवपूर्व जटिलताओं की पहचान करना, उन्हें स्थिर करना और संदर्भित करना
2. प्रसवपूर्व जटिलताओं वाली महिलाओं को देखभाल प्रदान करना
3. गर्भपात के बाद देखभाल करना और परामर्श प्रदान करना
4. असामान्य योनि प्रसव और सीजेरियन सेक्शन के संचालन में सहायता
5. नवजात शिशु को पुनर्जीवित करने में कौशल का प्रदर्शन
6. प्रसव के दौरान जटिलताओं में सहायता करना और प्रबंधन
7. प्रसवोत्तर और नवजात शिशु की जटिलताओं को पहचानना, संयत करना और उन्हें संदर्भित करना
8. नर्सिंग प्रक्रिया दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए उच्च जोखिम वाले प्रसवपूर्व, प्रसवकालीन और प्रसवोत्तर महिलाओं और उनके परिवारों की देखभाल करना
9. उच्च जोखिम वाले नवजात शिशु की देखभाल करना
10. मिडवाइफरी और ओबीजी नर्सिंग में उन्नत नैदानिक प्रक्रियाओं में सहायता करना
11. गर्भाधान के अलावा समय में महिलाओं की देखभाल करना
12. स्त्रीरोग संबंधी विकारों से पीड़ित महिलाओं का आंकलन करना और उनकी देखभाल करना
13. विशिष्ट स्त्री रोग प्रक्रियाओं के संचालन में सहायता करने में कौशल का प्रदर्शन करना
14. बांझ दंपत्तियों को परामर्श देना और देखभाल करना

कौशल प्रयोगशालाः प्रदर्शन और वापसी प्रदर्शन के लिए प्रक्रिया/कौशलः

1. प्रसवपूर्व आंकलन और जटिलताओं की पहचान करना
2. गर्भपात के बाद देखभाल करना और परामर्श प्रदान करना
3. महिलाओं को प्रसवपूर्व जटिलताओं से सामना करने के लिए परामर्श देना
4. प्रसव प्रक्रिया – असामान्य
5. असामान्य योनि प्रसव और सीजेरियन सेक्शन के संचालन में सहायता करना

6. गर्भावस्था/प्रसवकाल/प्रसवोत्तर जटिलताओं का प्रबंधन (मामले का अध्ययन/सिम्युलेटेड परिदृश्य)
7. मैग्नीशियम सल्फेट इंजैक्शन लगाना
8. पीपीएच के लिए ऑक्सीटोसिन ड्रिप शुरू करना और बनाए रखना
9. पीपीएच प्रबंधन – गर्भाशय का दोतरफा संपीड़न
10. पीपीएच प्रबंधन – बैलून टैम्पोनैड
11. प्रसूति और स्त्री रोग में प्रयुक्त उपकरण
12. एसिटिक एसिड के साथ गर्भाशय ग्रीवा का दृश्टिक निरीक्षण
13. ग्रीवा बायोप्सी
14. स्तन परीक्षण
15. बांझ दंपत्तियों को परामर्श देना

नैदानिक पदस्थापन (8 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह = 320 सप्ताह)

नैदानिक क्षेत्र	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
प्रसवपूर्व बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी)/ इनफर्टिलिटी क्लिनिक/ प्रजनन चिकित्सा और प्रसवपूर्व वार्ड	2 सप्ताह	चयनित उन्नत प्रसवपूर्व नैदानिक प्रक्रियाओं में प्रदर्शन और सहायता करना गर्भावस्था की जटिलताओं वाली महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल प्रदान करना प्रसवपूर्व माताओं का परामर्श गर्भपात के पश्चात देखभाल प्रदान करना और प्रसवोत्तर परामर्श प्रदान करना बांझ दंपतियों को परामर्श और सहायता प्रदान करना	• किक चार्ट, डीएफएमसी • एनएसटी/सीटीजी/यूएसजी में सहायता करना • उन्नत नैदानिक प्रक्रियाओं में सहायता करना • गर्भावस्था की जटिलताओं वाली महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल • प्रसवपूर्व परामर्श • शिशु जन्म, जन्म की तैयारी और जटिलताओं का सामना करने की तैयारी • गर्भपात के पश्चात की देखभाल • गर्भपात के पश्चात का परामर्श • बांझ दंपत्तियों का परामर्श	• प्रसवपूर्व टटोलना • स्वास्थ्य वार्ता • मामले का अध्ययन	• सिमुलेशन • मामले की प्रस्तुति • ओएससीई
प्रसूति कक्ष	2 सप्ताह	सामान्य शिशु जन्म संचालित करना असामान्य प्रसव संचालित करना/ सहायता करना पार्टोग्राफ का उपयोग करते हुए प्रसव की निगरानी करना प्रसव के दौरान जटिलताओं को पहचानना और प्रबंधित करना	• प्रसवकाल में महिला का आंकलन • पार्टोग्राफ • यदि इंगित किया गया हो तो प्रति योनि परीक्षण • प्रसूति परीक्षण • प्रसव के पहले चरण के दौरान देखभाल • दर्द प्रबंधन तकनीक • प्रसव के दौरान सीधी और वैकल्पिक अंगस्थितियां • प्रसव की तैयारी – सामग्री, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक • सामान्य शिशु जन्म का संचालन • नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल • नवजात पुनर्जीवन (होश में लाना) • प्रसव के तीसरे चरण का सक्रिय	• पार्टोग्राफ रिकॉर्डिंग • प्रसव के दौरान दर्द प्रबंधन • सामान्य शिशु जन्म का संचालन • असामान्य प्रसव में सहायता करना • प्रसव के दौरान जटिलता प्रबंधन • मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति	• निहित कार्य • मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति • सिमुलेशन • ओएससीई

नैदानिक क्षेत्र	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
			प्रबंधन • प्रसव के चौथे चरण के दौरान निगरानी एवं देखभाल • लंबे समय तक प्रसव, ग्रीवा संबंधित कष्टदायक प्रसव (सर्वाइकल डिस्टोसिया), सीपीडी, संकुचित श्रोणि की पहचान, स्थिरीकरण, संदर्भित करने एवं प्रबंधन में सहायता • असामान्य प्रसव के प्रबंधन में सहायता – पृष्ठ स्थिति, पैर की तरफ से प्रसव (उल्टा बच्चा पैदा होना), जुड़वां बच्चे पैदा होना, वैक्यूम निष्कर्षण, संदंश की सहायता से प्रसव, कंधा संबंधित कष्टदायक प्रसव (शोल्डर डिस्टोसिया) • गर्भाशय ग्रीवा की अतिक्रमण प्रक्रियाओं में सहायता, डी एंड सी, डी एंड ई • जनन मार्ग, बरकरार रखी गई नाल, प्रसवोत्तर रक्तस्राव, गर्भाशय की शक्तिहीनता को पहचानना, उसमें सहायता करना और प्रबंधन • प्रसूतिकालीन सदमे का प्रबंधन		
प्रसवोत्तर वार्ड	1 सप्ताह	प्रसवोत्तर आंकलन करना और प्रसवोत्तर जटिलताओं की पहचान करना प्रसवोत्तर देखभाल प्रदान करना परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान करना	• प्रसवोत्तर वृत्त लेखन और शारीरिक परीक्षा • प्रसवोत्तर जटिलताओं की पहचान • माताओं की प्रसवोत्तर देखभाल – असामान्य, सीजेरियन सेक्शन • सामान्य नवजात शिशु की देखभाल • स्तनपान प्रबंधन • प्रसवोत्तर परामर्श • प्रसवोत्तर और नवजात देखभाल पर स्वास्थ्य शिक्षण • परिवार कल्याण परामर्श	• स्वास्थ्य वार्ता • प्रसवोत्तर आंकलन • नवजात आंकलन • मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति • आईयूसीडी लगाना और निकालना	• रोल प्ले • निहित कार्य • मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति • सिमुलेशन • विगनेट्स • ओएससीई
नवजात गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू)	1 सप्ताह	नवजात शिशु का आंकलन करना और जटिलताओं/ जन्मजात विसंगतियों को पहचानना नवजात को पुनर्जीवन देना उच्च जोखिम वाले नवजात शिशु की देखभाल नवजात शिशुओं को वेंटिलेटर, इनक्यूबेटर आदि में देखभाल प्रदान करना विशेष नवजात प्रक्रियाओं में सहायता करना/प्रदर्शन करना	• नवजात शिशु का आंकलन – जटिलता, जन्मजात विसंगतियों की पहचान • नवजात शिशु का अवलोकन • नवजात पुनर्जीवन (होश में लाना) • नवजात शिशु की फोटोथेरेपी और पीलिया का प्रबंधन • विनिमय आधान में सहायता • नवजात को भोजन देना – चम्मच और कटोरी से, पलाडाई, एनजी ट्यूब • इनक्यूबेटर, वेंटिलेटर, वार्मर में बच्चे की देखभाल • नर्सरी में संक्रमण नियंत्रण	• मामले का अध्ययन • मामले की प्रस्तुति • निहित कार्य • कृत्रिम अभ्यास	• मामले की प्रस्तुति • देखभाल अध्ययन • देखभाल की योजना • सिमुलेशन • विगनेट्स • ओएससीई

नैदानिक क्षेत्र	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/ नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
			• नवजात शिशु की औषधियां • नवजात शिशु के लिए आईवी लाइन शुरू करना, दवा निर्धारण		
प्रसूति/स्त्री रोग ऑपरेशन थिएटर तथा स्त्री रोग वार्ड	2 सप्ताह	स्त्री रोग और प्रसूति शल्य चिकित्सा में सहायता करना स्त्री रोग संबंधी विकारों से पीड़ित महिलाओं की देखभाल	• सीजेरियन सेक्शन में अवलोकन/सहायता • बरकरार रखी गई नाल का प्रबंधन • स्त्री रोग संबंधी शल्य चिकित्सा • गर्भाशय–उच्छेदन • गर्भाशय फटना • स्त्रीरोगों से पीड़ित महिलाओं की देखभाल • स्वास्थ्य शिक्षा	• प्रसूति और स्त्री रोग शल्य चिकित्सा में सहायता करना • सीजेरियन सेक्शन के लिए ट्रे की व्यवस्था • देखभाल योजना	• निहित कार्य • प्रसूति और स्त्री रोग संबंधी शल्य चिकित्सा के लिए ट्रे की व्यवस्था • मामले का प्रस्तुतिकरण • सिमुलेशन • विगनेट्स

टिप्पणीः सातवें सत्र के दौरान एसबीए मॉड्यूल का पूर्ण संपादन

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग II

स्थापनः सत्र–7

सैद्धांतिक – 5 क्रेडिट (100 घंटे) इसमें प्रयोगशाला घंटे भी शामिल हैं

व्यावहारिक – नैदानिक – 2 क्रेडिट (160 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सों की विशेष भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों के व्यापक परिपेक्ष्य और विभिन्न विशेष स्वास्थ्य देखभाल स्थापनाओं में अभ्यास करने में मदद करने के लिए विकसित किया गया है। यह छात्रों को निरंतर आरोग्य और कल्याण के लिए समुदाय में वैयक्तिक और पारिवारिक आंकलन, निदान, उपचार और नर्सिंग प्रबंधन के लिए आवश्यक ज्ञान और दक्षता विकसित करने में मदद करता है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. पूर्व निर्धारित प्रोटोकॉल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित दवा संबंधी स्थायी आदेशों के अनुसार घर पर या क्लिनिक अथवा केंद्रों में आपातकालीन और प्राथमिक चिकित्सा देखभाल सहित सामान्य बीमारियों और विकारों वाले ग्राहकों को व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल/सामुदायिक देखभाल प्रदान करने के लिए प्रासंगिक अभ्यास दक्षताओं/कौशल का प्रदर्शन करना।
2. शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल स्थापनाओं में प्रजनन स्वास्थ्य सहित मातृ, नवजात और बच्चे को देखभाल प्रदान करना।
3. जनसांख्यिकीय विवरण के संग्रहण के तरीकों की व्याख्या करना।
4. जनसंख्या नियंत्रण और समाज पर इसके प्रभाव तथा परिवार के आकार को सीमित करने के दृष्टिकोण की व्याख्या करना।
5. व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरों, व्यावसायिक रोगों और व्यावसायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में नर्सों की भूमिका की व्याख्या करना।
6. वृद्धजनों की स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और प्राथमिक देखभाल, परामर्श और सहायक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना।
7. समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जांच में भाग लेना और उचित निर्देशन सेवाएं प्रदान करना।
8. एचएमआईएस, विश्लेषण और डेटा की व्याख्या के लिए डेटा संग्रहण के तरीकों पर चर्चा करना।
9. सामुदायिक निदान और हस्तक्षेप में स्वास्थ्य सूचना के प्रभावी प्रबंधन के बारे में चर्चा करना।
10. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण की प्रबंधन प्रणाली की व्याख्या करना।
11. वित्तीय सेवाओं के प्रबंधन और रिकॉर्ड और रिपोर्टों के रखरखाव सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), उपकेंद्रों (एससी) और सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं और कर्मियों के मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण और निगरानी में नेतृत्व की भूमिका की व्याख्या करना।
12. स्वास्थ्य कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी) में मध्य–स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं (एमएचसीपी) की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों की व्याख्या करना।
13. स्वास्थ्य दल के सदस्यों की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों की पहचान और उनकी कर्तव्यों की व्याख्या करना।
14. आपदा से लड़ने की तैयारियों और प्रबंधन के लिए खुद को और समुदाय को तैयार करने में पहल का प्रदर्शन करना।
15. प्रोटोकॉल के अनुसार उचित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन में कौशल का प्रदर्शन करना।
16. विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसियों की भूमिकाओं और कर्तव्यों की व्याख्या करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	10 (टी)	सामान्य विकारों/स्थितियों और आपातस्थिति वाले ग्राहकों की पहचान, प्राथमिक प्रबंधन और निर्देशन में नर्सों की भूमिका स्पष्ट करें जिसमें प्राथमिक उपचार शामिल हैं	**प्राथमिक चिकित्सा सहित सामान्य परिस्थितियों और आपात स्थितियों का प्रबंधन** • स्थायी आदेशः परिभाषा, उपयोग **जठरांत्र प्रणाली की जांच, निदान/पहचान, प्राथमिक देखभाल और निर्देशन** • पेट दर्द • मतली और उल्टी • दस्त • कब्ज़ • पीलिया • जठरांत्र प्रणाली में रक्तस्राव • पेट फूलना • निगलने में कठिनाई और अपच • अल्सर **श्वसन प्रणाली** • ऊपरी श्वांस पथ के तीव्र संक्रमण – नासाशोध, सिरानालशोथ, ग्रसनीशोथ, लैरींगाइटिस और टॉन्सिल • निचली श्वांस पथ के तीव्र संक्रमण – श्वसनीशोथ, निमोनिया और दमा • बलगम में खून आना, सीने में तीव्र दर्द **हृदय और रक्त** • हृदय के सामान्य रोग – दिल का दौरा/ कोरोनरी धमनी रोग, दिल की विफलता, अतालता • रक्त एनीमिया, रक्त कैंसर, रक्तस्राव विकार **आंख और ईएनटी की स्थितियां** • आंख – स्थानीय संक्रमण, आंख की लाली, नेत्रश्लेष्मलाशोथ (कंजक्टिवाइटिस), पुतली में टेढ़ापन (स्टाइ), कुकरे (ट्रैकोमा) और अपवर्तक त्रुटियां • ईएनटी – नकसीर (एपिस्टेक्सिस), असोम, गले में खराश, बहरापन **मूत्र प्रणाली** • मूत्र पथ के संक्रमण – मूत्राशयशोथ (सिस्टिटिस), वृक्कगोणिकाशोध (पायलोनेफ्राइटिस), प्रोस्टेटाइटिस, बच्चों में यूटीआई **सामान्य आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा – समीक्षा** • उच्च बुखार, कम रक्त शर्करा, मामूली चोट, अस्थिभंग, बेहोशी, रक्तस्राव, सदमा, चोट (स्ट्रोक), काटने, जलने, घुटन, दौरे, आरटीए, विषाक्तता, डूबने और विजातीय पदार्थ	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास • सामान्य परिस्थितियों वाले ग्राहकों का आकलन और निर्देशन करना	• लघु उत्तर • निबंध • क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट • ओएससीई आंकलन
II	20 (टी)	शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल स्थापनाओं में प्रजनन देखभाल सहित मातृ,	**प्रजनन, मातृ, नवजात, बच्चे और किशोर स्वास्थ्य (प्रसूति नर्सिंग और सामुदायिक स्थापना में आवेदन की समीक्षा)** • भारत में प्रजनन, मातृ और बाल स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले	• लघु उत्तर • निबंध • ओएससीई आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		नवजात शिशु और बच्चे को देखभाल प्रदान करना	**प्रसवपूर्व देखभाल** • उद्देश्य, प्रसवपूर्व दौरे और जांच, गर्भावस्था के दौरान पोषण, परामर्श • गर्भावस्था में कैल्शियम और आयरन पूरक • स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर प्रसवपूर्व देखभाल • प्रसव की तैयारी • उच्च जोखिम दृष्टिकोण– जांच / प्रारंभिक पहचान और जटिलताओं का प्राथमिक प्रबंधन – प्रसव के दौरान रक्तस्राव, पूर्वप्रसवाक्षेप (प्री–एक्लम्पसिया), प्रसवाक्षेप (एक्लेम्पसिया), एनीमिया, गर्भकालीन मधुमेह, हाइपोथायरायडिज्म, अपदंश (सिफलिस) • निर्देशन, अनुवर्ती देखभाल, रिकॉर्ड और रिपोर्ट का रखरखाव **प्रसवकालीन देखभाल** • सामान्य प्रसव – प्रक्रिया, शुरुआत, प्रसव के चरण • प्रसव के विभिन्न चरणों की निगरानी और सक्रिय प्रबंधन • प्रसव के बाद महिलाओं की देखभाल • प्रारंभिक पहचान, प्राथमिक प्रबंधन, निर्देशन और अनुवर्ती देखभाल – समय से पहले प्रसव, भ्रूण संकट, लंबे समय तक और बाधित प्रसव, योनि और बारहमासी आंसू (पेरिनियल टीअॅर्स), गर्भाशय का फटना • जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशु की देखभाल • रिकॉर्ड और रिपोर्ट का रखरखाव • सुरक्षित बच्चे के जन्म की जांच सूची का उपयोग • एसबीए मॉड्यूल – समीक्षा • प्रसव कक्ष की व्यवस्था **प्रसवोत्तर देखभाल** • उद्देश्य, प्रसव के बाद के दौरे, मां और बच्चे की देखभाल, स्तनपान, स्तनपान के दौरान आहार और स्वास्थ्य परामर्श • प्रारंभिक पहचान, प्राथमिक प्रबंधन, जटिलताओं का निर्देशन और अनुवर्ती देखभाल, खतरे के संकेत – प्रसवोत्तर रक्तस्राव, सदमा, जच्चा पूति (प्युपरल सेप्सिस), स्तनों की स्थिति, प्रसवोत्तर अवसाद • स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा प्रसवोत्तर दौरे **नवजात और बच्चे की देखभाल** • समीक्षाः आवश्यक नवजात देखभाल • सामान्य नवजात समस्याओं का प्रबंधन • सामान्य बाल स्वास्थ्य समस्याओं का प्रबंधनः निमोनिया, अतिसार, घाव का सड़ना (सेप्सिस), जन्मजात विसंगतियों और निर्देशन के लिए जांच • समीक्षाः आईएमएनसीआई मॉड्यूल • पांच वर्ष से कम उम्र वालों के क्लीनिक **किशोर स्वास्थ्य** • किशोर युवतियों और युवकों की सामान्य स्वास्थ्य	• सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे तथा क्षेत्रीय अभ्यास • प्रसवपूर्व, प्रसवोत्तर, नवजात, शिशु, प्रि–स्कूली बच्चे, स्कूली बच्चे और किशोरों का स्वास्थ्य आंकलन	

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देना तथा युवा अनुकूल सेवाएं	समस्याएं और जोखिम कारक • सामान्य स्त्रीरोग संबंधी स्थितियां – कष्टार्तव, प्रागार्तव (पीएमएस), योनि स्राव, स्तन की सूजन (मास्टिटिस), स्तन में गांठ, श्रोणि दर्द, श्रोणि अंगों का बढ़ाव • किशोर गर्भावस्था, विवाह की कानूनी उम्र के बारे में जागरूकता, किशोरों की पोषण संबंधी स्थिति, राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता योजना • युवा अनुकूल सेवाएंः ○ एसआरएच सेवा की जरूरत ○ नर्सों की भूमिका और रवैया – निजता, गोपनीयता, गैर–न्यायिक रवैया, ग्राहक स्वायत्तता, सम्मानजनक देखभाल और संचार • अभिभावक और किशोर उम्र वालों के लिए परामर्श (बीसीएस – संतुलित परामर्श रणनीति) **राष्ट्रीय कार्यक्रम** • RMNCH+A दृष्टिकोण – उद्देश्य, स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाना, RMNCH+A रणनीतियां, जीवन के विभिन्न स्तरों पर हस्तक्षेप, कार्यक्रम प्रबंधन, निगरानी और आंकलन प्रणाली • भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) – समीक्षा • राष्ट्रीय बाल स्वाथ्य कार्यक्रम (आरएसबीके) – बच्चे • राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यकम (आरकेएसके) – वयस्क • कोई अन्य नए कार्यक्रम	• किशोरों की जांच, प्रबंधन और निर्देशन • किशोरों का परामर्श	
III	4 (टी)	जनसांख्यिकी की अवधारणाओं और दायरे पर परिचर्चा	**जनसांख्यिकी, निगरानी और डेटा की व्याख्या** • जनसांख्यिकी और महत्वपूर्ण आंकड़े – जनसांख्यिकीय चक्र, विश्व जनसंख्या रुझान, महत्वपूर्ण आंकड़े • लैंगिक अनुपात और बाल लैंगिक अनुपात, भारत में लैंगिक अनुपात के रुझान, कारक और सामाजिक प्रभाव • महत्वपूर्ण आंकड़ों के स्रोत – जनगणना, महत्वपूर्ण घटनाओं का पंजीकरण, नमूना पंजीकरण प्रणाली • रुग्णता और मृत्यु दर संकेतकः परिभाषा, गणना और व्याख्या • निगरानी, एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीपीएस), आईडीपीएस की व्यवस्था, सूचना प्रवाह और भारत में मां और बाल ट्रैकिंग प्रणाली (एमसीटीएस) • डेटा का संग्रहण, विश्लेषण, व्याख्या, उपयोग • समीक्षाः आम नमूना तकनीक – आयामी और गैर–आयामी तकनीक • डेटा का विभाजन	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास	• लघु उत्तर • निबंध
IV	6 (टी)	जनसंख्या विस्फोट और भारत के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर इसके प्रभाव	**जनसंख्या और उसका नियंत्रण** • जनसंख्या विस्फोट और व्यक्ति, समाज और देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर इसका प्रभाव • जनसंख्या नियंत्रण – महिला सशक्तिकरण;	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले	• लघु उत्तर • निबंध • ओएससीई आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		पर परिचर्चा जनसंख्या नियंत्रण के विभिन्न तरीकों की व्याख्या करना	सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास • परिवार का आकार सीमित करना – छोटे परिवार को बढ़ावा देना, अस्थायी जन्म अंतराल बढ़ाने के तरीके (प्राकृतिक, जैविक, रासायनिक, यांत्रिक विधियां आदि), अंतिम/टर्मिनल तरीके (ट्यूबेक्टॉमी, नसबंदी) • आपातकालीन गर्भनिरोधक • किशोरों की समस्याओं सहित प्रजनन, लैंगिक स्वास्थ्य पर परामर्श • चिकित्सीय गर्भपात और एमटीपी अधिनियम • राष्ट्रीय जनसंख्या स्थिरता कोष/ जेएसके (जनसंख्ता स्थिरता कोष) • परिवार नियोजन 2020 • राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम • परिवार कल्याण कार्यक्रम में एक नर्स की भूमिका	• सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास	• परिवार नियोजन पर परामर्श
V	5 (टी)	व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरों, व्यावसायिक रोगों और व्यावसायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में नर्सों की भूमिका की व्याख्या करना	**व्यावसायिक स्वास्थ्य** • व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे • व्यावसायिक रोग • ईएसआई अधिनियम • राष्ट्रीय/राजकीय व्यावसायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम • व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाओं में एक नर्स की भूमिका – व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले ग्राहकों की जांच, निदान, प्रबंधन और निर्देशन	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन
VI	6 (टी)	वृद्धजनों की स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और प्राथमिक देखभाल, परामर्श और सहायक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना	**जराचिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल** • वृद्धजनों की स्वास्थ्य समस्याएं • सामान्य जराचिकित्सीय रोगों का प्रबंधनः वृद्धजनों का परामर्श, सहायक उपचार • जराचिकित्सीय स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था • वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई) • वृद्धजनों के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम/योजनाएं • जराचिकित्सीय स्वास्थ्य सेवाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की भूमिका – स्वास्थ्य समस्याओं वाले वृद्धजनों की जांच, निदान, प्रबंधन और निर्देशन	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन	• वृद्धाश्रम के दौरे की रिपोर्ट • निबंध • लघु उत्तर
VII	6 (टी)	समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की व्याख्या करना और उचित निर्देशन सेवाएं प्रदान करना	**मानसिक स्वास्थ्य विकार** • मानसिक स्वास्थ्य विकारों की जांच, प्रबंधन, रोकथाम और निर्देशन • **समीक्षाः** ○ अवसाद, चिंता, तीव्र मनोविकृति, पागलपन (सिज़ोफ्रेनिया) ○ मनोभ्रंश ○ आत्महत्या ○ शराब और मादक द्रव्यों का सेवन ○ मादक द्रव्य उन्मूलन कार्यक्रम ○ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ○ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर स्वास्थ्य परामर्श • सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • परामर्श रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			○ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम • मानसिक रूप से बीमार ग्राहकों की जांच, उपचार की शुरूआत और अनुवर्ती देखभाल में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की भूमिका		
VIII	4 (टी)	सामुदायिक निदान और हस्तक्षेप में स्वास्थ्य सूचना के प्रभावी प्रबंधन के बारे में चर्चा करना	**स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस)** • स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली का परिचयः डेटा का आधार, रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंग प्रारूप, डेटा की गुणवत्ता के मुद्दे • समीक्षा : ○ मूल जनसांख्यिकी और महत्वपूर्ण आंकड़े ○ महत्वपूर्ण आंकड़ों के स्रोत ○ आम नमूना तकनीक, आवृत्ति वितरण ○ संग्रहण, विश्लेषण, डेटा की व्याख्या • सामुदायिक डेटा विश्लेषण के आंकलन और स्वास्थ्य कार्य योजना तैयार करने की आवश्यकता	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास • सामुदायिक निदान पर सामूहिक परियोजना – डेटा प्रबंधन	• सामूहिक परियोजना रिपोर्ट • निबंध • लघु उत्तर
IX	12 (टी)	ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण की प्रबंधन प्रणाली की व्याख्या करना	**सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रतिपादन का पबंधन** • सीएचसी, पीएचसी, एससी / एचडब्ल्यूसी की योजना, बजट और सामग्री प्रबंधन • आईपीएचएस मानकों के अनुसार जनशक्ति की योजना बनाना • **ग्रामीणः** ग्रामीण, एससी / एचडब्ल्यूसी, पीएचसी, सीएचसी, जिला, राजकीय और केंद्रीय अस्पतालों में सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था, कर्मचारी और सामग्री प्रबंधन • **शहरीः** मलिन बस्तियों (स्लम्स), डिस्पेंसरी, विशिष्ट क्लिनिकों, नगरपालिका और कारपोरेट अस्पतालों में सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली शहरी स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था, कर्मचारी और कार्य • रक्षा सेवाएं • संस्थागत सेवाएं • चिकित्सा और स्वास्थ्य की अन्य प्रणालियांः भारतीय चिकित्सा पद्धति, आयुष क्लीनिक, वैकल्पिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, निर्देशन प्रणाली, स्वदेशी स्वास्थ्य सेवाएं	• व्याख्यान • चर्चा • विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणालियों के दौरे • पर्यवेक्षित क्षेत्रीय अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट
X	15 (टी)	वित्तीय सेवाओं के प्रबंधन सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), उपकेंद्रों (एससी) और सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं और कर्मियों के मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण और निगरानी में नेतृत्व की भूमिका की व्याख्या करना	**नेतृत्व, पर्यवेक्षण और निगरानी** • डीपीएचएन, स्वास्थ्य आगंतुक, पीएचएन, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला), बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष), एडब्ल्यूडब्ल्यू और आशा के उत्तरदायित्व / कार्यों की समझ • मध्य–स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं (एमएलएचपी) की भूमिकाएं और उत्तरदायित्व • ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समितियां (वीएचएसएनसी): उद्देश्य, संरचना और भूमिकाएं तथा उत्तरदायित्व • स्वास्थ्य दल प्रबंधन • समीक्षाः नेतृत्व और पर्यवेक्षण – अवधारणाएं, सिद्धांत और विधियां • स्वास्थ्य में नेतृत्वः स्वास्थ्य सेवा स्थापनाओं में नेतृत्व,	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास	• एमपीएचडब्ल्यू, एचवी, आशा, एडब्ल्यूडब्ल्यू साथ बातचीत पर रिपोर्ट • प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना • निबंध • लघु उत्तर

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		स्वास्थ्य कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी) में मध्य–स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं (एमएचसीपी) की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों की व्याख्या करना	समुदाय के स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखना और स्वास्थ्य शिविर, ग्राम क्लीनिक का आयोजन करना • प्रशिक्षण, सहायक पर्यवेक्षण और निगरानी – अवधारणाएं, सिद्धांत और प्रक्रिया जैसे फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन **स्वास्थ्य केंद्रों (एससी) में वित्तीय प्रबंधन और लेखा तथा कम्प्यूटिंग** • ऐसी गतिविधियां जिनके लिए धनराशि प्राप्त होती है • लेखांकन और लेखाजोखा संबंधी आवश्यकताएं – लेखा सिद्धांत और नीतियां, लेखाजोखा पुस्तकों का रखरखाव, बुनियादी लेखांकन प्रविष्टियां, लेखा प्रक्रिया, भुगतान एवं व्यय, अचल परिसंपत्ति, एसओई रिपोर्टिंग प्रारूप, उपयोग प्रमाणपत्र (यूसी) रिपोर्टिंग • बजट तैयार करना • लेखा परीक्षा **रिकॉर्ड और रिपोर्टः** • **रिकॉर्ड और रिपोर्ट की अवधारणा** – महत्व, विधिक पहलू, उद्देश्य, रिकॉर्ड का उपयोग, रिकॉर्ड लेखन के सिद्धांत, रिकॉर्ड दर्ज करना • **रिकॉर्ड के प्रकार** – समुदाय से संबंधित रिकॉर्ड, रजिस्टर, बनाए रखने के लिए दिशानिर्देश • **रिपोर्ट लेखन** – उद्देश्य, गतिविधियों का प्रलेखन, रिपोर्ट के प्रकार • **मेडिकल रिकॉर्ड विभाग** – कार्य, मेडिकल रिकॉर्ड की फाइलिंग और प्रतिधारण • **इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स (ईएमआर)** – ईएमआर की क्षमताएं और घटक, इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड (ईएचआर), स्वचालन के स्तर, विशेषताएं, ईएचआर के लाभ और नुकसान • **रिकॉर्ड रखने और रिपोर्टिंग में नर्सों की जिम्मेदारी**		
XI	6 (टी)	आपदा से लड़ने की तैयारियों और प्रबंधन के लिए खुद को और समुदाय को तैयार करने में पहल का प्रदर्शन करना	**आपदा प्रबंधन** • आपदा के प्रकार और परिमाण • आपदा से लड़ने की तैयारियां • आपातकालीन तैयारियां • आपदाओं के दौरान आम समस्याएं और दूर करने के तरीके • बुनियादी आपदा आपूर्ति किट • आपातकालीन राहत उपायों और जीवन रक्षक तकनीकों के साथ आपदा प्रतिक्रिया • आपदा प्रबंधन मॉड्यूल का उपयोग	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • सुझाए गए क्षेत्रीय दौरे • क्षेत्रीय अभ्यास • मॉक ड्रिल • आपदा मॉड्यूल (एनडीएमए) राष्ट्रीय आपदा / भारतीय उपचर्या परिषद् – आपात स्थितियों में पहुंच	
XII	3 (टी)	प्रोटोकॉल के अनुसार उचित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन में	**जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन** • समुदाय में अपशिष्ट संग्रहण, छंटाई, ढुलाई और प्रबंधन	• व्याख्यान • चर्चा • अपशिष्ट प्रबंधन	• क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		कौशल का प्रदर्शन करना	• स्वास्थ्य केंद्र/क्लीनिक में अपशिष्ट प्रबंधन • जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन दिशानिर्देश – 2016, 2018 (समीक्षा)	स्थल का क्षेत्रीय दौरा	
XIII	3 (टी)	विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसियों की भूमिकाओं और कर्तव्यों की व्याख्या करना	**स्वास्थ्य एजेंसियां** • **अंतर्राष्ट्रीयः** WHO, UNFPA, UNDP, विश्व बैंक, FAO, UNICEF, यूरोपीय संघठन, रेड क्रॉस, USAID, UNESCO, ILO, CAR, CIDA, JHPIEGO, कोई अन्य • **राष्ट्रीयः** इंडियन रेड क्रॉस, इंडियन काउंसिल फॉर चाइल्ड वेलफेयर, फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, सेंट्रल सोशल वेलफ़ेयर बोर्ड, ऑल इंडिया वूमेंस कॉन्फ्रेंस, ब्लाइंड एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, कोई अन्य • **वोलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएचए)**	• व्याख्यान • चर्चा • क्षेत्रीय दौरे	• निबंध • लघु उत्तर

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग II

नैदानिक व्यावहारिक – 2 क्रेडिट (160 घंटे)

नैदानिक पदस्थापन (4 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह)

नैदानिक क्षेत्र	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता/नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
शहरी ग्रामीण	2 सप्ताह 2 सप्ताह	सामान्य परिस्थितियों/आपात स्थितियों वाले ग्राहकों की जांच, निदान, प्रबंधन और रेफरल	• सामान्य परिस्थितियों/आपात स्थिति वाले ग्राहकों की जांच, निदान, प्रबंधन और रेफरल	• स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित स्थायी आदेशों/प्रोटोकॉल के आधार पर जांच, निदान, प्राथमिक प्रबंधन और देखभाल • लघु व्याधियां – 2 • आपातकालीन – 1 • दांतों की समस्या – 1 • आंखों की समस्या – 1 • कान, नाक और गले की समस्या – 1	• नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन • पोस्टिंग के दौरान ओएससीई • अंतिम नैदानिक परीक्षा (विश्वविद्यालय)
		प्रसवपूर्व, प्रसवकालीन, प्रसवोत्तर और नवजात शिशु का आंकलन करना और देखभाल प्रदान करना	• प्रसवपूर्व, प्रसवकालीन, प्रसवोत्तर और नवजात शिशु का शारीरिक तथा पोषण संबंधी आंकलन करना और देखभाल प्रदान करना	• उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला – 1 • उच्च जोखिम वाले नवजात शिशु – 1 • आकलनः प्रसवपूर्व – 1, प्रसवकालीन – 1, प्रसवोत्तर – 1 और नवजात शिशु – 1 • स्वास्थ्य केंद्र पर सामान्य प्रसव का संचालन और प्रलेखन – 2	• नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन • ओएससीई

			• स्वास्थ्य केंद्र पर सामान्य प्रसव का संचालन करना • नवजात शिशु की देखभाल	• नवजात शिशु की तात्कालिक देखभाल और प्रलेखन – 1 • किशोर परामर्श – 1	
		किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देना	• किशोरों को परामर्श देना	• परिवार नियोजन परामर्श – 1 • पारिवारिक मामले का अध्ययन – 1 (ग्रामीण/शहरी)	
		परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान करना	• परिवार नियोजन के लिए परामर्श देना • अस्थायी गर्भ निरोधक वितरित करना – कंडोम, ओसीपी, आपातकालीन गर्भ निरोधक		• पारिवारिक मामले का मूल्यांकन
		व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्या वाले ग्राहकों की जांच, निदान, प्रबंधन और रेफरल	• व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्या वाले ग्राहकों की जांच, निदान, प्रबंधन और रेफरल	• व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले ग्राहकों की जांच, निदान, प्रबंधन और रेफरल –1	
		स्वास्थ्य समस्याओं वाले बुजुर्गों की जांच, आंकलन और प्रबंधन और उचित रेफरल	• बुजुर्गों का स्वास्थ्य आंकलन	• बुजुर्गों का शारीरिक और पोषण संबंधी स्वास्थ्य आंकलन – 1 • मानसिक स्वास्थ्य जांच सर्वेक्षण – 1	• नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन • ओएससीई
		मानसिक रूप से अस्वस्थ ग्राहकों की जांच, निदान, प्रबंधन और रेफरल	• मानसिक स्वास्थ्य जांच	• **सामूहिक परियोजनाः** सामुदायिक निदान – डेटा प्रबंधन	
		सामुदायिक निदान में भाग लेना – डेटा प्रबंधन	• सामुदायिक निदान में भागीदारी – डेटा प्रबंधन	• स्वास्थ्य केंद्र की गतिविधियों पर रिपोर्ट लिखना – 1	• परियोजना का मूल्यांकन
		स्वास्थ्य केंद्र की गतिविधियों में भाग लेना	• स्वास्थ्य केंद्र की गतिविधि रिपोर्ट लिखना	• प्रसवपूर्व/पांच वर्ष से कम उम्र वालों का क्लिनिक/ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन और संचालन – 1	
		समुदाय में क्लीनिक/ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन और संचालन करना	• क्लीनिक/शिविर का आयोजन और संचालन	• आपदा मॉक ड्रिल में भागीदारी • जैवचिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन स्थल का दौरा	
		आपदा से निपटने की तैयारी और प्रबंधन		• आयुष क्लिनिक का दौरा	
		जैवचिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया के महत्व को पहचानना और निरीक्षण करना	• आपदा मॉक ड्रिल में भागीदारी		

नर्सिंग शोध और सांख्यिकी

स्थापनः सत्र–7

सैद्धांतिकः 2 क्रेडिट (40 घंटे)

व्यावहारिकः प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला – 1 क्रेडिट (40 घंटे) नैदानिक परियोजना – 40 घंटे

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को शोध की बुनियादी अवधारणाओं, शोध प्रक्रिया और सांख्यिकी की समझ विकसित करने में सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। इसे आगे विभिन्न स्थापनाओं आवश्यकता–आधारित शोध अध्ययनों का संचालन/भागीदारी करने और गुणवत्ता नर्सिंग देखभाल प्रदान करने के लिए शोध निष्कर्षों का उपयोग करने के लिए संरचित किया गया है। व्यावहारिक के लिए आवंटित घंटों का उपयोग वैयक्तिक/सामूहिक शोध परियोजना के लिए किया जाएगा।

कार्यनिर्वाह क्षमताः पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. शोध प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान
2. शोध प्रश्न/समस्या कथन/परिकल्पना का निरूपण
3. चयनित शोध समस्या पर संबंधित साहित्यिक समीक्षा और सटीक ग्रंथ सूची तैयार करना
4. नमूना डेटा संग्रहण साधन तैयार करना
5. दिए गए विवरण का विश्लेषण और व्याख्या
6. अभिकलन, वर्णनात्मक आंकड़े और पारस्परिक संबंधों का अभ्यास
7. दिए गए चुनिंदा आंकड़ों पर आकृति और ग्राफ तैयार करना
8. शोध प्रस्ताव विकसित करना
9. सामूहिक/वैयक्तिक शोध परियोजना की तैयारी और संचालन

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक, पी – व्यावहारिक

इकाई	समय (घंटे)		अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
	टी	पी				
I	6		नर्सिंग में शोध, निबंधन, आवश्यकता और शोध के क्षेत्रों की अवधारणा की व्याख्या शोध प्रक्रिया के चरणों की व्याख्या साक्ष्य आधारित अभ्यास के उद्देश्यों और चरणों की व्याख्या	**शोध और शोध प्रक्रिया** • परिचय और नर्सिंग में शोध की आवश्यकता • शोध और नर्सिंग शोध की परिभाषा • वैज्ञानिक पद्धति के चरण • अच्छे शोध के लक्षण • शोध प्रक्रिया के चरण – अवलोकन • साक्ष्य आधारित अभ्यासः अवधारणा, अर्थ, उद्देश्य, ईबीपी प्रक्रिया के चरण और बाधाएं	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रकाशित अध्ययनों के उदाहरणों से अनुसन्धान प्रक्रिया के चरणों का वर्णन करना • किसी दिए गए क्षेत्र/वशेषता पर शोध प्राथमिकताओं का पहचानना • साक्ष्य आधारित अभ्यास के उदाहरणों को सूचीबद्ध करना	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
II	2	8	शोध समस्या और उद्देश्यों की पहचान और व्याख्या	**शोध समस्या/प्रश्न** • समस्या की पहचान • समस्या का विवरण • अच्छी शोध समस्या का मानदंड • लेखन के उद्देश्य और परिकल्पना	• व्याख्यान एवं चर्चा • समस्या और उद्देश्यों के विवरण लिखने का अभ्यास करना	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • शोध प्रश्नों/उद्देश्यों/परिकल्पना का निरूपण
III	2	6	संबंधित साहित्य की समीक्षा	**साहित्यिक समीक्षा** • स्थान • सूत्र • ऑनलाइन खोजः CINHAL, COCHRANE आदि	• व्याख्यान एवं चर्चा • चयनित शोध समस्या के लिए एक शोध रिपोर्ट/लेख की समीक्षा करने का	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • प्रस्तुत विषय पर साहित्यिक समीक्षा का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)		अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
